आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज * भानु सप्तमी”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 53 | उज्जैन, मंगलवार 10 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 7 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ईरान जंग पर विपक्ष का दोनों सदनों में हंगामा, चर्चा की मांग

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के पहले दिन की लोकसभा की कार्यवाही खत्म हुई। विपक्ष ने अमेरिकी-इजराइल और ईरान जंग पर जमकर हंगामा किया। विपक्ष जंग के बाद पश्चिम एशिया में बने हालातों का भारत पर असर पर चर्चा की मांग करता रहा। सरकार ने कहा कि विपक्ष स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ नो कॉन्फिडेंस मोशन लाई है, हम इस पर चर्चा करने पर तैयार हैं, विपक्ष चर्चा करे, लेकिन विपक्ष दूसरा मोशन ले आया है, जिसका विदेश मंत्री ने बहुत अच्छे से जबाव दिया है। इसके बाद सदन मंगलवार सुबह 11 बजे तक स्थगित किया गया। वहीं, आज विदेश मंत्री ने पहले राज्यसभा में और फिर लोकसभा में गल्फ देशों से भारतीयों की वापसी और एनर्जी संकट को लेकर तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा- इस समय ईरान की लीडरशिप से कॉन्टैक्ट मुश्किल है, लेकिन भारत शांति और बातचीत के पक्ष में है।

### सुप्रीम कोर्ट में प्याज-लहसुन को तामसिक मानने की याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने 5 पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन/जनहित याचिका फाइल की थीं। इनमें से एक कहा गया था कि प्याज और लहसुन में तामसिक या नेगेटिव एनर्जी होती है या नहीं इसके लिए रिसर्च की मांग की गई थी। इस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने एडवोकेट सचिन गुप्ता को फटकार लगाई। सीजेआई ने पूछा- आधी रात को ये सब पिटीशन ड्राफ्ट करते हो क्या? सीजेआई और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वकील की पांचों पीआईएल अस्पष्ट, फालतू और बेबुनियाद बताकर खारिज कर दीं। पिटीशनर ने जवाब दिया कि यह एक आम मुद्दा है और दावा किया कि गुजरात में खाने में प्याज के इस्तेमाल को लेकर कथित तौर पर एक तलाक हुआ था।

### पॉप सिंगर रिहाना के घर पर फायरिंग



**बेवर्ली हिल्स वाले घर पर महिला ने चलाईं 10 गोलियां, घर में मौजूद सिंगर सुरक्षित**

**मुंबई।** हॉलीवुड की मशहूर पॉप सिंगर रिहाना के घर के बाहर फायरिंग की घटना सामने आई है। इस घटना में रिहाना सुरक्षित हैं और कोई घायल नहीं हुआ है। लॉस एंजिल्स पुलिस ने इस मामले में एक 30 साल की महिला को हिरासत में लिया है। लॉस एंजिल्स पुलिस के मुताबिक, यह घटना कैलिफोर्निया (अमेरिका) के समय के अनुसार रविवार दोपहर करीब 1.21 बजे हुई। रिहाना के बेवर्ली हिल्स स्थित घर के गेट के सामने, सड़क के दूसरी तरफ खड़ी एक गाड़ी से 10 गोलियां चलाई गईं। लॉस एंजिल्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक गोली घर की दीवार को चीरते हुए आर-पार हो गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध महिला को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, जब घर के बाहर गोलियां चल रही थीं, तब रिहाना अपने घर के अंदर ही मौजूद थीं। हालांकि, हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस अभी इस बात की जांच कर रही है कि महिला ने रिहाना को ही निशाना बनाया था या इसके पीछे कोई और वजह थी। फिलहाल रिहाना की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सिर्फ मुंबई ही नहीं, गैंगस्टर्स ने विदेश में भी भारतीय सितारों को निशाना बनाया है। कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के 'कैप्स कैफे' पर तीन बार फायरिंग की गई थी। इस हमले के तार भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग और गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़े पाए गए थे। रिहाना के मामले में भी पुलिस अब अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन और गैंग्स के एंगल से जांच कर रही है। फिल्मी सितारों के घर पर फायरिंग का यह सिलसिला भारत से शुरू होकर अब हॉलीवुड तक जा पहुंचा है। अप्रैल 2024 में सलमान खान के मुंबई स्थित 'गैलेक्सी अपार्टमेंट' पर फायरिंग हुई थी, जिसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी।

### चुनाव आयुक्त ने कालीघाट में पूजा की, लोगों ने गो-बैक के पोस्टर लगाए

**कोलकाता।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार रविवार शाम को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तैयारियों का रिव्यू करने कोलकाता पहुंचे। 3 दिन चलने वाली चुनाव आयोग की फुल बेंच मीटिंग के बीच सोमवार को ज्ञानेश कुमार कालीघाट में पूजा करने पहुंचे। मंदिर के बाहर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने गो बैक के पोस्टर और काले झंडे दिखाए। इसके पहले रविवार को भी कोलकाता पहुंचने पर कुछ लोग उनके काफिले के सामने झंडे लेकर पहुंचे और नारेबाजी करते दिखे। इधर, बीजेपी के एक डेलीगेशन ने सोमवार को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की फुल बेंच से मुलाकात की और मांग की कि 2026 का पश्चिम बंगाल असेंबली चुनाव तीन फेज में ही कराया जाए।


### ईरान जंग से सेंसेक्स 1353 अंक गिरकर 77,566 पर बंद

**मुंबई।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के कारण शेयर बाजार में मार्च को बड़ी गिरावट रही। संसेक्स 1353 अंक (1.71%) नीचे 77,566 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 422 अंक (1.73%) की गिरावट रही, ये 24,028 पर बंद हुआ। आज बैंक, ऑटो, मेटल, एनर्जी और एफएमसीजी शेयरों में ज्यादा बिकवाली रही। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक अपने शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है। ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच छिड़ी जंग से निवेशकों की वेल्थ 22 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट गई है।

सीबीआई अफसर के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक, मनी लॉन्ड्रिंग केस में सुनवाई नहीं करने का आदेश

## दिल्ली शराब नीति केस-हाइकोर्ट का सभी 23 आरोपियों को नोटिस

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**



दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी।

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट आगे की सुनवाई तब तक टाल दे, जब तक हाईकोर्ट इस मामले पर आगे सुनवाई न कर ले।

ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को इस मामले में सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया था। इसी आदेश को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सीबीआई ने अपनी 974 पेज की याचिका में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने चार्ज फ्रेमिंग के चरण में ही मिनी-ट्रायल जैसा व्यवहार किया। कोर्ट ने पूरे सबूतों को विस्तार से जांचना शुरू कर दिया, जैसे कि पूरा केस चल रहा हो। जबकि इस स्तर पर केवल सरसरी नजर से मामला देखा जाता है।

### जांच अधिकारी के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन पर भी रोक

- सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एजेंसी फिलहाल डिस्चार्ज आदेश पर रोक नहीं चाहती, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ट्रायल कोर्ट का फैसला ईडी की मनी लॉन्ड्रिंग जांच को प्रभावित न करे।
- हाईकोर्ट ने एक्साइज पॉलिसी केस की जांच करने वाले सीबीआई ऑफिसर के खिलाफ डिपार्टमेंटल एक्शन लेने के ट्रायल कोर्ट के ऑर्डर पर रोक लगा दी है।
- दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 27 फरवरी को मामले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिय समेत 23 लोगों को बरी कर दिया था।
- फैसला आने के 6 घंटे के बाद ही सीबीआई ने इसके खिलाफ हाइकोर्ट में अपील कर दी थी। सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से इसे रद्द करने की मांग की है।
- वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं।

## नामीबियाई मादा चीता ज्वाला ने पांच शावकों को जन्म दिया

### कूनो नेशनल पार्क में बढ़ा कुनबा, अब भारत में कुल 53 चीते

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर**



श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से खुशखबरी आई है। नामीबियाई मादा चीता 'ज्वाला' ने 9 मार्च को 5 स्वस्थ शावकों को जन्म दिया। इसके साथ ही अब भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 53 हो गई है।

सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस जानकारी को साझा करते हुए इसे 'प्रोजेक्ट चीता' और वन्यजीव संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने लिखा- कूनो में आने के बाद ज्वाला ने यहां के वातावरण को पूरी तरह अपना लिया है और वह पार्क की सबसे सफल मादा चीताओं में शुमार हो गई है।

**तीसरी बार मां बनी नामीबियाई ज्वाला-** ज्वाला (पूर्व नाम सियाया) उन आठ चीतों में शामिल थी, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सितंबर 2022 में कूनो में छोड़ा था। यह ज्वाला का तीसरा प्रसव है। इससे पहले उसने मार्च 2023 में पहली बार 4 शावकों को जन्म दिया था, जिनमें से केवल एक- मुखी ही जीवित बचा था। जनवरी 2024 में 3 शावकों को जन्म देने के बाद अब 9 मार्च 2026 को तीसरी बार 5 शावकों को जन्म दिया है।

**वन विभाग कर रहा कड़ी निगरानी**

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ज्वाला और उसके पांचों नवजात शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। विशेषज्ञों की टीम सीसीटीवी और मैदानी निगरानी के जरिए शावकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर नजर रख रही है।

### दिल्ली से मैनचेस्टर की इंडिगो फ्लाइट बीच रास्ते से लौटी



**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली से मैनचेस्टर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 7 घंटे उड़ने के बाद वापस लौट आई। इंडिगो के एक अधिकारी ने बताया कि फ़्लाइट 6ए33 ने इथियोपिया और इरिट्रिया के बॉर्डर के पास यू-टर्न लिया और अब दिल्ली वापस आ गई। अधिकारी ने बताया कि मिडिल ईस्ट में चल रही जंग की वजह से आखिरी मिनट में एयरस्पेस पर रोक लग गई। जिसके बाद पायलट को बीच रास्ते से लौटने का फैसला लेना पड़ा। यह एयरक्राफ्ट सोमवार सुबह दिल्ली से यूनाइटेड किंगडम के शहर के लिए निकला था। ये 26 फरवरी के बाद इंडिगो की पहली दिल्ली-मैनचेस्टर फ़्लाइट थी।

ईरान बोला- मजबूरी में जंग लड़ रहे

### इजराइली हमले में ईरान के नए सुप्रीम लीडर घायल

**एजेंसी ▸▸ तेल अवीव**



अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 10वां दिन है। ईरान ने कहा है कि वह मजबूरी में जंग लड़ रहा है, यह उसकी पसंद नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि जंग देश पर जबरन थोपी गई है।

जब उनसे सीजफायर के लिए मध्यस्थता की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि फिलहाल इस तरह की बात करना गलत होगा। बघाई ने कहा कि इस समय सैन्य टकराव जारी है और ऐसे में देश की रक्षा के अलावा किसी दूसरे विषय पर चर्चा करना सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि ईरान ने इस जंग की शुरूआत नहीं की थी। उनके अनुसार देश को अपनी रक्षा के लिए लड़ना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्होंने तुर्किये, साइप्रस और अजरबैजान पर हमले से भी इनकार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह इन देशों की दिशा में ईरान की जमीन से कोई हमला शुरू नहीं किया गया।

इस बीच टाइम्स ऑफ इजराइल ने बताया कि ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। उन्हें बीती रात ईरान का नया सुप्रीम लीडर घोषित किया गया था।

## ईरान जंग से कच्चा तेल 2022 के बाद सबसे महंगा

### एक्सपर्ट बोले- 150 डॉलर तक पहुंच सकती है कीमत

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**



अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम साढ़े तीन साल के हाई पर पहुंच गए हैं। 9 मार्च को कारोबार के दौरान ये 25% बढ़कर 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। हालांकि बाद में ये थोड़ा नीचे आया और ये अब 105 डॉलर के करीब है। इससे पहले 2022 में रूस-यूक्रेन जंग से कच्चा तेल 100 डॉलर के पार निकला था।

**'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का लगभग बंद होना-** क्रूड ऑयल के दाम बढ़ने की सबसे बड़ी वजह 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का बंद होना है। ये करीब 167 किमी लंबा जलमार्ग है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ईरान जंग के कारण यह रूट अब सुरक्षित नहीं रहा है। खतरे को देखते हुए कोई भी तेल टैंकर वहां से नहीं गुजर रहा।

दुनिया के कुल पेट्रोलियम का 20% हिस्सा यहीं से गुजरता है। सऊदी अरब, इराक और कुवैत जैसे देश भी अपने निर्यात के लिए इसी पर निर्भर हैं। भारत अपनी जरूरत का 50% कच्चा तेल और 54% एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है। ईरान खुद इसी रूट से एक्सपोर्ट करता है।

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में, ईरान ने कतर, सऊदी अरब और कुवैत की ऑयल फैसिलिटीज पर ड्रोन हमले किए हैं।

### 21 लाख के लिए मुझ पर हमला किया- आशुतोष महाराज

**एजेंसी ▸▸ प्रयागराज**

'21 लाख रुपए के लालच में मुझ पर हमला किया और कराया गया। मुझे कोर्ट तक पहुंचने और सबूत देने से रोकने के लिए यह साजिश रची गई।'

यह दावा जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष महाराज ने किया है। आशुतोष, रविवार को रीवा एक्सप्रेस ट्रेन से प्रयागराज जा रहे थे। सुबह करीब 5 बजे कौशांबी में सिराथू रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन में उन पर जानलेवा हमला हुआ। हमलावर ने उनके नाक, चेहरे और हाथ पर वार किए। उन्हें प्रयागराज के कॉल्विन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। मेडिकल टेस्ट के बाद वह सर्किट हाउस पहुंचे।

मिडिल-ईस्ट युद्ध और कच्चा तेल महंगा होने से डॉलर मजबूत

## रुपया पहली बार 92.33 पर आया

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

भारतीय रुपया आज 9 मार्च को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 46 पैसे गिरकर 92.33 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। मिडिल ईस्ट में बिगड़ते हालात के बीच ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी और डॉलर के मजबूत होने की वजह से रुपए में यह बड़ी गिरावट आई है।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि जब तक युद्ध शांत नहीं होता, रुपए पर दबाव बना रह सकता है। इस साल रुपए में अब तक 2% से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। इससे चलते यह 2026 में दुनिया के इमर्जिंग मार्केट्स की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी में से एक बन गई है।

### कच्चा तेल एक हफ्ते में 25% महंगा हुआ

- रुपए में आई इस रिकॉर्ड गिरावट की सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल की कीमतों में आया उछाल है।
- **ब्रेंट क्रूड 117 पहुंचा:** मिडिल-ईस्ट में तनाव बढ़ने से सप्लाई रुकने का डर बढ़ गया है। सोमवार को ब्रेंट क्रूड 25% बढ़कर 117 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया।
- **50% का उछाल:** जब से ईरान के साथ युद्ध शुरू हुआ है, तेल की कीमतें लगभग 50% से ज्यादा बढ़ चुकी हैं।
- **भारत पर असर:** भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। तेल महंगा होने से रिफाइनिंग कंपनियों को ज्यादा डॉलर चुकाने पड़ रहे हैं, जिससे बाजार में डॉलर की मांग बढ़ गई और रुपया कमजोर हो गया।



**रुपया 92.19 पर खुला, लेकिन ट्रेडिंग शुरू होते ही गिरा-** रिजर्व बैंक ने पिछले गुरुवार की तरह ही सोमवार को भी बाजार खुलने से पहले हस्तक्षेप किया। इससे रुपया 92.19 के स्तर पर खुला, जो बाजार की उम्मीदों से थोड़ा बेहतर था। लेकिन, जैसे ही ट्रेडिंग शुरू हुई, निवेशकों और तेल कंपनियों की ओर से डॉलर की खरीदारी तेज हो गई।

## सोना आज 817 बढ़कर 1.60 लाख पर पहुंचा

**एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली**

सोना-चांदी के दाम में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद आज तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 817 रुपए बढ़कर 1.60 लाख पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी 2,080 रुपए बढ़कर 2.63 लाख पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.60 लाख रुपए प्रति किलो थी।

- **ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटी:** सोना एक शहर से दूसरे शहर ले जाने में ईंधन और भारी सुरक्षा का खर्च आता है। आयात केंद्रों से दूरी बढ़ने पर ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ जाती है, जिससे स्थानीय दाम बढ़ जाते हैं।
- **खरीदारी की मात्रा :** दक्षिण भारत जैसे इलाकों में खपत ज्यादा (करीब 40%) होने के कारण ज्वेलर्स भारी मात्रा में सोना खरीदते हैं। बल्कि खरीदारी पर मिलने वाली छूट का फायदा ग्राहकों को कम दाम के रूप में मिलता है।
- **लोकल ज्वेलरी एसोसिएशन:** हर राज्य और शहर के अपने ज्वेलरी एसोसिएशन (जैसे तमिलनाडु में मद्रास ज्वेलर्स एसोसिएशन) होते हैं। ये संगठन स्थानीय मांग और सप्लाई के आधार पर अपने इलाके के लिए सोने का रेट तय करते हैं।
- **पुराना स्टॉक और खरीद मूल्य:** ज्वेलर्स ने अपना स्टॉक किस रेट पर खरीदा है, यह भी मायने रखता है। जिन ज्वेलर्स के पास पुराने और सस्ते रेट पर खरीदा हुआ स्टॉक होता है, वे ग्राहकों से कम कीमत वसूल सकते हैं।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## न्यूज कॉलम

### यूजीसी रोलबेक- भोपाल आंदोलन के संबंध में बैठक



**उज्जैन।** यूजीसी विनीयम 2026 के अनुसार केवल सामान्य वर्ग को स्वसिद्ध दोषी ठहराना एवं सवर्ण समाज के विरुद्ध खुलेआम पक्षपात के विरुद्ध 8 मार्च को दिल्ली में सनातन समाज एवं करणी सेना द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया है। अभी तक केंद्र सरकार की ओर से कोई सकारात्मक रुख ना होने के कारण अब दिनांक 15 मार्च रविवार को कालियासोत मैदान भोपाल पर प्रदेश भर के सनातन समाज एवं सवर्ण समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इकट्ठा होंगे। उज्जैन जिले से अधिक संख्या में आंदोलनकारी पहुंचे इसके लिए एक बैठक पूर्व आईएएस डॉ. हीरालाल त्रिवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें क्षत्रिय महासभा के अनिल सिंह चंदेल एवं हरदयाल सिंह ठाकुर, ब्राह्मण महासभा से सुरेंद्र चतुर्वेदी एवं जियालाल शर्मा, करणी सेना से शैलेंद्र सिंह, कायस्थ महासभा से दिनेश श्रीवास्तव, सपाक्स से मानक लाल उपाध्याय, हरि सिंह पंड्या, अरुण पंड्या, गोकुल सिंह दरबार, अजेन्द्र त्रिवेदी आदि सम्मिलित हुए। सपाक्स के प्रवक्ता जेआर माहुरकर ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उज्जैन में कुछ पंपलेट बांटे जाएं एवं सनातन समाज एवं सवर्ण समाज के सभी संगठनों से अपील की जाए कि वो अपने समाज के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में भोपाल के 15 मार्च के आंदोलन में भाग लें। जब तक केंद्र सरकार यूजीसी विनियम वापस नहीं लेगी तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा।

### राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप हेतु मप्र दल की सिलेक्शन ट्रायल स्पर्धा



**उज्जैन।** इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्यप्रदेश मुख्यालय उज्जैन एवं इंदौर जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन के विशेष सहयोग से आगामी 28 एवं 29 मार्च को इंदौर के बॉस्केटबॉल स्टेडियम में 17वीं सीनियर मेंस एवं विमेंस बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश के चेयरमैन प्रेम सिंह यादव एवं वाइस प्रेसिडेंट इंजीनियर गजेंद्र मेहता ने बताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सहभागिता करने वाले मध्य प्रदेश के शरीर साधकों की चयन स्पर्धा देवास जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन के द्वारा मल्हार मार्तंड सभागृह में देवास में संपन्न हुई। उक्त स्पर्धा की चयन समिति में पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज, प्रादेशिक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके, (उज्जैन) इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन के संयुक्त सचिव एवं मध्य प्रदेश के महासचिव अतिन तिवारी, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक रोहित जेठवा, अकबर शेख अज्जू देवास थे। स्पर्धा का शुभारंभ देवास नगर पालिका के पार्षद विकास जाट, एडवोकेट चंद्रपाल सिंह सोलंकी, रेहान शेख ने किया। राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु मध्य प्रदेश की 'ए' टीम में जेताराम नायक, युवराज वर्मा, राहुल नरवरिया (इंदौर), उदय सिंह चौहान (विदिशा), सौरभ देवनाथ (नर्मदा पुरम), कमलेश चांगल, शोएब मोहम्मद (उज्जैन), मुश्ताक (नीमच), अक्षय यादव (इंदौर), बनवारीलाल गुर्जर (ग्वालियर), निर्मल कुमार सरयाम (बालाघाट) चयनित किए गए। मध्य प्रदेश की 'ई' टीम में मेघ श्याम धुरी (भोपाल), विष्णु कावरे (बालाघाट), विशाल तोमर (भोपाल) रूपेश सिंह ठाकुर (देवास), प्रमोद रघुवंशी (विदिशा), आवेश चौधरी (इंदौर), प्रदीप ठाकुर (देवास), विवेक रघुवंशी (गुना), हाशिम अली (भोपाल), शैलेंद्रशुक्ला (सतना), अनमोल तिवारी (जबलपुर) चयनित किए गए, इस अवसर पर स्पर्धा आयोजक रेहान शेख का विशिष्ट खेल अभिनंदन किया गया।

### निशांत यादव मित्र मंडली ने रंगपंचमी उत्सव बड़े हर्ष के साथ मनाया



**उज्जैन।** रंगपंचमी के पावन पर्व पर खजुर वाली मस्जिद चौराहा, गीता कालोनी चौराहे पर निशांत यादव द्वारा रंगपंचमी उत्सव मनाया गया। सभी मित्रों द्वारा रंग गुलाल पुष्प से होली खेली गई एवं एक दूसरे को रंग लगाकर रंगोत्सव की शुभकामानाए दी गई। यह जानकारी अशोक सोनगरा द्वारा दी गई।

# मां को प्रसन्न करने के लिए खाते हैं बासी भोजन

## चैत्र कृष्ण सप्तमी पर देश के घर-घर में शीतला माता की पूजा व बासी खाना खाने की धार्मिक मान्यता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

चैत्र कृष्ण सप्तमी पर देश के घर-घर में शीतला माता की पूजा व बासी खाना खाने की धार्मिक मान्यता है। शीतला माता को रोग शोक का शमन करनेवाली देवी माना गया है। इन्हें दरिद्रता दूर करनेवाली देवी कहा गया है। सबसे कौतुहल का विषय है शीतला माता की सवारी जो चित्रों और विग्रहों में गधे के रूप में दिखती है। शीतला माता को लेकर कुछ पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। एक पौराणिक कथानुसार एक बार शीतला माता ने मन में विचार किया कि आज मैं स्वयं धरती पर जाकर देखूँ कि कौन मेरी पूजा करता है और कौन मुझे मानता है। यही सोचकर शीतला माता धरती पर राजस्थान के डुंगरी गाँव में आईं। वहाँ आकर उन्होंने देखा कि इस गाँव में न तो उनका कोई मंदिर है और न ही उनकी पूजा होती है।

शीतला माता गाँव की गलियों में घूम रही थीं। तभी एक मकान की छत से किसी ने चावल का उबला हुआ पानी (मांड) नीचे फेंक दिया। वह खौलता हुआ पानी शीतला माता के ऊपर गिरा, जिससे उनके शरीर पर छाले पड़ गए और पूरे शरीर में भयंकर जलन होने लगी। शीतला माता इधर-उधर भागते हुए चिल्लाने लगीं– हाय! मैं जल गई, मेरा शरीर तप रहा है। कोई मेरी सहायता करो।





### कुम्हारन ने की सहायता

अपने घर के बाहर एक कुम्हारन बैठी हुई थी। उसने देखा कि एक बूढ़ी माई बहुत बुरी तरह जल गई है। उसके पूरे शरीर पर छाले पड़ गए हैं और वह जलन सहन नहीं कर पा रही है। कुम्हारन ने करुणा से कहा– माँ, आप यहाँ आकर बैठ जाइए। मैं आपके ऊपर ठंडा पानी डालती हूँ। उस कुम्हारन ने बूढ़ी माई के शरीर पर खूब ठंडा पानी डाला और फिर बोली– माँ, मेरे घर में रात की बनी हुई राबड़ी और थोड़ा दही रखा है। आप दही-राबड़ी खा लीजिए। जब बूढ़ी माई ने ठंडी ज्वार के आटे की राबड़ी और दही खाया, तो उनके शरीर को ठंडक मिली। फिर कुम्हारन बोली– माँ, आपके बाल बिखरे हुए हैं। आइए, मैं आपकी चोटी गूँथ देती हूँ। जब वह कंघी कर रही थी, तभी उसकी दृष्टि बूढ़ी माई के सिर के पीछे पड़ी। उसने देखा कि वहाँ एक आँख छिपी हुई है। यह देखकर वह डर के मारे भागने लगी। तभी बूढ़ी माई ने कहा– रुक जा बेटी, मत डर। मैं कोई भूत-प्रेत नहीं हूँ। मैं शीतला देवी हूँ। मैं तो धरती पर यह देखने आई थी कि कौन मुझे मानता है और कौन मेरी पूजा करता है। इतना कहते ही माता अपने वास्तविक रूप में प्रकट हो गईं–चार भुजाओं वाली, हीरे-जवाहरात के आभूषण धारण किए हुए और सिर पर स्वर्ण मुकुट लगाए हुए, मां के दर्शन कर कुम्हारन बहुत खुश हुई।

### ऐसे बना गधा सवारी

माता के दर्शन कर कुम्हारन सोचने लगी कि अब वह इस माता को कहाँ बैठाए, क्योंकि वह बहुत गरीब थी। माता ने उसके मन की बात जान ली और बोलीं– बेटी, तू किस सोच में पड़ गई है? कुम्हारन ने हाथ जोड़कर, आँखों में आँसू भरते हुए कहा– माँ, मेरे घर में चारों ओर दरिद्रता फैली हुई है। न मेरे पास चौकी है, न बैठने का आसन। मैं आपको कहाँ बैठाऊँ? यह सुनकर शीतला माता प्रसन्न हुईं। उन्होंने कुम्हारन के घर के बाहर खड़े गधे पर बैठकर, एक हाथ में झाड़ू और दूसरे हाथ में डलिया ली। माता ने झाड़ू से उस कुम्हारन के घर की सारी दरिद्रता समेटकर डलिया में भर दी और उसे दूर फेंक दिया। फिर माता ने कहा– बेटी, मैं तेरी सच्ची भक्ति से बहुत प्रसन्न हूँ। अब तू मुझसे कोई भी वरदान माँग ले। कुम्हारन ने हाथ जोड़कर कहा– माँ, मेरी इच्छा है कि आप इसी डुंगरी गाँव में स्थापित होकर यहीं निवास करें। जैसे आपने मेरे घर की दरिद्रता झाड़ू से दूर की है, वैसे ही जो भी व्यक्ति होली के बाद आने वाली सप्तमी को श्रद्धा-भाव से आपकी पूजा करे, आपको ठंडा जल, दही और बासी ठंडा भोजन अर्पित करे–आप उसके घर की दरिद्रता भी दूर करना। आपकी पूजा करने वाली स्त्रियों का अखंड सुहाग बनाए रखना और उनकी गोद सदैव भरी रखना। साथ ही जो पुरुष शीतला सप्तमी के दिन नाई के यहाँ बाल न कटवाए, धोबी को कपड़े न दे, ठंडा जल, नारियल और फूल अर्पित कर परिवार सहित ठंडा-बासी भोजन करे–उसके व्यापार और काम-धंधे में कभी दरिद्रता न आए। माता ने कहा– तथास्तु बेटी। तूने जो भी वरदान माँगे हैं, मैं सब देती हूँ। साथ ही मैं तुझे यह आशीर्वाद देती हूँ कि धरती पर मेरी पूजा का मुख्य अधिकार केवल कुम्हार जाति को ही होगा। उसी दिन से डुंगरी गाँव में शीतला माता की स्थापना हुई और उस गाँव का नाम पड़ा शील की डुंगरी। शील की डुंगरी भारत का एकमात्र मुख्य शीतला माता मंदिर माना जाता है। वहाँ शीतला सप्तमी के अवसर पर विशाल मेला भरता है।

---

### नानाखेड़ा शांति पैलेस चौराहे पर सुरक्षा नियमों की खुली अनदेखी

# क्रेन पुल के ऊपर भारी सामान चढ़ाती, नीचे से निकल रहे वाहन

## लोगों की जान जोखिम में, हादसे के बाद भी जिम्मेदार एजेंसियां नहीं जागी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

इंदौर रोड शांति पैलेस चौराहे पर निर्माणाधीन पुल के नीचे से लगातार वाहनों की आवाजाही हो रही है। हैरानी की बात यह है कि पुल के ऊपर क्रेन से भारी गार्डर और निर्माण सामग्री चढ़ाई जा रही है, जबकि ठीक उसी समय नीचे से दोपहिया और चौपहिया वाहन गुजरते रहते हैं। तकनीकी दृष्टि से यह स्थिति बेहद खतरनाक मानी जाती है, क्योंकि निर्माण कार्य के दौरान ऐसे क्षेत्रों को पूरी तरह प्रतिबंधित रखा जाना चाहिए।मौके की स्थिति यह है कि एक ओर सड़क चौड़ीकरण और दूसरी ओर पुल निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके बावजूद ट्रैफिक डायवर्जन की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं की गई है। दोनों दिशाओं के वाहन एक ही संकरे मार्ग से गुजर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक रेंगते हुए निकल रहा है। रात के समय चेतावनी संकेत, बैरिकेडिंग और पर्याप्त रोशनी के अभाव में यह मार्ग और भी जोखिम भरा हो जाता है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है।

**सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं–** निर्माण स्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन भी सवालों के घेरे में है। विशेषज्ञों के अनुसार जब क्रेन से भारी गार्डर या कंक्रीट संरचनाएं उठाई जाती हैं, तब नीचे के क्षेत्र को पूरी तरह खाली कर सेफ्टी एक्सक्लूजन जोन बनाया जाता है। लेकिन यहां इसके उलट वाहन और पैदल लोग उसी क्षेत्र से गुजरते दिखाई देते हैं।

पिछले दिनों इस पुल के एक पिलर पर काम करते समय झारखंड के एक मजदूर की दबने से मौत हो चुकी है। इसके बावजूद हादसे वाले पिलर के नीचे से ट्रैफिक को नहीं रोका जा रहा है। यह स्थिति निर्माण एजेंसी और निगरानी करने वाली संबंधित विभागीय इकाइयों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।



#### मार्ग पर वाहनों का अधिक दबाव रहता

इंदौर और बड़नगर बायपास से आने वाले वाहनों के लिए महाकाल क्षेत्र की ओर जाने वाला प्रमुख रास्ता है, इसलिए यहां यातायात का दबाव भी अधिक रहता है। बावजूद इसके न तो वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया है और न ही ट्रैफिक को व्यवस्थित ढंग से डायवर्ट किया गया है।

#### ये सवाल

- पुल निर्माण के दौरान नीचे नो-ट्रैफिक सेफ्टी जोन क्यों नहीं बनाया गया?
- क्रेन से भारी सामान चढ़ाते समय ट्रैफिक चलाने की अनुमति किसने दी?
- मजदूर की मौत के बाद भी हादसे वाले पिलर के नीचे आवाजाही क्यों जारी है?
- क्या निर्माण एजेंसी ने साइट का सेफ्टी ऑडिट और रिस्क असेसमेंट कराया था?
- इतने व्यस्त मार्ग पर ट्रैफिक डायवर्जन और अस्थायी वैकल्पिक मार्ग क्यों नहीं बनाया गया?

---

# सड़क चौड़ीकरण के विरोध में सराफा बाजार रहा बंद

## व्यापारी बोले-रोड चौड़ी हुई तो कारोबार बंद हो जाएगा, रैली निकालकर विरोध जताया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गोपाल मंदिर से महाकाल चौराहे तक सड़क चौड़ीकरण के टेंडर जारी होने के बाद व्यापारियों का विरोध शुरू हो गया है। रहवासी महासंघ के आह्वान पर गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, बर्तन बाजार, गुदरी बाजार एवं महाकाल चौराहा के व्यापारियों ने अपना व्यापार-व्यवसाय सोमवार को बंद रखा। व्यापारियों ने प्रशासन पर प्रस्तावित मनमाने चौड़ीकरण का विरोध कर वाहन रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

विरोध को लेकर व्यापारियों ने सोमवार को करीब 200 से अधिक दुकानें बंद रखकर प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया फिर बाइक रैली से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर चौड़ीकरण के विरोध में ज्ञापन सौंपा।

व्यापारी जितेश नीमा ने बताया कि सराफा एसोशिएशन, बर्तन बाजार और गुदरी बाजार एसोशिएशन ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध दर्ज कराया है। व्यापारियों का रोजगार प्रभावित नहीं हो, इसके लिए हमने अधिकारियों को बताया कि मात्र 15 फीट की गहराई वाली दुकानें हैं हमारी। उसमें भी चौड़ीकरण होगा तो हम कहा जाएंगे। रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा, प्रशासन को वैकल्पिक मार्ग सौंदर्यीकरण और ट्रैफिक सहित मार्ग में लगने वाले ठेले को हटाकर व्यवस्था बनानी चाहिए।

#### यह है सड़क चौड़ीकरण की योजना

गोपाल मंदिर से महाकाल मार्ग को 20 मीटर (यानि लगभग 65 फीट) चौड़ा बनाने की योजना एमआईसी ने पास की है। जिसके मुताबिक पटनी बाजार, बर्तन बाजार, गुदरी बाजार एवं महाकाल चौराहा तक दोनों ओर 12-12 फीट तक के भवनों एवं दुकानों को तोड़ा जाएगा।

---

# चौड़ीकरण से परेशानी कांग्रेस ने निगम को घेरा

## दोगुना मुआवजा और चौड़ाई कम करने की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण के काम से हो रही परेशानियों को लेकर शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम का घेराव किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि लगातार खुदाई के कारण आम लोगों, दुकानदारों और रहवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोयला फाटक से नगर निगम तक पैदल मार्च किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक कालूहेड़ा के इस्तीफे की मांग भी उठाई गई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि शहर के कई क्षेत्रों में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर लगातार खुदाई की जा रही है, जिससे आम नागरिकों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़कों पर धूल और अव्यवस्था के कारण आसपास के दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है, वहीं रहवासी भी परेशान हैं।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिन लोगों की संपत्तियां इस चौड़ीकरण कार्य में प्रभावित हो रही हैं, उन्हें अब तक उचित मुआवजा नहीं दिया गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि प्रस्तावित मार्गों की चौड़ाई को कम किया जाए और प्रभावित लोगों को बाजार मूल्य से दोगुना मुआवजा दिया जाए। साथ ही पीपली नाका और एमआर-4 रोड पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य से प्रभावित रहवासियों और व्यापारियों को राहत देने की भी मांग उठाई गई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पार्टी जनहित में आगे भी आंदोलन जारी रखेगी। उन्होंने नगर निगम के गेट पर ज्ञापन भी सौंपा। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि जितने भी चौड़ीकरण के काम चालू हैं, पूरे क्षेत्र के हर चौड़ीकरण मार्ग के रहवासियों और व्यापारियों का विरोध इस बात के लिए है कि उनके मार्गों की चौड़ाई को कम किया जाए।

---

### श्रीकृष्ण-सुदामा गेर निकलने के बाद 3 डंपर कचरा निकला

# 2 घंटे में 120 कर्मचारियों ने साफ की रोड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सफाई में हमेशा आगे रहने वाले इंदौर से सीख लेकर उज्जैन में भी रंगपंचमी पर हुए खराब हुई सड़कों को कुछ ही देर में साफ कर दिया। रविवार को श्रीकृष्ण सुदामा रंग उत्सव के बाद नगर निगम के सफाई मित्रों ने तत्परता दिखाते हुए पूरे मार्ग को साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। निगम ने इसकी पहले से ही तैयारी की थी। साथ ही शहर में जगह-जगह शीघ्र ही सफाई की।

इस दौरान मार्ग पर रंग, गुलाल, फूल, कपड़े और चप्पलें बड़ी मात्रा में थे, जिन्हें तत्काल साफ किया। 120 से अधिक सफाई मित्रों ने पूरे मार्ग को कम समय में साफ कर स्वच्छ बना दिया। संतनगर चौराहे से टावर चौक तक करीब डेढ़ किलोमीटर के दायरे में फैले कचरे को उठाने के लिए नगर निगम की 120 सफाई कर्मचारियों की टीम मौके पर तैनात रही।

**कचरा भरकर ट्रांसफर स्टेशन भेजा:** दोपहर 1 से 1.30 बजे के बीच जैसे ही रंगपंचमी पर्व का माहौल कम हुआ, सफाई मित्र मौके पर पहुंचे और 2 घंटे तक की सफाई के बाद पूरे क्षेत्र को साफ किया। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से 3 डंपर कचरा भरकर ट्रांसफर स्टेशन भेजा गया। सफाई मित्रों की तत्परता से कुछ ही समय में पूरे मार्ग को साफ कर क्षेत्र को फिर से स्वच्छ और व्यवस्थित बना दिया गया।



नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### निराकरण में लापरवाही पाये जाने पर कार्रवाई के निर्देश

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा (टीएल) के पत्रों के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की अधिकारीवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का त्वरित, सकारात्मक और निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परीक्षित झाडे, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, रिंकेश वैश्य, रोशन राय, निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### संकल्प से समाधान अभियान 31 मार्च तक चलेगा

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। संकल्प से समाधान अभियान आगामी 31 मार्च तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों की 63 सेवाओं और 40 योजनाओं के तहत आवेदकों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में अब तक आयोजित शिविरों में एक लाख 25 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार प्रदेश सरकार सुशासन और स्वराज के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश में 12 जनवरी से संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 14 मार्च को

**इंदौर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार आगामी 14 मार्च (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। नेशनल लोक अदालत में बीएसएनएल द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु जिला न्यायालय इंदौर एवं तहसील महू में बकाया लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड, एफटीटीएच सहित मोबाइल पोस्टपेड बिल संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निपटान किया जाएगा। बीएसएनएल के उपभोक्ताओं द्वारा अपने बकाया बिलों की राशि लोक अदालत में जमा करने पर उन्हें नियमानुसार 10 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की आकर्षक छूट का लाभ दिया जाएगा । उपभोक्ताओं के अनुरोध पर उन्हें पुनः लीज्ड सर्किट, लैंडलाइन, ब्रॉडबैंड एवं एफटीटीएच सहित मोबाइल सेवाएं प्रदाय की जाएंगी ।

### जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त करने पर विशेष जोर

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 'जल गंगा संवर्धन अभियान-2026' में प्रदेश की जल संपदा को सहेजने और नगरीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सुदृढ़ रणनीति तैयार की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार इस कार्य योजना का मुख्य ध्येय नगरीय निकायों में पारंपरिक जल स्रोतों का पुनरुद्धार करना और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखते हुए नागरिकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करना है। इस अभियान में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शासन ने सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया है कि वे नदियों, तालाबों, बावड़ियों और नालों के किनारों पर किए गए अतिक्रमण को चिह्नित कर तत्काल हटाने की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। जल संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त बनाने से न केवल उनके प्राकृतिक स्वरूप को लौटाया जा सकेगा। साथ ही वर्षा जल के निर्बाध प्रवाह से भू-जल स्तर में भी आशातीत वृद्धि होगी। अभियान में बुनियादी ढांचे और स्वच्छता कार्यों के लिए व्यापक वित्तीय प्रावधान किए गए हैं, जिसमें अमृत 2.0 से प्रदेश की 112 जल संग्रहण संरचनाओं, जिनका क्षेत्रफल लगभग 3315 एकड़ है, के जीर्णोद्धार के लिये 67 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

### शाम को उलटी दिशा में कार लाने पर हुआ था विवाद

# तुलहेड़ा टोल प्लाजा पर रात में जमकर हुई तोड़फोड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गरोठ मार्ग तुलाहेड़ा टोल प्लाजा पर रात में 8-10 लोगों द्वारा जमकर तोड़फोड़ की गई और कर्मचारियों से मारपीट की गई। शाम को उलटी दिशा में कार लाने पर विवाद हुआ था। मामले में पुलिस ने 3 प्रकरण दर्ज किये है।

पानबिहार पुलिस चौकी के गरोठ मार्ग तुलहेड़ा में टोल प्लाजा बना हुआ है। रविवार देर शाम उलटी दिशा में आ रही कार को टोल कर्मचारियों ने रोक दिया था। कार में देवेंद्र सिंह पिता विजेंद्र सिंह राठौड़ निवासी इंदिरा नगर चिमनगंज उज्जैन और मोहन सिंह पिता राजेंद्र सिंह चौहान निवासी पिपलिया हामा भेरूगढ़ सवार थे। जिनका विवाद टोलकर्मियों से हो गया। कार सवार दोनों युवकों के 2 अन्य साथी बाइक से आ गए जिनके चेहरे पर नकाब थे। उन्होंने टोल कर्मियों से मारपीट शुरू कर दी। विवाद होता देख टोल के अन्य कर्मचारी भी एकत्रित हो गए। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने टोल प्लाजा टीसी शैलेंद्र पिता कमलसिंह राजपूत निवासी काला पीपल राघवी की शिकायत पर मोहन सिंह चौहान और उसके साथियों के






### टोल बैरियर भी क्षतिग्रस्त कर दिया

टोल कर्मियों में दिलीपसिंह, कुलदीपसिंह और नीरज शर्मा घायल थे। दोनों ओर से प्रकरण दर्ज किए जाने के बाद पुलिस द्वारा घायलों को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा जा रहा था उसी बीच रात में बाइक पर सवार होकर 8-10 युवक दोबारा से टोल प्लाजा पर पहुंच गए, उन्होंने देर शाम गाड़ी निकालने पर हुए विवाद को लेकर गाली गलौज शुरू की और तोड़फोड़ शुरू कर दी। टोल प्लाजा का कम्प्यूटर कक्ष तोड़ दिया गया, सीसीटीवी कैमरे फोड़ दिए, यही नहीं टोल बैरियर भी क्षतिग्रस्त कर दिया। युवको ने 15-20 मिनट उपद्रव किया। पुलिस सूचना मिलने पर तुलाहेड़ा टोल प्लाजा पहुंचती उससे पहले सभी भाग निकले थे। टोल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। पुलिस में उक्त तोड़फोड़ के मामले में टोल प्लाजा के सिस्टम बेलिरेटर सचिन पिता रामस्वरूप पटेल निवासी जबलपुर हाल मुकाम टोल प्लाजा की शिकायत पर तोड़फोड़ करने वाले जयसिंह, तोमर रोहित चौधरी, अरुण बैरागी, गोपाल चौधरी और अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया।

### टोल प्लाजा पर लगातार हो रहे विवाद

जिले के ग्रामीण क्षेत्र में एक शहर से दूसरे शहर को जोड़ने वाले हाईवे मार्गों पर बने टोल प्लाजा पर लगातार विवाद होना सामने आ रहे हैं। तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाएं काफी बढ़ गई है। फरवरी माह में तराना थाना क्षेत्र के ए बी रोड रोजवास टोल पर दो बार विवाद और तोड़फोड़ के मामले सामने आए थे। तोड़फोड़ करने वाले बिना टोल शुल्क दिये का गाड़ी निकालना चाहते थे। बड़नगर मार्ग इंगोरिया थाना क्षेत्र के टोल पर भी पिछले माह विवाद और जाम की खबरें सामने आई थी, इंदौर रोड, देवास रोड टोल पर भी विवाद के मामले सामने आ चुके है।


### रंगपंचमी गेर धमाका: इंदौर रैफर दो घायलों की हालत स्थिर

# इवेंट कर्मचारी समेत 3 लोगों पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में रंगपंचमी पर रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई। यहां सिंधी कॉलोनी चौराहा के पास श्रीकृष्ण-सुदामा रंगोत्सव गेर में मुख्यमंत्री जिस मंच पर मौजूद थे, उससे महज 15 फीट की दूरी पर जोरदार धमाका हो गया। गेर के दौरान भीड़ के बीच सड़क के डिवाइडर के पास किसी ने कलर स्मोक स्काई शॉट पटाखा फोड़ दिया। इससे तेज धमाका हुआ और अफरा-तफरी मच गई। कई लोग घबराकर गिर पड़े। कुछ देर के लिए भगदड़ जैसे हालात बन गए। घटना में एक मीडियाकर्मी, बीजेपी के मंडल अध्यक्ष समेत 8 लोग घायल हो गए। सभी का निजी अस्पताल में इलाज कराया गया। दो गंभीर घायलों को इंदौर रेफर किया गया है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात की। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी की पहचान कर ली जाएगी।





### पुलिस ने तीन लोगों पर केस दर्ज किया

सीएम के कार्यक्रम के दौरान हुए धमाके के मामले में पुलिस ने इवेंट का काम करने वाले मुजीब नागोरी, शाकिर नागोरी और शानवाज निवासी शिकारी गली के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

### मल्टी शॉट फायरवर्क में हुआ था धमाका

श्रीकृष्ण सुदामा गेर में शामिल होने पहुंचे सीएम से महज 15 फीट की दूरी पर हुए धमाके की दैनिक भास्कर ने पड़ताल की। इसमें पता चला कि जिस धमाके की बात कही जा रही है, वह चाइना मेड मल्टी शॉट फायरवर्क था। इसे रिमोट के जरिए चलाया जाता है। एक बार में करीब 25 से 30 शॉट फायर होते हैं। इसमें रंगीन रोशनी, धुआं और धमाका भी होता है। कार्यक्रम के दौरान इसी मल्टी शॉट फायरवर्क में धमाका हुआ था। आमतौर पर इसे बड़े कार्यक्रमों, शादी समारोह या किसी इवेंट में स्टेज पर लगाया जाता है। लेकिन रविवार को गेर के दौरान आयोजन समिति के इवेंट मैनेजर ने इसे सड़क पर रखकर चला दिया।

### कपड़ों में लगी आग, चीख-पुकार मची

घायल मीडियाकर्मी प्रशांत यादव ने बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे सिंधी कॉलोनी चौराहा से लगभग 200 मीटर पहले श्रीकृष्ण-सुदामा गैर की शुरूआत होने वाली थी। रंग-गुलाल खेलने के लिए हजारों लोग वहां जमा थे। करीब 10 मिनट बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंच पर पहुंचे। उनका स्वागत चल रहा था, इसी बीच डिवाइडर के नजदीक जोरदार धमाका हुआ। ब्लास्ट इतना तेज था कि कुछ पल के लिए आंखों के सामने अंधेरा छा गया। चारों तरफ धुआं फैल गया। लोगों की चीख-पुकार सुनाई देने लगी। धुआं कम होने पर देखा कि कई लोग अपने कपड़ों में लगी आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। कुछ घायल हालत में भीड़ से दूर भाग रहे थे।

### महाकालेश्वर मंदिर से निकला ध्वज चल समारोह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में रंगपंचमी के अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। सुबह उन्होंने वीरभद्र जी और महाकाल ध्वज का पूजन किया, साथ ही तलवारबाजी भी की। इसी दिन शाम को श्री महाकालेश्वर मंदिर से एक भव्य ध्वज चल समारोह निकाला गया, जिसमें झांकियां और बैंड आकर्षण का केंद्र रहे।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में यह चल समारोह प्रतिवर्ष की परंपरा अनुसार रंगपंचमी महापर्व पर भगवान श्री वीरभद्र जी के पूजन के बाद निकाला जाता है। इस वर्ष के समारोह में विभिन्न आकर्षक झांकियां, बैंड और धार्मिक प्रस्तुतियां शामिल थीं। लगभग चार किलोमीटर लंबा यह चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा और अंततः पुनः मंदिर परिसर पहुंचा। चल समारोह में सबसे आगे बैंड दल था। इसके बाद वीरभद्र और कालिका माता की झांकियां, गणेश मालवा बैंड, नासिक ढोल, महाकाल के गर्भगृह दर्शन की झांकी और नंदी की सवारी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। यह चल समारोह महाकाल मंदिर से शुरू होकर महाकाल घाटी, तोपखाना, दौलतगंज, फव्वारा चौक, कंठाल, सती गेट, छत्री चौक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार और गुदरी चौराहा होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंचा।

# इंदौर में खड़ी बस में लगी आग

### शॉर्ट-सर्किट से हुई घटना, दो टैंक पानी डाल पाया काबू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के तिलक नगर थाना क्षेत्र में सोमवार शाम को एक निजी ट्रैवल्स की खड़ी बस में अचानक आग लग गई। घटना पिपल्याहाना इलाके में एक निजी ट्रैवल्स के मैदान की है। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। तिलक नगर टीआई मनीष लोधा के मुताबिक- तुरंत दो फायर फाइटर और दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकल कर्मियों ने करीब दो टैंक पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग लगने से बस को नुकसान पहुंचा है, हालांकि इस घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है।



### अग्निवीर सेना भर्ती के लिए आवेदन प्रारंभ

**इंदौर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी एक अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती संबंधी विस्तृत जानकारी एवं अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया कि इस बार सेना भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है।




### पंजीयन में फजीहत: खेत में गेहूं की फसल तैयार, किसान हो रहे परेशान

# पोर्टल पर नहीं गिरदावरी क्योंकि रिकॉर्ड में बटांकन ही दर्ज नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले किसानों को पंजीयन में ही परेशानी झेलना पड़ रही है। जिन किसानों ने ऑनलाइन रिकॉर्ड में बटांकन नहीं कराया। उनके पंजीयन में भी अड़चन आ गई। ऐसा ही मामला पंवासा में सामने आया है। केवल पंवासा और पांड्याखेड़ी क्षेत्र के ही 500 से ज्यादा किसान परेशान हैं। जिले में 93 हजार से ज्यादा किसान पंजीयन करा चुके हैं।

समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने वाले किसानों के लिए पंजीयन की तारीख भले ही बढ़ा दी, लेकिन सर्वर व तकनीकी दिक्कतों के कारण किसानों के सामने नई परेशानी खड़ी हो गई। पंवासा निवासी विमलकांता त्रिवेदी क्षेत्र की सर्वे नंबर 197/2/1 का 0.280 हेक्टे. (करीब 2 बीघा) जमीन है। वे 50 साल से यहां खेती कर रही हैं, लेकिन समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन नहीं हो पा रहा। भू-स्वामी के बेटे अजेंद्र त्रिवेदी ने बताया कि खसरे में भी बटांकन के साथ भू-स्वामी के रूप में दर्ज है, लेकिन 8-10 दिन की मशक्कत के बाद भी पंजीयन नहीं हो सका। पोर्टल पर सर्वे नंबर दर्ज करते गिरदावरी नहीं होने का मैसेज आता है। पटवारी से पूछने पर वे डिजिटल रिकॉर्ड में सर्वे नंबर 197 के बटांकन दर्ज नहीं होने का हवाला दे रहे हैं। हमें सोयाबीन भावांतर भुगतान का लाभ भी नहीं मिल सका। इधर, पंजीयन की तारीख भले 10 मार्च कर दी है, लेकिन 7 मार्च से ही सर्वर डाउन हो गया।



### नॉलेज : रिकॉर्ड अपडेट के लिए यह करें भू-स्वामी

ऐसे मामलों में भू-स्वामी को ही बंटवारा या खरीदी-बिक्री के समय ध्यान रखने की जरूरत है। रजिस्ट्री के बाद खसरे में बटांकन चढ़ा दिया जाता है, लेकिन डिजिटल रिकॉर्ड में बटांकन दर्ज कराने भू-स्वामी को खुद ही तहसील न्यायालय में प्रकरण लगाना पड़ता है।

### गिरदावरी के समय भी किसान को बताना था

तहसील न्यायालय में प्रकरण लगाकर राजस्व के डिजिटल रिकॉर्ड में बटांकन नहीं चढ़ाने के कारण यह दिक्कतें आती हैं। गिरदावरी के समय भी किसान यह बात बता देते तो गूगल लोकेशन के आधार पर उनके रकबे में फसल दर्ज हो जाती।

**महेश देपन, पटवारी पंवासा**

न्यूज-कॉलम



## यूपीएससी में सफलता प्राप्त करने वाले गौरव प्रक्षाल जैन का टांडा में स्वागत

**टांडा(धार)-** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में ऑल इंडिया में 8वी रैंक प्राप्त कर बाग विकासखंड का नाम प्रदेश सहित देशभर में रोशन करने वाले बाग निवासी प्रक्षाल सेकेट्री जैन का बाग जाते समय टांडा स्थित शंखेश्वर पार्श्व फिलिंग स्टेशन में बहुमान किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र जैन परिवार द्वारा पम्प पर बेंड बाजो के साथ अगवानी की गई। बहुमान कार्यक्रम में भूपेंद्र कसेरा,पारश जैन, सुरेश जैन, महेश जैन,अवदेश सचान के द्वारा आईएएस बने पक्षाल सेकेट्री को साफा बंधवाकर शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर अम्बाशोटी सरपंच अमरसिंह सोलंकी,प्रकाश चन्द जैन, हस्तीमल सोनी,महेंद्र सोनी, अंतरसिंह कन्नौज सहित उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने पक्षाल को पुष्प माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।

## ऑल इज वेल हॉस्पिटल ने विश्व महिला दिवस पर किया सम्मान



**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल ने 8 मार्च विश्व महिला दिवस के अवसर पर सम्मान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चुनिंदा महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल की को-फाउंडर श्रीमती मंजूषा चौकसे एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती देवांशी चौकसे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में शहर की 150 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के पश्चात सभी महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिश गुप्ता एवं डॉ. किमाया साली ने महिलाओं को निःशुल्क परामर्श दिया। हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में महिलाओं के लिए सम्मान समारोह एवं स्वास्थ्य शिविर का यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## 13 मार्च को बड़वानी में होगा नि :शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर

**बड़वानी ।** डी पी एम अनिल राठोड़ ने बताया कि लायंस क्लब बड़वानी सिटी और जिला अस्पताल बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में चोइथराम नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से दिनांक 13 मार्च शुक्रवार को निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया है।केम्प कोऑर्डिनेटर रविन्द्र टेकाम ने बताया की शिविर का समय सुबह 9.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। मोतियाबिंद के मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण हेतु बस द्वारा इंदौर भेजा जाएगा।मरीज अपना आधार कार्ड साथ में लेकर आवे। लायन सुधीर पांडे,लायन शब्बिर बिरला,लायन के टी मंडलोई,लायन हरीश शर्मा, लायन सुनिल शर्मा ने अधिक से अधिक लोगों को इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा मरीजों और उनके परिजनों को शिविर वाले दिन निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी की गई है।

## 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत में दी जायेगी करों में नियमानुसार छूट

**बड़वानी ।** बड़वानी नगर निकाय के समस्त उपभोक्ताओं जलकर सम्पत्किर एवं भवन भूमि किराया हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि 14 मार्च शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें समस्त करदाताओं को नगरपालिका अधिनियम 1861की धारा 130 131 तथा 132 की निहित शाक्तियों को उपयोग में लाते हुए राज्य शासन द्वारा निकाय द्वारा अधिरोपित समस्त प्रकार के करों के अधिभार (सरचार्ज) में नियमानुसार छूट प्रदान कि गई हे । अतः समस्त उपभोक्ता जलकर, सम्पत्तिकर, भवन भूमि किराया नेशनल लोक अदालत में 14 मार्च को उपस्थित होकर अपने बकाया करों को जमा कर अधिभार में छूट का लाभ प्राप्त करे।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होगी 14 मार्च को

**बड़वानी ।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 14 मार्च को कलेक्टर कार्यालय सभागृह में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है।

# शहर में जमकर उड़ा रंग गुलाल, धार्मिक व होली के गीतों पर थिरके युवा, नगर पालिका ने बस स्टैंड पर निकाली गेर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



रंगपंचमी पर पूरा शहर रंगों से सराबोर नजर आया। बच्चों व युवाओं में उत्साह देखा गया। सुबह से युवा टोली बनाकर लोगों को रंग गुलाल लगाते हुए नजर आए। चौराहों, कॉलोनियों में होली के फिल्मी गीतों में जमकर थिरके। वहीं नगर में रंगपंचमी के दो अलग-अलग आयोजन में लोगों ने शामिल होकर रंगों के उत्सव पर अपनी सहभागिता निभाई। पहला आयोजन मुरली मनोहर बावड़ी मंदिर से हरे राम हरे कृष्ण कीर्तन मंडल द्वारा धार्मिक फाग यात्रा महोत्सव मनाया गया।

सुबह 10 बजे से मंदिर परिसर से फाग यात्रा निकाली गई। इसमें मंडल के सदस्य राधाकृष्ण के फाग के साथ अन्य धार्मिक भजनों की प्रस्तुति दे रहे थे। साथ में मौजूद श्रद्धालु सूखे रंगों से होली खेलते हुए नजर आए। मंदिर के पंडित उमाशंकर कानूनगो ने बताया फाग यात्रा का आयोजन प्रतिवर्ष हरे राम हरे कृष्ण कीर्तन मंडल द्वारा किया जाता है। इसमें शुद्ध सूखे रंगों से रंग गुलाल लगाते हुए धार्मिक भजनों की प्रस्तुति सदस्य देते हैं। इसमें शामिल सदस्य थिरकते हुए भगवान की महिमा का गुणगान करते हैं। इस दौरान अनेक स्थानों पर फाग यात्रा का स्वागत किया गया। मंदिर परिसर से शुरू हुई यात्रा पीपल चौक, भवानी रोड, सत्यनारायण मंदिर, तमोली मोहल्ला, मोरटक्का चौराहा, माता चौक मंदिर परिसर से आजाद रोड होते हुए जरदार चौक पहुंची। जहां से महात्मा मार्ग होते हुए मंदिर परिसर में फाग यात्रा का समापन हुआ।

नगर में जहां चारों और रंगो के पर्व की धूम रही। वहीं जगह-जगह आयोजन हुएँ नगर पालिका द्वारा स्थाई रूप से बस स्टैंड पर गैर निकाली गई। नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि इंदर बिरला ने बताया नपा द्वारा बस स्टैंड पर गैर का आयोजन किया गया। जिसमें एक ही स्थान पर सूखे रंगो के साथ-साथ पानी की बौछार लोगों पर की गई। साथ ही धार्मिक व फिल्मी गीतों पर युवाओं की टोली जमकर थिरक रही थी। नपा के कर्मियों ने चारों और पानी की बौछारे करते हुए लोगों को तरबतर किया। सुबह १० बजे से १ बजे तक रंगारंग गैर का आयोजन हुआ। नपा अध्यक्ष सहित पार्षद व नपा के कर्मचारी मौजूद थे। वहीं थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव अपने दल बल के साथ तैनात रहे।

## लायंस क्लब ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वृद्ध महिलाओं का किया सम्मान



**सनावद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब की एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर अनिता भागचंद जैन के नेतृत्व में जरूरतमंद परिवारों की वृद्ध महिलाओं को सम्मानित किया। लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर वृद्ध महिलाओं को वस्त्र वितरित किए। जैन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समाज में महिला सम्मान का प्रतीक है। आज महिलाएं पूरी जिम्मेदारी के साथ समाज के प्रत्येक क्षेत्र शिक्षा, प्रबंधन, प्रशासन, पुलिस, सेना, चिकित्सा, कला,संगीत,खेल में अपनी भूमिका का कुशलता पूर्वक निर्वाह कर रही हैं। क्लब द्वारा सम्मानित वृद्ध और रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी श्रमिक महिलाओं सुमन राठौर, देवकी बाई, करुणा बाई,गीता कुशवाह,विद्या राठौर, नन्हीं बाई,शोभा राठौर ने क्लब की सदस्यों के प्रति आशीर्वचन कहे और आभार प्रदर्शन किया। जैन ने कहा कि लायंस क्लब के उद्देश्यों के अनुरूप महिला सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा और स्वास्थ्य तथा स्वावलंबन हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान ला.शिवानी मौर्य और ला.भारती परिहार ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

# आशा और आशा पर्यवेक्षक लंबे समय से भुगतान को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन।



जिले में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली आशा और आशा पर्यवेक्षक इन दिनों अपने ही भुगतान को लेकर परेशान हैं। लंबे समय से भुगतान में हो रही देरी को लेकर उन्होंने जिला कलेक्टर कार्यालय पंहुच कर ज्ञापन सौंप कर जल्द समाधान की मांग की है।

बताया जा रहा है कि जिले की आशा कार्यकर्ता और आशा पर्यवेक्षक ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे गर्भवती महिलाओं की देखभाल, टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और विभिन्न सरकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से कर रही हैं। इसके बावजूद उनके मानदेय के भुगतान में लगातार अनियमितता और देरी हो रही है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला अध्यक्ष रेखा रणछोड़ ने बताया कि दिसंबर 2025 से अब तक उनका नियमित भुगतान नहीं हुआ है और जो राशि मिली है वह भी आंशिक रूप से दी गई है।

ऐसे में कई महीनों से मानदेय लंबित होने के कारण उन्हें अपने परिवार के खर्च चलाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यकर्ताओं ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी कि आशा और आशा पर्यवेक्षक का भुगतान हर महीने की 5 तारीख तक कर दिया जाएगा, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति यह है कि 15 तारीख तक भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। त्योहारों के बाद भी भुगतान नहीं होने से उनमें नाराजगी देखी जा रही है। आशा और आशा पर्यवेक्षकों ने माननीय मुख्यमंत्री से मांग की है कि भुगतान में हो रही समस्या का जल्द समाधान किया जाए और लंबित मानदेय का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके और वे अपने कार्य को और बेहतर तरीके से जारी रख सकें।

## भारत की ऐतिहासिक जीत पर देशभक्ति का जश्न, मंडलेश्वर में युवाओं ने निकाली भव्य रैली



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

आईसीसी टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस ऐतिहासिक विजय के साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम ने देशवासियों को होली का यादगार तोहफा दिया।टीम इंडिया की इस जीत से नगर में खुशी की लहर दौड़ गई और जगह-जगह क्रिकेट प्रेमियों ने जश्न मनाया।भारत की जीत के बाद हर शहर और कस्बे में लोगों ने पटाखे फोड़कर, मिठाइयाँ बांटकर और तिरंगा लहराकर अपनी खुशी जाहिर की। देशभक्ति के नारों से माहौल गूंज उठा और हर ओर उत्साह और गर्व का वातावरण देखने को मिला। नगर मंडलेश्वर में युवाओं ने भारत की जीत के बाद पूरे नगर में भव्य रैली निकाली। बस स्टैंड पर बड़ी संख्या में युवा एकत्रित हुए, जहां पटाखे जलाकर और आतिशबाजी कर जीत का उत्सव मनाया गया।रैली बस स्टैंड से प्रारंभ होकर मेन मार्केट, एमजी रोड, घंटाघर चौक, काशी विश्वनाथ मंदिर जेल रोड और कसरावद रोड होते हुए पुनः बस स्टैंड पहुंची। रैली के दौरान पूरे नगर में देशभक्ति के नारे गूंजते रहे और लोगों ने भारत की जीत का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर के सामने सभी क्रिकेट प्रेमियों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाए और भगवान का आशीर्वाद लिया। युवाओं ने अपने हाथों में तिरंगा लेकर च्भारत माता की जयज्ज और च्वंदे मातरमज्ज के गगनभेदी नारे लगाए। ढोलक की थाप पर युवा क्रिकेट प्रेमी खुशी से झूमते और नाचते नजर आए। पूरे नगर में देशभक्ति और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला।इस रैली में रौनक सोनी, अंकित व्यास, युग तोमर, चंदन तोमर, नैतिक वर्मा, ऋतुल केवट, कृष्णा राठौर सहित सैकड़ों युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए और भारत की जीत का जश्न मनाया।

# सांसद और पूर्व मंत्री ने आशा आश्रय गृह में मनाई रंग पंचमी

## सभी को समरंगी बनाना ही सबका विकास की विचारधारा सांसद श्री पटेल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



वंचित वर्ग को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए विगत चार दशकों से आशाग्राम ट्रस्ट निरंतर कार्य कर रहा है। रंगों के त्यौहार का महत्व ही इस बात से है की सभी समरंगी हो कोई भी गेर में गैर ना रहे और और यही हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की मंशा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास तभी होगा नए भारत का सतरंगी विकास । आशाग्राम ट्रस्ट द्वारा निराश्रित मनोरोगियों के लिए संचालित आशा आश्रय गृह पहुंच कर बड़वानी खरगोन लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री प्रेम सिंह पटेल के द्वारा रंग पंचमी मनाई गई सभी को रंग लगाकर साथ बैठकर उपचारित मनोरोगियों एवं कुष्ठ रोगियों के साथ स्वल्पाहार कर रंगोत्सव की खुशियों को साझा किया गया। वार्ड पार्षद श्री मोहन बामनिया के द्वारा अपने वार्ड वासियों के प्रति मानवीय संवेदना को दृष्टिगत रखते हुए रंग पंचमी का आयोजन सभी के समन्वय से किया गया जिसमें बड़वानी मंडल अध्यक्ष श्री शुभम पांडे पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री कृष्णा गोले, पार्षद श्री सचिन चौहान, श्री वासुदेव मुकाती, श्री राम यादव मुच्छी जी, श्री राम यादव, श्री प्रभु यादव डॉ राहुल पाटीदार, आशाग्राम ट्रस्ट के सचिव डॉ चक्रेश पहाड़िया, डॉ सुहास यादव, श्री अशोक दोषी, श्री केएस मकवाना आदि उपस्थित थे।

## ईद से पूर्व ईदगाह का किया निरीक्षण, रंग-रोगन व मरम्मत के दिए निर्देश

**रतलाम।** आगामी ईद पर्व को देखते हुए शहर के ईदगाह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव एवं कांग्रेस पार्षद यास्मीन शेरनी तथा अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन कमेटी के सदर, स्वास्थ्य समिति प्रभारी राजेंद्र सिंह पंवार, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि इक्का बेलुत, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि भरत सेन उपस्थित रहे। इस दौरान ईदगाह परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन और मरम्मत कार्यों का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ईद पर्व से पहले सभी आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने भी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए और ईद के अवसर पर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने पर जोर दिया।

# कलेक्टर ने सिंहस्थ के प्रगतिरत निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये

## कलेक्टर श्री सिंह ने ली विभिन्न विभागों के प्रचलित कार्यों की समीक्षा बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

जिला कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा सिंहस्थ्झ२०२८ के अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने सिंहस्थ महापर्व के लिए प्रचलित कार्यों की प्रगति की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों से लेकर सिंहस्थ के सभी कार्यों को समयबद्ध अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सिंहस्थ मेला कार्यालय में शनिवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत प्रचलित कार्यों में शिप्रा तट पर निमार्णाधीन घाटों तथा कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में सभी अधिकारियों को सिंहस्थ के अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निमार्णाधीन कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता ना करें। बैठक में मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यों में विशेष रूप से गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अन्य संबंधित विभागों, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भवन विकास निगम, पुलिस हाउसिंग तथा पर्यटन विभाग द्वारा किए जा रहे अधोसंरचना एवं संरचनात्मक विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश भी प्रदान किए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट भी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 जिला स्तरीय उपार्जन समिति बैठक ली

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत गेहूं उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में जिला प्रबंधक वेयरहाउसिंग को आवश्यक भण्डारण व्यवस्था करने, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को प्रत्येक केन्द्रवार समय पर बारदान उपलब्ध कराने और अनुविभागवार परिवहन प्लान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि समर्थन मूल्य पर गेंहू विक्रय के लिए पंजीयन की तिथि 10 मार्च तक बढ़ाई गई।प्रशासनिक संकुल भवन स्थित सम्राट विक्रमादित्य सभागार में आयोजित बैठक में अवगत कराया गया कि वर्ष 2026-27 में 197 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किए जाएंगे। जिले में अब तक 1,00,185 कृषको का पंजीयन 146 पंजीयन केन्द्रों पर किया गया है। किसान पंजीयन अवधि ०७ मार्च से बढ़ाकर 10 मार्च की गई है। अनुमानित उपार्जन अनुसार भण्डारण, परिवहन, बारदान, उपार्जन केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाना है। कलेक्टर श्री सिंह ने महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं सहकारिता विभाग को उपार्जन केन्द्रों पर शासन निर्देशानुसार व्यवस्थाएं करने के लिए निर्देशित किया गया ताकि उपार्जन तिथि 16 मार्च से सुचारू रूप से उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया जा सके।

## श्री ईच्छेश्वर हनुमान मंदिर ट्रस्ट ने की बैठक, हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी शुरू



**बुरहानपुर।** ब्रह्मपुर में श्री प्राचीन चमत्कारी श्री ईच्छेश्वर हनुमान मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हनुमान जन्मोत्सव सप्ताह की रूपरेखा तय की गई। बैठक में तय किए गए कार्यक्रमों में शामिल हैं: 30 मार्च सोमवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण 1 अप्रैल को विशाल वाहन रैली 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य शोभा यात्रा और ईच्छेश्वर हनुमान मंदिर परिसर पर हारून खान के राधे-राधे मंडल द्वारा भक्तिमय भजन कीर्तन कार्यक्रम बैठक में मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी, सदस्य और ईच्छेश्वर हनुमान भक्त उपस्थित थे।

## अनुमानित खरीदी के अनुसार उपार्जन केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे-कलेक्टर

**रतलाम।** कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। उपार्जन समिति की बैठक में अनुमानित खरीदी के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जन केंद्रों के लिए नियुक्त सर्वेयर को प्रशिक्षण दिया जाए। इसके साथ ही कृषि आरईओ और पटवारियों को भी प्रशिक्षण दिया जाये, ताकि वे उपार्जन केंद्र पर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर सके। उपार्जन कार्य के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाये। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि उपार्जन के लिए गठित संयुक्त दल द्वारा सतत भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जाएगा। बैठक में संवेदनशील उपार्जन केंद्रों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर छाया, पेयजल, तौल कांटे, विद्युत, बारदाने, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद धार जिला धार (म.प्र.)

Email- cmodhar@mpurban.gov.in

क्रमांक 1259/लो.नि. शाखा/2026-27 धार, दिनांक 05.03.2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद धार द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु निविदा ई-निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया **www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाईट पर ही उपलब्ध रहेगा।

| क्रं. | आनलाईन निविदा क्रं. | विवरण | लागत राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_487375_1 | नगर पालिका धार अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में विभिन्न प्रकार की निर्माण सामग्री प्रदाय करने का कार्य | 80,00000/- | 60,000/- | 10,000/- |
| 2. | 2026_UAD_487376_1 | नगर पालिका धार अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में आयोजित किये जाने वाले शासकीय/सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु टेंट सामग्री लगाने का कार्य | 85,00000/- | 63,000/- | 10,000/- |
| 3. | 2026_UAD_487378_1 | नगर पालिका धार अन्तर्गत वर्ष 2026-27 में आयोजित किये जाने वाले शासकीय/सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु विद्युत सामग्री/साउंड लगाने का कार्य। | 80,00000/- | 60,000/- | 10,000/- |
| 4. | 2026_UAD_487380_1 | नगर पालिका धार अन्तर्गत वर्ष 2026-27 पौधारोपण हेतु विभिन्न प्रकार की प्रजातियों के पौधे प्रदाय करने का कार्य | 20,00000/- | 15,000/- | 2,000/- |

**समय सारणी**-निविदा ऑनलाइन क्रय/बीड सबमिशन की अंतिम तिथि 06.04.2026 समय 17.30 बजे

**नोट**- शासन निर्धारित समस्त कटौत्रा कर भुगतान किया जावेगा। दरें समस्त करो+जीएसटी सहित प्रस्तुत करना होगी। निविदा मान्य/अमान्य करने का अधिकार निकाय को होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद धार**

## न्यूज -कॉलम

### पुराने लेनदेन की बात पर हुए विवाद में छह घायल

**उज्जैन।** बड़नगर की व्यास कॉलोनी स्थित संजना पार्क के पास पुराने लेनदेन की बात को लेकर ऋतिक पिता सुरेश गहलोत निवासी शिवाजी पथ और सांवरिया कॉलोनी में रहने वाले सुमित पिता सुरेशचंद्र भाटी के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच कहासुनी के दौरान उनके दोस्त भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान मामला मारपीट में बदल गया। दोनों ओर से थप्पड–मुक्कों के साथ लाठी डंडे चले। मारपीट में ऋतिक गहलोत के साथ उसके दो साथी अंकुश दुबे और अभिषेक दुबे भी घायल हो गए। दूसरी ओर से सुमित भाटी, मुकेश जाट और लोकेश गहलोत को चोट आई। विवाद का मामला बड़नगर थाना पुलिस के पास जहां दोनों ओर से एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जाने लगे। पुलिस ने मामले में क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। घायलों को मेडिकल के लिए शासकीय अस्पताल भेजा गया। जहां से अंकुश दुबे उपचार के लिए उज्जैन चरक अस्पताल आ गया। अंकुश का कहना था कि लोकेश पार्षद का भाई है। उसके द्वारा रुपए मांगे जा रहे थे। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### घर में घुसकर परिवार पर पाइप डंडों से किया हमला

**उज्जैन।** माधवनगर थाना क्षेत्र के किशनपुरा में रविवार–सोमवार रात 11 बजे गजराजसिंह पिता धन्नालाल लोदवाल 58 साल के घर में घुसकर दिनेश, जतिन, सुमित, रोहित, आकाश, मुन्ना ने पाइप डंडे से हमला कर दिया। इस दौरान गुजराजसिंह, उसका बड़ा बेटा नितिन और परिवार की सदस्य सेवंती पति शंकर लाल मरमत 52 वर्ष घायल हो गए। हमला करने वाले जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। बताया जा रहा है कि गुजरात के छोटे बेटे कौशल से साड़ी के 2 हजार रुपए का लेनदेन हमला करने वालों से था जो क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। किशनपुरा में विवाद का मामला माधव नगर थाने पहुंचा जहां पुलिस द्वारा कौशल लोदवाल की शिकायत पर मारपीट करने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। गजराजसिंह को चोट लगने पर उन्हें शासकीय चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### सूरज के तेवर कड़क, तापमान पहुंचा 37 डिग्री

**उज्जैन।** मार्च माह का दूसरा सप्ताह शुरू हो चुका है। सूरज ने तेवर दिखना शुरू कर दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री पहुंच गया। जो सीजन का सबसे अधिक दर्ज हुआ है। दिन में बढ़ते तापमान के बीच रात का तापमान 15 डिग्री से कम दर्ज हो रहा है। जिसकी वजह शाम को 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही हवा बनी हुई है। 15 मार्च बाद रात के तापमान में भी तेजी आने लगेगी। मौसम विभाग के अनुसार अब गर्मी अपने चरम पर आना शुरू हो गई है। मार्च अंत तक प्रदेश के कई जिलों में तापमान 42 से 45 डिग्री पहुंच सकता है। अप्रैल–मई में भीषण गर्मी का दौर बना रहेगा। पिछले 2 दिनों से तापमान में आ रही तेजी को देखते हुए शहरवासियों ने गर्मी से बचने के जतन शुरू कर दिये है। इलेक्ट्रानिक दुकानों पर कूलर की खरीददारी का सिलसिला शुरू हो चुका है। बाजार में गन्ने की चरखी दिखाई देने लगी है। कई तरह के शीतल पदार्थ बंद बोतलों में आ चुके है। इस बार ठंड के साथ बारिश, ओलावृष्टि का मौसम फरवरी माह तक बना रहा था। जिससे मौसम में नमी महसूस हो रही थी, अब सूरज के तेवर कड़क होते ही नमी का असर कम होने लगा है और गर्मी बढ़ने लगी है। कुछ दिनों में उमस भरा मौसम भी बनने लगेगा।

### मायके में नवविवाहिता ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**उज्जैन।** मायके आई हुई नवविवाहिता ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी मौत हो गई। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने पर एफएसल टीम घटनास्थल पहुंची, वही तहसीलदार ने अस्पताल पहुंच परिजनों के बयान दर्ज किये। भैरवगढ़ थाना एएसआई कैलाशचंद्र चौहान ने बताया कि ग्राम रलायता भोजा से पूजा पिता भगवानसिंह 22 वर्ष को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां सामने आया कि जहरीला पदार्थ खाया था। मामले में मर्ग कायम किया और बॉडी पोस्टमार्टम के लिये भेजी गई। इस दौरान सामने आया कि पूजा 2 माह से मायके में रह रही थी। सालभर पहले उसका विवाह घट्टिया तहसील में हुआ था। पूजा के निधन की खबर मिलने पर पति और ससुर पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे थे। मामला नवविवाहिता से जुडा होने पर तहसीलदार को सूचना दी गई, जो पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली। वहीं एफएसल टीम को अवगत कराया गया, जो घटनास्थल जांच के लिये पहुंची। एएसआई के अनुसार मायके और सुसराल पक्ष ने पूजा के आत्मघाती कदम उठाने के संबंध में किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी। परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी। पूजा के पिता नगर निगम में कर्मचारी बताये जा रहे है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | 890-7 | 127-0 |
| मेन बाजार | | 270-9 | 356-4 |
| कल्याण नाइट | | 147-2 | 590-4 |
| मिलन डे | | 450-9 | 129-2 |
| मिलन नाइट | | 580-3 | 368 -7 |
| मधुर डे | | 244-0 | 779-3 |
| मधुर नाइट | | 800-8 | 499-2 |
| शुभांक | 1 | 6 | 9 |

### धमकी देकर बनारस की महिला पर बनाया गया था दबाव...

# महामंडलेश्वर को बदनाम करने की रची थी साजिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर को बदनाम करने के साथ ब्लैकमेल करने की साजिश का सोमवार खुलासा हुआ। बनारस की महिला ने मामले की शिकायत महाकाल थाना पुलिस को दर्ज कराई है। महिला का कहना था कि उसे पहले रूपयों का लालच दिया गया। वहीं अब धमकी देकर बुलाया गया था।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि बनारस के समरीन स्कूल के पास इंद्रानगर में रहने वाली रीता पति सुधीर मिश्रा ने रविवार को शिकायती आवेदन देकर बताया था कि उस पर चारधाम मंदिर के महामंडलेश्वर शांतिस्वरूपानंद महाराज के खिलाफ शोषण का झूठा प्रकरण दर्ज करने का दबाव बनाया जा रहा है। उसे जान से मारने की धमकी देकर बनारस से उज्जैन बुलाया गया है। वह दत्तअखाडा आश्रम में रूकी थी, जहां उसे कैमरे के सामने बयान देने के लिये कहा जा रहा था। उसने आश्रम के महंत आनंदपुरी जी, लोकेश शर्मा, संजय गोस्वामी को मामला बताया। दबाव बनाने में घनश्याम पटेल, मंदाकिनीपुरी शामिल है। थाना प्रभारी के अनुसार आवेदन जांच में लिया गया और मामले में मंदाकिनीपुरी निवासी गढ़कालिका मंदिर के पास उज्जैन और घनश्याम पटेल उज्जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 49, 61 (2), 232 (1), 351 (3), 296 (बी) और 3 (5) में प्रकरण दर्ज किया गया है। बनारस की महिला पर झूठा प्रकरण दर्ज कराने का दबाव बनाने वालों की तलाश शुरू कर दी गई।

#### महाकाल दर्शन के लिये आई थी उज्जैन

महाकाल थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराने वाले महिला ने बताया कि वह सफाई का काम करती है। कुछ समय पहले महाकाल दर्शन और क्षिप्रा परिक्रमा के लिये आई थी। उस दौरान काफी साधु संतों से मिली, उसी दौरान मंदाकिनीपुरी से पहचान हुई थी। क्षिप्रा परिक्रमा के समय लगा रहा था, उसने चारधाम मंदिर के पास किराये से मकान लिया था। वह चारधाम मंदिर के पूजा पाठ करने भी जाती थी। मुझे मंदाकिनीपुरी ने अपने आश्रम में एक सप्ताह के लिये खाना बनाने के लिये रखा, उसी समय घनश्याम पटेल ने बोला तुम शांति स्वरूपानंद के खिलाफ शोषण की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराओं। तुम्हे 50 हजार रूपये दिये जायेगें। मैने मना किया और बनारस लौट गई।

#### बनारस आकर दी जान से मारने की धमकी

शिकायत दर्ज कराने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी को घनश्याम पटेल बनारस आया और दबाव बनाने लगा। उसने माना किया तो बोला कि मंदाकिनीपुरी तुम्हे जान से खत्म कर देगी। उसने बेटे के मोबाइल पर 2 हजार रूपये का ट्रांजेक्शन कर संजय ट्रेवल्स की बस का टिकट वाट्सएप पर भेजा। डरकर वह 8 मार्च को उज्जैन पहुंची और दत्तअखाड़ा आश्रम में ठहरी। जहां घनश्याम पटेल कुछ मीडियाकर्मी को लेकर पहुंचा और वीडियो बनाकर बयान देने का दबाव बनाने लगा। मना करने पर गाली–गलौच की धमका रहा था। तभी आश्रम के मंहत का बताया।

# हत्या के आरोपियों को 33 माह बाद आजीवन कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शराब पीने के दौरान विवाद होने पर हत्या करने वाले आरोपियों को 33 माह बाद न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। हत्या करने वालों ने एक को घायल भी किया था।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 31 मई 2023 को रात में बहादूर पिता रामचंद्र, जीवन पिता भंवरलाल और सेवाराम पिता देवीलाल महिदपुर क्षिप्रा नदी की पुलिया पर बैठ शराब पी रहे थे। नशे में जीवन और सेवाराम के बीच विवाद हो गया था। सेवाराम ने अपने साथी जितेन्द्र को बुला लिया था। जितेन्द्र के आने पर उसके साथ सेवाराम ने बहादूर और जीवन पर लोहे की राड से हमला कर दिया था। घायल होने पर जीवन और बहादूर को महिदपुर अस्पताल ले जाया गया। हालत



गंभीर होने पर दोनों को उज्जैन रैफर किया गया। परिवार ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान जीवन की मौत हो गई। वहीं बहादूर भर्ती रहा। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा 302/34 के साथ 3 (2) (अ) के साथ अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्याचार निवारण अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। 33 माह चली सुनवाई के बाद अनूसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम जिला उज्जैन विशेष न्यायाधीश अरविंदप्रतापसिंह चौहान ने फैसला सुनाते हुए आरोपी जितेन्द्र पिता राधेश्याम 29 वर्ष निवासी ग्राम सिंगदेवला जिला उज्जैन और सेवाराम पिता देवीलाल नाई 30 वर्ष 30 वर्ष निवासी–ग्राम सिवाबरा को आजीवन कारावास की सजा के साथ अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन का मागदर्शन किया। वहीं प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक ईश्वरसिंह केलकर द्वारा पैरवी की गई।

## परिवार के एकलौते पुत्र ने रस्सी से लगाई फांसी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गीता कालोनी में रहने वाले युवक ने सोमवार सुबह रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। युवक परिवार के एकलौता पुत्र था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव को फंदे से उतारा। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

जीवाजीगंज थाना एएसआई यशवंत कछवाय ने बताया कि सुबह 10 बजे के लगभग गीता कालोनी में रहने वाले तृप्तजीत पिता नरेन्द्रसिंह टूटेजा 20 साल द्वारा घर में रस्सी से फांसी लगाने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों के मृत घोषित करने पर मामले में मर्ग कायम कर बॉडी पीएम रूम पहुंचाई गई। दोपहर में पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि तृप्तजीत के पिता का 15 साल पहले निधन हो चुका है। वह मां के साथ रहता था, परिवार का एकलौता पुत्र था। एक बहन है, जो बैंगलूर में रहती है। परिजनों का यह भी कहना था कि तृप्तजीत ने सीए की परीक्षा दी थी। जिसमें वह पास नहीं हो पाया था। संभवत इसी के चलते उसने मौत को गले लगाया है। एएसआई के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज मामले की जांच शुरू की जायेगी।

## तेज आवाज के साइलेंसर लगाकर दौड़ा रहे थे बुलेट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तेज आवाज के मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बुलेट दौडाने वालों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। अभियान में चैकिंग के दौरान नागदा पुलिस ने 2 बुलेट जप्त की है।

नागदा पुलिस ने रविवार–सोमवार रात चैकिंग दौरान तेज आवाज के साइलेंसर लगाकर बुलेट दौडा रहे 2 युवकों को पकडा। एक बुलेट क्रमांक एमपी 13 ईएम 0940 देवराजसिंह निवासी भाटीसूडा की थी। दूसरी बुलेट क्रमांक एमपी 09 बीएल 3624 का चालक विजय प्रजापत था। दोनों ने बुलेट के साइलेंसर मॉडिफाइड कराये थे। जिसके चलते ध्वनि प्रदूषण तो हो रहा था वहीं यातायात के नियमों का उल्लघंन होने के साथ साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाज से गुजरने वाले भयभीत हो रहे थे। पुलिस के अनुसार दोनों बुलेट जप्त कर



चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा में कार्रवाई की गई है। दोनों से कोर्ट जुर्माना वसूला जायेगा। विदित हो कि शहर में भी यातायात और थाना पुलिस द्वारा कई सालों से तेज आवाज साइलेंसर बुलेट चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस लाखों रूपये के मॉडिफाइड सायलेंसरों पर रोड रोलर भी चला चुकी है। बावजूद बुलेट चलाने वालों में भय दिखाई नहीं दे रहा है।

## राज रॉयल कालोनी में विवाद के बाद महाआरती

**उज्जैन।** भारत–न्यूजीलैंड के बीच टी–20 फायनल मुकाबले में भारत के विश्व विजेता बनने पर आतिशबाजी के दौरान राज रॉयल कालोनी में रविवार–सोमवार रात 2 समुदाय के बीच विवाद हो गया था। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया था। वहीं सोमवार शाम हिन्दूवादी संगठन ने कालोनी में पहुंच हनुमान मंदिर पर महाआरती की। इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा।

चिमनगंज थाना क्षेत्र की राज रॉयल कालोनी में बीती रात भारत की जीत का जश्न मनाने के दौरान पटाखे चलाने की बात पर हाड़ा परिवार और खान परिवार के बीच विवाद हो गया था। दोनों पक्ष आमने–सामने हो गये थे और जमकर लाठी–डंडे चले। दोनों ओर से करीब 8 से 10 लोग घायल हो गये। जिसमें महिला, बच्चे भी शामिल थे। मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा विवाद किये जाने की खबर मिलने पर हिन्दूवादी संगठन राज रॉयल कालोनी पहुंच गया था। विवाद गरमाने पर पुलिस ने मामला शांत कराया था और दोनों पक्षो की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया था। हिन्दू संगठन ने रात में थाने का घेराव भी किया और कहा कि राज रॉयल में पहले भी दुर्गा स्थापना के दौरान वर्ग विशेष के लोगों ने विरोध करते हुए विवाद किया था। रात में मामला शांत होने के बाद सोमवार शाम हिन्दूवादी संगठन कालोनी में हनुमान मंदिर पर महाआरती करने पहुंच गया। आरती किये जाने की जानकारी मिलने पर तत्काल ही पुलिस बल भी राज रॉयल कालोनी पहुंचा और सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। आरती के बाद रहवासी औ हिन्दू संगठन लौट गया। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार आरती के दौरान किसी प्रकार का वाद–विवाद नहीं रहा।

## लुटेरों से 50 हजार और बाइक हुई बरामद

**उज्जैन।** 8 लाख की लूट करने वाले चार बदमाशों को पुलिस रिमांड पर लिया गया था। इस दौरान उसने 50 हजार रूपये और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई। सोमवार को रिमांड खत्म होने पर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

नागेश्वरधाम कालोनी में रहने वाला अनुराग पिता राजेन्द्रसिंह आंजना शुक्रवार शाम दोस्त अनिरूद्ध सेन के साथ तराना तहसील के ग्राम हालूखेड़ी में मामा ईश्वरसिंह के यहां से 8 लाख रुपए लेकर एक्टिवा क्रमांक एमपी 13 ईवी 9130 से वापस लौट रहा था। सायरखेड़ी मार्ग पर झमझम कैफे के पास बाइक से आये 3 नकाबपोश बदमाशों अनुराग और उसके दोस्त अनिरूद्ध के साथ मारपीट करते हुए 8 लाख रुपए लूट लिये थे। पुलिस ने चिमनगंज थाना पुलिस ने चंद घंटों में मामले का पर्दाफाश कर दिया था। लूट का षडयंत्रकारी अनुराग का दोस्त अनिरूद्ध होना सामने आया था। उससे पूछताछ के बाद रोहित पिता राकेश बनोलिया तिरुपतिधाम कालोनी, आलोक उर्फ बुद्धा पिता लालु उर्फ अनिल लोट निवासी दिल्ली दरबाजा भैरुगढ और यश पिता विनेश सोलंकी निवासी द्रविड़ मार्ग बहादुरगंज को गिरफ्तार कर लूट की राशि में से 5 लाख बरामद कर लिये थे। शेष राशि बरामद करने के लिये रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि में चारों से 50 हजार रूपये और लूट के दौरान उपयोग की गई बाइक जप्त की गई। एसआई दिनेश भाट ने बताया कि 8 लाख में से 5.50 लाख रूपये बरामद हो पाये है। आरोपियों ने शेष राशि खर्च करना बताया है। सोमवार को रिमांड खत्म होने न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से जेल वारंट जारी होने पर केन्द्रीय जेल भैरवगढ़ भेजा गया है।

## पहले बाइक को मारी टक्कर फिर देने लगे धमकी

**उज्जैन।** इंगोरिया के ग्राम गोरावदा में रहने वाला कालू पिता भैरूलाल गुर्जनर सोमवार सुबह बडनगर तहसील के सिटी अस्पताल परिचित से मिलने गया था। उसने अपनी बाइक अस्पताल पार्किंग में खड़ी की। इस दौरान दूसरी बाइक से आये युवकों ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। बाइक गिरने पर इंडीकेटर, मास्क टूट गया। कालू गुर्जर ने नुकसान होने की बात कहीं तो टक्कर मारने वाले बाइक सवारों ने गाली–गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। कालू ने अपने साथ हुई मारपीट और गाडी में नुकसान की शिकायत बड़नगर थाने पहुंचकर दर्ज कराई। मारपीट करने वाले अज्ञात थे, जिनका पता पुलिस अस्पताल परिसर में लगे कैमरों के माध्यम से लगा रही है।

## शीतला सप्तमी को होगा प्रजापति समाज की मातृ शक्ति एवं वरिष्ठ जनों का सम्मान समारोह का आयोजन

**उज्जैन।** जानकारी देते हुए संघ के अध्यक्ष अशोक जी प्रजापत ने बताया कि चौरासी संघ अपनी परंपरा अनुसार होली के बाद आने वाली शीतला सप्तमी महापर्व का आयोजन करता है इस वर्ष दिनांक 10 मार्च 2026 को शीतला सप्तमी के अवसर पर श्री यादें माता की भव्य शोभायात्रा महाकाल मंदिर से 3:30 प्रारंभ होकर 24 खंबा माता, गुदरी चौराहा, पांदरिबा कार्तिक चौक मोड़ कि धर्मशाला से प्रमुख मार्ग होते हुए मां श्री यादें माता धर्मशाला रामघाट पर पहुंचेगी। इसी कड़ी में आज समिति पदाधिकारी एवं संघ के वरिष्ठ गणमान्य जनों की उपस्थिति में संघ के महासचिव एवं कार्यक्रम संयोजक राधेश्याम प्रजापति ने बताया कि शोभा यात्रा में श्री यादें माता की प्रतिमा एक रथ पर विराजित होगी साथ ही सम्मानित होने वाली मात्र शक्तियों को सम्मानपूर्वक बग्गी बैठाया जाएगा। संघ के अतिरिक्त अध्यक्ष रमेश मुन्नालाल ने बताया कि घोड़ी, बैंड, बाजे, ढोल,के साथ भव्य शोभा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में समंजन एवं मातृशक्ति उपस्थित रहेंगे।

**In The Court Of Principal Judge, Family Court, District Court, Ujjain**

**Presiding Officer: श्री संजीव कुमार गुप्ता**

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )**

**(RCS HM/0000256/2024)**

**रानू सोनगरा ............वादी**

**विरुद्ध**

**अजय.....................प्रतिवादी**

Process Id-/2026

**पेशी दिनांक 09/04/2026**

प्रेषिती (1) अजय पिता गणपतलाल पता– 84/1, कमल कॉलोनी, उज्जैन मप्र

हाल मुकाम मकान नं0 10, झुग्गी झोपडी पुराना चिमनगंज थाने के पास, धन्वंतरि हॉस्पिटल के सामने, आगर रोड, उज्जैन मप्र

यह कि प्रार्थी रानू सोनगरा पति अजय आयु 34 वर्ष व्यवसाय ग्रहणी निवासी– 84/1 कमल कॉलोनी उज्जैन मप्र हाल मुकाम – एकता नगर नानाखेडा उज्जैन ने आपके विरूद्ध धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 06 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें–1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**न्यायालय की मुद्रा**

**न्यायाधीश**
**संजीव कुमार गुप्ता**
**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुंब न्यायालय उज्जैन मप्र**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन विक्रेतागण सुगनबाई पति स्व. श्री रमेशचंद्र जी निवासी गौतम मार्ग उज्जैन, अजय खजवान पिता स्व. श्री रमेशचंद्र जी गौतम मार्ग उज्जैन, रेखा बुनकर पति सुनिल बुनकर पिता श्री स्व. श्री रमेशचंद्र जी निवासी 215, एम आई जी देवास उज्जैन, अनीता मेघवाल पति अर्जुन मेघवाल पिता स्व. श्री रमेशचंद्र जी, निवासी–अंकपात मार्ग काजिपुरा जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य का भवन स्थित भवन क्रमांक 4 म्यु. नं. 4/2/1 जो कि लालबाई फुलबाई मार्ग उज्जैन में स्थित है जिसकी पैमाईश उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व पश्चिम 12.16 मीटर लंबाई, पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 4.56 मीटर भवन के भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 55.70 वर्गमीटर है विक्रीत भवन एक मंजिल पक्का आर.सी.सी से निर्मित है। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व दिशा में मकान शम्भूसिंह का, पश्चिम में दोलतराम जी का भवन, उत्तर मैं– गली लालबाई फुलबाई, दक्षिण मे अन्य का भवन को क्रय करने करते हुए मेरे पक्षकार के द्वारा बयाना राशि भुगतान कर दी गई है और निकट भविष्य में मेरा पक्षकार अपने स्वयं या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर रहेगा। यदि उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहुकार, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या अन्य कोई क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 5 दिवस के अन्दर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो ।

इति दिनांक 09/03/2026

**पीयुष शर्मा ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**पता–51, थाने के सामने भैरवगढ़ उज्जैन**
**मोबा– 9009438990**

# पुरुष मुक्ति में नारी मुक्ति



शीर्षक पढ़कर थोड़ा आश्चर्य होगा। जिस नारी के संरक्षण के लिए इतने सारे कानून, संस्कृति और नैतिकता जैसी जंजीरें बनाई गई हैं, जिसकी रक्षा के लिए सरकार, समाज-रक्षक और धर्मगुरु दिन-रात चिंतित रहते हैं, वह तो मुक्त ही है। सच तो यह है कि पुरुष उससे बंधा हुआ है। यह जरा ज्यादती मालूम होगी, लेकिन नारी मुक्ति की ओर थोड़ी नई दृष्टि से देखते हैं।

नारी की रक्षा करनी है, तो किससे? क्या कोई जानवर उस पर आक्रमण कर रहे है? नहीं, उसे खतरा है मनुष्य के आधे हिस्से, यानी पुरुष से। पुरुष, यानी स्त्री का ही आधा अंग। प्रत्येक मनुष्य आधा पुरुष और आधी स्त्री है। ये दो प्रजातियां कैसे बन गईं? जब लड़की पैदा होती है, तो मानो कोई समस्या पैदा होती है। ध्यान रहे, समस्या स्त्री नहीं है, पुरुष की हवस या उसका अहंकार समस्या है। चिंता करनी है, तो इस बात की करनी चाहिए कि पुरुष स्त्री के शरीर से इतना बंधा हुआ क्यों है? कितना ही विद्वान हो, कितना ही सम्मानित हो, स्त्री उसके लिए एक ही मायने रखती है, एक भोग्य वस्तु। दरअसल, पुरुष अपनी ही कामुकता से पराजित है। वह उसके ऊपर नहीं उठ पाता और इसके लिए स्त्री को दोषी ठहराता है।

पुरुष की कामुकता यदि रचनात्मक दिशा में विकसित हो, उसमें प्रेम, हार्दिकता और संवेदनशीलता विकसित हो, तो वह जाने कि स्त्री केवल शरीर नहीं है, उसमें और कई आयाम हैं। स्त्री के व्यक्तित्व के और तल भी हैं, जिनसे जुड़कर वह स्त्री से मित्रवत व्यवहार कर सकता है, लेकिन वह चाहता है कि स्त्री हर तल पर उससे छोटी रहे। यह अहंकार पुरुष को विकसित नहीं होने देता। स्त्री को इनकार करने के चक्कर में उसने अपने भीतर की स्त्री को भी नकार रखा है। अपने स्त्रैण गुणों को कमजोर मानकर दबा दिया है। अपने आंसू, अपनी कोमलता, भावुकता, श्रद्धा, सहजता, प्रेम भाव, बहुत कुछ वह खो बैठा है, इसीलिए कठोर हो गया है।

ओशो की बात कड़वी लगेगी, लेकिन सच है। उनके देखे पुरुष कितना ही बाहुबली हो, एक काम नहीं कर सकता, जिसके लिए वह स्त्री के सामने हीन अनुभव करता है: वह बच्चे को जन्म नहीं दे सकता। कल्पना करें, जब पहली बार आदि मानव ने स्त्री के शरीर से एक नया जीवन पैदा होते देखा होगा, तब वह किस आश्चर्य और भय से गुजरा होगा। एक जादू-सा लगा होगा। यह जादू वह नहीं कर सकता, सो उसने इस जादूगरनी को दबाना शुरू कर दिया। मनोवैज्ञानिक इसे हीनता-ग्रंथि कहते हैं, जो एक मानसिक रोग है। अगर इस रोग से पुरुष मुक्त हुआ, तो ही वह शरीर से ऊपर उठ पाएगा और स्त्री को एक व्यक्ति की तरह देख पाएगा। स्त्री और पुरुष, दोनों एक साथ मुक्त हो सकेंगे।



## सम्पादकीय

# अशोभनीय विवाद

भारतीय राजनीति नए-नए विद्रूप रचने की अभ्यस्त हो चली है। शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पश्चिम बंगाल में अपने कार्यक्रम से जुड़ी जो टिप्पणी की, उसमें उनकी पीड़ा की अभिव्यक्ति देखने के बजाय राजनीति के बिंदु खोजने की चेष्टा हो रही है और इसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। देश में अब कुछ ही सांविधानिक पद ऐसे हैं, जिनका सम्मान बचा हुआ है और इसे हर हाल में अक्षुण्ण रखा जाना चाहिए। हाशिये के समाज से आने वाली राष्ट्रपति जब पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचीं, तब वहां की अव्यवस्था देखकर उनका निराशा व्यक्त करना लाजिमी था। राज्य की ममता बनर्जी सरकार को इसका तत्काल संज्ञान लेते हुए शालीन व्यवहार का परिचय देना चाहिए था, मगर दोषियों की पहचान और कार्रवाई करने के बजाय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महामहिम के उद्गार पर ही प्रश्न खड़े कर दिए? अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि कार्यक्रम की आयोजक एक निजी संस्था थी और जिला सुरक्षा अधिकारियों ने मौके का मुआयना करने के बाद राज्य सरकार को जो सूचना दी थी, उसके बिना पर उनकी सरकार ने राष्ट्रपति सचिवालय को बाकायदा पत्र और टेलीफोन के जरिये अपर्याप्त तैयारी की सूचना दी थी, इसके बावजूद नियत समय पर ममता बनर्जी ने यह भी दावा किया है कि चूंकि मुख्यमंत्री उस कार्यक्रम की मंच योजना का हिस्सा नहीं थीं, इसलिए महामहिम के स्वागत के लिए उनका हैलीपैड पर उपस्थित न रहना प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं है। मुख्यमंत्री के अपने तर्क हो सकते हैं, मगर राष्ट्रपति देश की प्रथम नागरिक हैं, किसी सियासी पार्टी से अब उनका कोई ताल्लुकात नहीं है, तो क्या यह शिष्टाचार का तकाजा नहीं था कि उनकी अगवानी के लिए प्रदेश के किसी वरिष्ठ मंत्री को अधिकृत किया जाता? ममता मंत्रिमंडल में 50 से भी अधिक मंत्री हैं। बहरहाल, यह अफसोसनाक बात है कि राष्ट्रपति की नाखुशी को अपने-अपने हक में भुनाने में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस ने कोई वक्त नहीं गंवाया। भाजपा जहां इसे महामहिम के साथ-साथ देश-प्रदेश के आदिवासियों के अपमान का मुद्दा बनाने में जुट गई, तो वहीं तृणमूल ने उस पर पश्चिम बंगाल को बदनाम करने के लिए देश के सर्वोच्च पद को भी न बख्शने का आरोप जड़ दिया। जाहिर है, ममता अब इसे पश्चिम बंगाल की अस्मिता पर हमले से जोड़ने की कोशिश करेंगी।

## 21वीं सदी की बड़ी घटना

# ईरान में खामेनेई का अंत और इस्लामी क्रांति

अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च मजहबी नेता अयातुल्लाह अल खामेनेई का मारा जाना 21वीं सदी की ऐसी बड़ी घटना है जिसका प्रभाव कई रूपों में संपूर्ण विश्व पर पड़ेगा। इस्लामी शासन होने के कारण वे व्यावहारिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता थे।



अवधेश कुमार
(दैनिक अवन्तिका)

राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की भूमिका खामेनेई की नीतियों के क्रियान्वयन की रही है।अयातुल्लाह होने के कारण उन्हें विश्व भर के शिया मुसलमान अपने शीर्ष मजहबी नेता के रूप में देखते थे। पाकिस्तान ,ईरान ,भारत सहित कई देशों में शिया मुसलमानों का विरोध सामने है। किंतु यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान के एक भी पड़ोसी देश ने ईरान का पक्ष नहीं लिया है। हालांकि पिछले वर्ष खामेनेई ने संपूर्ण विश्व के मुसलमानों की एकता का आह्वान किया था। ईरान और उसके बाहर उनके समर्थकों की कल्पना में कभी उनके इस तरह की मौत की बात नहीं आई होगी। हालांकि पिछले वर्ष जून में पहले इजरायल और बाद में अमेरिका के हमले के समय अटकलें लगी थी कि शायद वे देश छोड़कर चले गए। ऐसा हुआ नहीं।

इस घटना की संपूर्ण परिणतियों का स्पष्ट पूर्वावलोकन अभी कठिन है। इतना स्पष्ट कहा जा सकता है कि ईरान में 1979 से इस्लामी क्रांति का एक दौर तत्काल समाप्त हो गया है।

ऐसा नहीं है कि इस्लामी क्रांति के बाद हुए परिवर्तनों ,स्थापित ढांचें, विचारधारायें समाप्त हो गईं हैं पर कम से कम उस रूप में आने वाले लंबे समय तक मुक्त और स्वतंत्र शिया इस्लामी शासन नहीं हो सकता। यह कथन सामान्य क्रांतियों के संदर्भ में है कि क्रांति के शिशु ही क्रांति को खा जाते हैं। ईरान के इस्लामी क्रांति के बारे में भी तत्काल यह निष्कर्ष सही दिखता है। सामान्यतः आम इस्लामी देशों से थोड़ा उदार और खुले जीवन जीने वाले ईरान में 1979 के इस्लामी क्रांति और अयातुल्लाह के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापना संपूर्ण विश्व की दृष्टि से एक नई घटना थी। इसमें केवल ईरान नहीं संपूर्ण अरब और कुछ मायनो में इससे बाहर भी गैर इस्लामी या इस्लाम विरोधी शासनों के अंत और इसके विस्तार का विचार प्रबल था। यहूदी देश इजरायल को इस्लाम का दुश्मन घोषित करते हुए ईरान राष्ट्र का लक्ष्य धरती से उसका नामोनिशान मिटाना हो गया। अमेरिका और उसके नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों को शैतान कहा गया। यह व्यावहारिक तौर पर विश्व में एक इस्लामी विद्रोह की सत्ता का स्वरूप था। सच कहें तो इसी अतिवादी भाव के व्यवहार ने ईरान को उस अवस्था में पहुंचा दिया जहां उसका शांत, स्थिर, सशक्त और सुरक्षित रहना असंभव था। जब आप किसी एक देश के धरती पर नहीं रहने के अधिकार की घोषणा करेंगे और उसके अनुसार देश का व्यवहार होगा, बाहर अलग-अलग हिंसक समूह पैदा कर उसकी मदद करेंगे तो इसकी प्रतिक्रिया आपको झेलनी पड़ेगी। आखिर कोई देश ऐसे शासन को कायम रहने देने के पक्ष में क्यों होगा जो उसके अंत को अपना लक्ष्य बनाकर काम कर रहा हो?

इस्लामी क्रांति के साथ 1979 में अमेरिकी दूतावास पर हमले और उसके बाद की तस्वीरें आज भी सिहरन पैदा करती हैं। अमेरिकी कर्मचारियों के हाथ बांध कर बाहर लाया गया, वे बंधक बनाये गये। तब से हर अमेरिकी राष्ट्रपति की कामना होती थी ईरान से इस्लामी शासन का अंत हो। तत्कालीन ईरानी शासक राजा शाह पहलवी को अपने परिवार और समर्थकों के साथ अमेरिका में शरण लेनी पड़ी। आज उनके पुत्र रेजा शाह पहलवी और परिवार अमेरिका में ही है। पिछले लगभग 3 महीने से ईरान के अंदर विरोध प्रदर्शनों में हमने देखा कि लोग उनकी तस्वीरें लिए वापस आओ के नारे लगा रहे थे। ये लोग अमेरिका से भी हस्तक्षेप की भी मांग कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विरोधियों का समर्थन किया, ईरान को चेतावनी दी पर तत्काल सीधा हस्तक्षेप नहीं किया। कुछ वक्तव्यों और घटनाओं से लग रहा था कि डोनाल्ड ट्रंप इस बार परिणामकारी सैन्य हस्तक्षेप करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने खामेनेई शासन को चेतावनी दी, न्यूक्लियर कार्यक्रमों को समाप्त करने की शर्तें रखी, ओमान में बातचीत भी आरंभ की किंतु सब रणनीति के तहत था। उसके साथ-ईरान के आसपास अब्राहम लिंकन जैसा सबसे बड़ा नौसैनिक बेरा और अन्य तैयारी होती रही।

दरअसल, 7 अक्टूबर ,2023 को हमास द्वारा उत्सव मना रहे निर्दोष निरपराध यहूदियों पर हमला कर लगभग 1200 लोगों का सरेआम कत्लेआम और बंधक बना लेने की घटना ने पश्चिम एशिया खासकर ईरान इजरायल ,ईरान अमेरिका संबंधों को ऐसे मोड़ पर ला दिया जिसे अयातुल्लाह सहित उनके परिवार के अनेक सदस्यों ,प्रमुख कमांडरों और रक्षा मंत्री आदि की मृत्यु की पृष्ठभूमि माना जा सकता है। गाजा में हमास , लेबनान में हिजबुल्लाह, यमन में हुती अयातुल्लाह के ईरान के ही गैर राज्यीय आतंकवादी समूह हैं। उस घटना ने विश्व के हर विवेकशील व्यक्ति और संतुलित राष्ट्रों को अंदर से हिला दिया। हालांकि यहूदियों के विरुद्ध इस्लामी मजहबी भाव को देखते हुए मुस्लिम देशों में आम भाव ऐसा नहीं था किंतु ईरान की तरह भूमिका दूसरे की नहीं थी।

इजरायल और अमेरिका का ऑपरेशन तभी से आगे बढ़ने लगा। लेबनान में हिजबुल्लाह तथा गाजा में हमास को पूरी तरह समाप्त करने के लक्ष्य से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कार्रवाई आरंभ की। हिजबुल्लाह प्रमुख नजीबुल्लाह और उसके ज्यादातर शीर्ष साथियों की मृत्यु ,उसके केंद्र काफी हद तक नष्ट होने आदि के साथ उसकी शक्ति इतनी क्षीण हो गई कि पहले की तरह संघर्ष नहीं कर सकते थे। गाजा में भी संघर्ष जारी रहा और अपने लोगों को सुरक्षित लाने की विवशता रहते हुए भी इजरायल ने हमास के ढांचे को जितना संभव था अंत करने की कोशिश की। डोनाल्ड ट्रंप के शासन में आने के बाद कुछ समय के लिए लगा कि शायद इजरायल की उनको लेकर अपेक्षाएं गलत साबित हो सकतीं हैं। लेकिन 22 जून 2025 को अमेरिका के शक्तिशाली जीबी 57ए/ बी मैसिव ऑर्डिनेंस पेनिट्रेट या एमोपी जिसे बंकर बस्टर बम भी कहा जाता है, के हमलों में ईरान के तीन महत्वपूर्ण फोर्डो, नतांज और इस्फाहान न्यूक्लियर ठिकानों को नष्ट किया। वस्तुतः अमेरिका और इजराइल क्रमबद्ध तरीके से यहां तक पहुंचे हैं। ईरान पर पिछले एक दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों ने उसके तेल व्यापार को लगभग समाप्त कर दिया और आर्थिक संकट बढ़ता गया।

## वाट्सऐप ग्रुप के सुप्रभात

आज के डिजिटल युग में 'आतंकवाद' केवल सीमाओं पर नहीं होता, वह सुबह-सुबह आपके तकिए के नीचे रखे मोबाइल फोन में भी घुसपैठ करता है। इस आधुनिक आतंकवाद के सरगना हैं-'सुप्रभात वीर'। ये वे लोग हैं जिनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य सूर्योदय से पहले आपके फोन की घंटी बजाकर आपकी आत्मा को झकझोरना और आपकी नींद का सरेआम कत्ल करना है।

हमारे मोहल्ले के 'मक्खनलाल जी' इस सेना के जनरल हैं। मक्खनलाल जी को रात में नींद आए न आए, पर सुबह चार बजे उनका 'अंगूठा' खुजलाने लगता है। वे बिस्तर से पैर नीचे उतारने से पहले 'फॉरवर्ड' बटन पर अंगूठा टिका देते हैं। उनके पास ऐसे चित्रों का जखीरा है जिसमें उगते हुए सूरज के पीछे से साक्षात ब्रह्मदेव प्रकट हो रहे होते हैं, या फिर ओस की बूंदों पर कोई बेचारा कीड़ा फिसल रहा होता है, और नीचे सुनहरे अक्षरों में लिखा होता है- ।सत्य ही शिव है, और शिव ही सुंदर है... शुभ प्रभात!।

मक्खनलाल जी जैसे वीरों के लिए 'सुप्रभात' भेजना कोई सामाजिक शिष्टाचार नहीं, बल्कि एक 'मजहबी रस्म' है। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि सामने वाला रात को दो बजे दफ्तर से लौटा है या किसी बीमारी से लड़ रहा है। उनके लिए तो बस ग्रुप में 'नीले टिक' का सवेरा होना चाहिए।

मक्खनलाल का तर्क भी बड़ा 'कुटिल' है। वे कहते हैं, ।भाई साहब, हम तो सोए हुए समाज को जगा रहे हैं!। अब उन्हें कौन समझाए कि समाज जागना चाहता है, पर सुबह साढ़े चार बजे भगवान की फोटो के साथ 'गुड मॉर्निंग' पढ़कर नहीं, बल्कि अपनी अधूरी नींद पूरी करके। इनकी कलाकारी का चरम तब दिखता है जब ये हिलते-डुलते जिफ चित्र भेजते हैं। एक ऐसा चमकता हुआ गुलाब का फूल, जो स्क्रीन पर ऐसे फड़फड़ाता है जैसे उसे अभी-अभी मिर्गी का दौरा पड़ा हो। उस फूल के ऊपर से कोई कृत्रिम तितली उड़ती हुई आती है और लिख देती है- ।आपका दिन मंगलमय हो!। उस तितली की फड़फड़ाहट देखकर नींद तो क्या, मोहल्ले के कुत्तों का भौंकना भी बंद हो जाता है। इनके ग्रुप में कुछ 'अनुगामी' भी होते हैं। जैसे ही मक्खनलाल जी का बम फटता है, नीचे से चार-पांच 'तथास्तु' छाप लोग हाथ जोड़ने वाली इमोजी की झड़ी लगा देते हैं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 10 मार्च 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:44 सूर्यास्त 18:31
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - सप्तमी 25:55 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - अनुराधा 19:05 उपरांत ज्येष्ठा
योग - हर्षण 08:21 उपरांत वज्र
करण - विष्टि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 20 तारिख

**मेष-** स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे।

**वृषभ-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**मिथुन-** यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क-** भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी।

**सिंह-** बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**कन्या-** यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है।

**तुला-** व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। ।

**वृश्चिक-** परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा

**धनु-** नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**मकर-** सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ-** घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

**मीन-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

## समसामयिक

# इन रंगों के सरोवर में मानो हम इन्दौरी रंग पंचमी की मस्ती में मस्त हो गये

इंदौर मध्य-प्रदेश में रंग पंचमी की वर्षों पुरानी परंपरा है, जो विश्व प्रसिद्ध है। यह उत्सव रंगों के माध्यम से प्रेम बंटाता है। होली के बाद रंग पंचमी पर आज फिर शहर रंगारंग गेर में डुब गया था। इन्दौर के



हरिसिंह चौहान
(दैनिक अवन्तिका)

हृदय स्थल राजवाड़ा पर सुबह से ही रंग गुलाल खेलने मस्तों की टोली पहुंच गई थी। टोरी कार्नर से शुरू हुई परंपरागत 'गेर' में रंग-गुलाल से पुरा क्षेत्र में कलरफुल वातावरण बन गया था। फिर एक बार शहर का रंगों का उत्सव देखने को मिला । ऐसा लगा कि इन्दौर सही में गजब है। आसमान से रंग बरस रहा था, वहीं पुलिस प्रशासन भी इस बार ज्यादा चुस्त दुरुस्त था। डोन कैमरा से निगरानी और चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात थी । वहीं गड़बड़ी करने वालों को तुरंत पकड़ रही थी। जिसे देखकर वहां पर लाखों की संख्या में उपस्थित धर्म व संस्कृति प्रेमी जनता भी इसके लिए पुलिस प्रशासन के काम की तारीफ कर रही थी और जोर-जोर से ताली भी बजा रही थी। यातायात व्यवस्था में तैनात जवान भी बहुत बढ़िया व्यवस्था कर रखी थी। सभी जानते हैं कि इन्दौर की यह रंग पंचमी अब सांस्कृतिक धरोहर बन चुकी है, और इसकी अपनी एक अलग पहचान है। इसलिए इस पर शरारती तत्वों पर निगरानी रखी गई और शोरगुल करने वाले खिलोनों पर प्रतिबंध लगा रखा था। वहीं डीजे की गाड़ी व बेड बाजे की आवाज भी कम कर रखी थी।

जिससे ऐतिहासिक परंपरागत 'गेर' का महत्वः कम नहीं हो क्योंकि अपन सभी इन्दौरी है। जो रंगपंचमी पर 'गेर' निकलीं गई है वहां सौहार्द व भाईचारे की अदभुत मिसाल है इस पर्व का उत्साह उमंगता आज भी उसी प्रकार से कायम है। आधुनिक दौर में आज जिस तरह जवान बच्चे बुजुर्ग महिला वह मातृशक्ति की उपस्थिति इस रंगारंग सांस्कृतिक गेर में रंगपंचमी पर हुई, उसे देखकर ऐसा नहीं लगता की नई पीढ़ी में अपने धर्म संस्कार व संस्कृति छोड़ दी है। आज इस रंग पंचमी पर पूरे देश को सनातन धर्म की परम्परा और समाजिक एकता रंग देखने को मिला। इन्दौर जो नफरत को भुलाकर रंगों के जरिए एकता को बढ़ावा देता है।

इंदौर की यह रंगपंचमी सिर्फ एक रंग खेलने का त्योहार नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर की एक अनूठी मिशाल है। देश दुनिया से नफरत मिटें और प्रेम स्नेह व वात्सल्य को बढ़ावा मिले। मनुष्य को हमेशा मिलजुलकर सभी रंगों में डुबकी लगाने की जरूरत है तभी सरोकार का एक अहम भाव हमारे मानस पटल पर आयेगा । रंग कोई भी हो उसकी एक अपनी अलग पहचान होती है। हमे हमेशा से अपनी दृष्टि में सही गलत का मूल्यांकन करते रहना होगा। जिससे आदमी को आत्मीयता पहचान हो सके । आज रंग पंचमी पर जो गेर निकली वह सचमुच सबसे अलग थी इसे देखने देश-विदेश से लोग इन्दौर आये। सभी रंगों के इस सरोवर में डूब गए। कुछ सालों से इसमें धार्मिकता का अटूट संगम देखने को मिल रहा है।इस बार विश्व प्रसिद्ध उज्जैन के महाकाल बाबा की विशाल प्रतिकृति और मंदिर की रचना की गई। वहीं मोर मुकुट बंशीवाले भी रंग-गुलाल उड़ाते हुए दिखाई दिए। और बड़ी बड़ी ट्रेक्टर ट्राली में कम्पेसर मशीनों द्वारा तिरंगे कलर के रंगों को आसमान में ऐसे उड़ता था रहा था, कि मानों तिरंगा लहराया रहा हो। एक और तिरंगा तो जमीं पर भगवा ध्वज मानो राष्ट्रीय एकता व सनातन संस्कृति मिलकर रंग गुलाल उडा रही हो। सबसे स्वच्छ शहर स्वच्छता का महागुरु इन्दौर इस वृहद रूप से बड़े रंग गुलाल पानी के बाद वहां फेला कचरा जो जम जाता है। उसे 400 से 500 कर्मचारियों सफाई मित्रों व अधिकारियों के सहयोग से 20 मशीनों द्वारा सफाई तुरंत की जाती है। यहां भी बहुत बड़ी बात है। रंगों के सरोवर में मानो इन्दौरी आज सब रंग पंचमी की मस्ती में मस्त हो गये। लेकिन हम अपने उद्देश्य से पीछे नहीं हाटते हैं। तभी तो हमारी अपनी अलग पहचान है और हमारे लिए हमारा शहर हमारी जान है। पर्व व त्योहार की खुशियां हमें सकारात्मक ऊर्जा से भर देते, इस लिए ऐसे रंगों का होना अच्छा है।

# गर्मी से बचने के लिए पहनें ऐसे कपड़े, पसीने से मिलेगी राहत

गर्मी आ चुकी है और इस मौसम में फैशन एक बड़ा चैलेंज बना हुआ है। तपती धूप और पसीनों के साथ कूल लुक पाना किसी के लिए भी आसान नहीं होता। ऐसे में अगर आप भी विंटर स्टाइल के बाद गर्मी की इस परेशानी से जूझ रहें हैं तो यहां हम आपके लिए कई क्रिएटिव आइडियाज लेकर आए हैं।

इन्हें फॉलो कर आप गर्मी की तपिश से तो बचेंगे ही, अपने स्टाइल स्टेटस को भी बरकरार रख सकेंगे। यही नहीं, अगर आप ऑफिस गोइंग हैं और दिनभर फॉर्मल पहनना आपकी मजबूरी है तो भी आपके लिए यहां कुछ खास टिप्स हैं जो बहुत काम की हैं। तो आइए जानते हैं कि किस तरह गर्मी में खुद को कूल रखने के साथ साथ दिख सकते हैं स्टाइलिश।



1. लेनिन फैब्रिक्स का करें प्रयोग : गर्मियों में फॉर्मल कैरी करना आसान नहीं होता। ऐसे में अगर आप हल्के फेब्रिक वाले ब्लेजर और पैंट का प्रयोग करें तो यह आपके लिए बहुत आरामदायक साबित हो सकता है। यही नहीं, समर कलेक्शन के रूप में इन दिनों लगभग हर बड़ी कंपनियों के शो रूम में लेनिन के शर्ट, ब्लेजर और ट्राउजर मिल जाएंगे। आप इन्हें हल्के और डार्क दोनों शेड में ले सकते हैं। यह दिखने में भी काफी कूल लगते हैं।
2. पहनें लूज कपड़े : अगर आप टाइट कपड़े पहनेंगे तो पसीना ज्यादा आएगा। यही नहीं, टाइट कपड़ों की वजह से कई बार आर्मपिट और बेल्ट एरिया में रैश भी हो सकते हैं। इसलिए हो सके तो एक साइज बड़ा या कैजुअल फिटिंग वाले शर्ट, टीशर्ट, जींस या ट्राउजर पहनें।
3. लेयरिंग करें : आप लेयरिंग कर अपनी स्किन को धूप और पसीने से तो बचा ही सकते हैं साथ ही, स्टाइलिश भी दिख सकते हैं। इसके लिए आप सॉलिड लाइट कॉटन टीशर्ट के उपर कॉटन की समर कलर वाली शर्ट पहन सकते हैं। आपको शर्ट के बटन बंद करने की जरूरत नहीं है।
4. बनियान पहनना न भूलें : अपने वार्डरोब में गर्मी के आते ही कम से कम 6 से 7 बनियान जरूर रखें। अगर आप शर्ट या टीशर्ट के अंदर बनियान पहनते हैं तो पसीने की वजह से आपके कपड़े बॉडी में चिपकते नहीं। यही नहीं आपके साथ आपके कपड़े भी लंबे समय तक फ्रेश रहते हैं।
5. डिजाइन या वर्क वाले कपड़ों से बचें : समर में डिजाइन या वर्क वाले कपड़ों से बचें। अगर आप गर्मी में वर्क या लेयरिंग डिजाइन वाले ड्रेस पहनेंगे तो हो सकता है कि आपको गर्मी अधिक लगे। इसलिए बेहतर होगा कि आप वर्क वाले कपड़ों को समर में अपने वार्डरोब से हटाकर रखें।
6. सही रंगों का करें चुनाव : अगर आप समर में ग्रे, सफेद, ऑलिव ग्रीन, स्काई ब्लू, ऑफ वाइट, पीच जैसे रंगों के कपड़ों का चुनाव करेंगे तो यह दिखने और पहनने दोनों में कूल रहेगा।

## धर्म-आस्था

# परंपरा, धर्म और परिवर्तन: क्यों कहा गया कि माता-पिता बेटी के घर न रहें

भारतीय समाज की परंपराएँ केवल सामाजिक नियम नहीं हैं, बल्कि उनके पीछे धर्म, परिवार व्यवस्था



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

और जीवन के अनुभवों की लंबी परंपरा छिपी होती है। कभी ऐसा समय था जब यह माना जाता था कि माता-पिता बेटी के घर पानी भी नहीं पीते। आज के समय में जब अनेक परिवारों में माता-पिता अपनी बेटी के साथ रहते हैं, तब स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है कि आखिर यह मान्यता बनी ही क्यों थी।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि भारतीय संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो कुलों का मिलन माना गया है। विवाह के बाद कन्या को उसके पति के कुल की गृहलक्ष्मी माना जाता था। यही कारण था कि विवाह के समय कन्यादान को एक पवित्र संस्कार कहा गया। इसका भाव यह था कि पिता अपनी पुत्री को उसके नए परिवार को सौंप रहा है, जहाँ वह नए कुल की परंपराओं और वंश को आगे बढ़ाएगी।

इसी आधार पर यह मर्यादा बनाई गई कि विवाह के बाद मायके वाले बेटी के घर अधिक समय तक न रहें। इसका उद्देश्य यह नहीं था कि माता-पिता बेटी से दूर रहें, बल्कि यह था कि बेटी अपने नए परिवार में पूरी तरह स्थापित हो सके। उस समय संयुक्त परिवारों की व्यवस्था थी, जहाँ प्रत्येक सदस्य की भूमिका स्पष्ट होती थी। यदि मायके का प्रभाव अधिक होता, तो कई बार परिवार के संतुलन में कठिनाई आ सकती थी। इसलिए मर्यादा और संतुलन बनाए रखने के लिए यह सामाजिक नियम बना। धार्मिक दृष्टि से भी इसे वंश परंपरा से जोड़ा गया। प्राचीन भारतीय समाज में वंश का विस्तार मुख्य रूप से पुत्र के माध्यम से माना जाता था। इसी कारण यह विश्वास प्रचलित हुआ कि माता-पिता का स्थायी निवास पुत्र के घर होना चाहिए, ताकि परिवार की परंपरा और वंश की निरंतरता बनी रहे। यदि माता-पिता अधिक समय बेटी के घर रहें, तो यह समझा जाता था कि उनका संबंध धीरे-धीरे उसी कुल से जुड़ने लगेगा जहाँ बेटी का विवाह हुआ है।

लोकमान्यता में एक और विचार प्रचलित रहा। कहा जाता था कि यदि किसी वंश में माता-पिता अधिक समय तक बेटी के घर रहने लगें, तो आने वाली पीढ़ियों में उस परिवार में बेटियों का जन्म अधिक होने लगेगा। इसे शाब्दिक सत्य की तरह नहीं बल्कि एक प्रतीकात्मक धार्मिक मान्यता के रूप में समझा जाता था। इसका उद्देश्य केवल यह संदेश देना था कि प्रत्येक परिवार को अपनी वंश परंपरा की जिम्मेदारी स्वयं निभानी चाहिए।

धर्मशास्त्रों में भी यह विचार मिलता है कि माता-पिता को अपने जीवन का उत्तरार्ध संयम, साधना और संतुलन के साथ बिताना चाहिए। इसलिए उनसे अपेक्षा की जाती थी कि वे अपने पुत्रों के साथ रहकर परिवार का मार्गदर्शन करें और धीरे-धीरे सांसारिक जिम्मेदारियों से अलग होते जाएँ। यही कारण था कि बेटी के घर स्थायी रूप से रहने को उचित नहीं माना गया। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि इन मान्यताओं का उद्देश्य किसी भी रूप में बेटी को कम महत्व देना नहीं था। भारतीय संस्कृति में कन्या को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया है। घर में बेटी का जन्म शुभ माना जाता है और विवाह के समय उसे सम्मानपूर्वक विदा किया जाता है। यह परंपरा बेटी के प्रति सम्मान और स्नेह का ही प्रतीक थी।

समय के साथ समाज की परिस्थितियाँ बदल गईं। आज परिवार छोटे हो गए हैं, रोजगार और जीवन की परिस्थितियाँ भी अलग हैं। अनेक परिवारों में बेटा दूर रहता है और बेटी ही माता-पिता के पास रहती है या उन्हें अपने साथ रखती है। ऐसे में यदि माता-पिता बेटी के घर रहते हैं, तो इसे किसी भी दृष्टि से अनुचित नहीं माना जा सकता। धर्म का वास्तविक संदेश करुणा, कर्तव्य और सम्मान है। यदि कोई बेटी अपने माता-पिता की सेवा करती है और उन्हें अपने घर में सम्मानपूर्वक स्थान देती है, तो यह धर्म के विरुद्ध नहीं बल्कि धर्म की भावना के अनुरूप ही है। भारतीय संस्कृति में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ा पुण्य कहा गया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम पुरानी मान्यताओं को अंधविश्वास के रूप में न देखें, बल्कि उनके पीछे छिपी सामाजिक और धार्मिक भावना को समझें। उस समय के समाज में जो व्यवस्था उचित थी, वह उसी समय के अनुसार बनी थी।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1831-2729 चना काबली- 4000-4801, चना बड़ा- 2401-5411, रायड़ा- 5445, बलटा- 3601, सोयाबीन- 2027-5851, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,67,300, रवा- 1,67,200 चांदी- टंच- 2,76,500 पाट- 2,76,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृत्व वार्ड में महिलाओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**शुजालपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उड़ान शैक्षणिक व सामाजिक संस्था द्वारा सिविल हॉस्पिटल शुजालपुर के मातृत्व वार्ड में भर्ती महिलाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लेक्टेटिंग स्तनपान कराने वाली माताओं को प्रसव के बाद किस प्रकार का पौष्टिक आहार लेना चाहिए, इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था की ओर से अस्पताल में भर्ती महिलाओं को फल वितरित किए गए तथा उनके स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान महिलाओं को गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए उपलब्ध वैक्सीन के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि यह वैक्सीन 14 से 15 वर्ष की आयु की बालिकाओं को लगवाना आवश्यक है, जिससे भविष्य में इस गंभीर रोग से बचाव संभव हो सके। कार्यक्रम में संस्था द्वारा इस रोग की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर अलका देशमुख, वंदना चौहान, कृष्ण शास्त्री, अंजू खत्री, भारती राजपूत, रश्मि अवस्थी, माधवी सणस सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मधु मंडलोई ने डॉ. शारदा रामसरिया, डॉ. आभा जैन, जया महेश्वरी, सुनीता पाटीदार, मनीषा एवं अस्पताल के सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## दुर्गा दरबार मंदिर में महाफाग उत्सव महिलाओं ने खेली प्राकृतिक गुलाल से होली



**शुजालपुर।** होली एवं रंग पंचमी के शुभ अवसर पर दुर्गा दरबार महिला भक्त मंडल एवं कल्याणी वामा मंडल के तत्वावधान में दुर्गा दरबार मंदिर में महाफाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण एवं रुक्मणी के स्वरूप में सजी बच्चियों का पुष्पहार व गुलाल से स्वागत किया गया। उत्सव के दौरान महिलाओं ने उत्साहपूर्वक फाग, होली गीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं, जिससे मंदिर परिसर भक्तिमय और रंगोत्सव के उल्लास से सराबोर हो गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं ने केवल प्राकृतिक गुलाल से होली खेलने का संकल्प भी लिया। भजन कार्यक्रम में खुशबू शर्मा, शोभा, हेमा, राजकुमारी, रानी, दीपा एवं मेघा ने रोचक भजनों की प्रस्तुति दी। दुर्गा मां की आरती के पश्चात फ ाग उत्सव का समापन हुआ। कार्यक्रम में क्षमा शर्मा, राजकुमारी, रानो कोर, दीपा, संध्या, प्रीति मिश्रा, हेमा जोशी, शोभा, सरोज सहित अन्य महिलाओं ने सहयोग किया। अंत में मधु मंडलोई ने उपस्थित सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

## शासन की योजना के तहत नपा टीम द्वारा मकान जनगणना प्रारंभ की



**खाचरौद।** शासन के निदेर्शानुसार नगरपालिका टीम द्वारा वार्ड नं. 15 में वार्ड प्रभारी योगेन्द्र तोमर द्वारा लक्ष्मीबाईमार्ग पर मकान जनगणना की गई। मकानवासीयो से जनसंख्या की जानकारी व मकान पर जनगणना टीप स्थापित की गई। इस अवसर पर विरेन्द्र दावरे,अरविंद दावरे, अमित राठौर, महेन्द्र गौहर, द्वारा मकान की जनगणना की जानकारी प्राप्त कर रजिस्टर में दर्ज कर मकान को चिन्हीत किया गया।

## टेकरी पर माता के दर्शन कराने बेरिकेडिंग होगी कलेक्टर ने ली बैठक

**देवास।** देवास में आगामी 19 मार्च से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। माता टेकरी पर हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जिसके मद्देनजर प्रशासन ने अभी से व्यवस्थाओं का खाका तैयार करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और नवरात्रि की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को व्यवस्थित करने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने और मूलभूत सुविधाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**


बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**
**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

सुबह से दोपहर तक जारी रही रंगों की बौछार नगर मे निकली गैर, रंग पंचमी पर दिखा चहुंओर उल्लास

# महिदपुर में हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में निकली रंगारंग गेर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर







नगर में रंग पंचमी का त्योहार पारंपरिक उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। दोपहर में हिंदु उत्सव समिति द्वारा रंगारंग गेर निकाली गई। गेर शुरू होने के पहले विजय स्तंभ पर भारत माताकी आरती, राष्ट्रगान हुआ। गेर में बेंड, डीजे के साथ ही मोटू-पतलू की वेशभूषा में कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। डीजे, बैंड पर युवाओं की टोलियां झूम रही थी। फायर बिग्रेड से निकली बौछारे युवाओं का उत्साह बढा रही थी। वही गुलाल, रंगों से सडके सराबोर हो गई। चैक बाजार में हनुमान चालिस सामुहिक पाठ हुआ।

गेर में हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष डा विपुल धाडीवाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिसौदिया, संरक्षक भगवानसिंह पंवार, विधायक दिनेश जैन बोस, सुधीर मूणत, विक्की यादव, लोकेश अण्डेरिया, मनोज प्रजापत, विष्णु मालवीय, जंगी सोलंकी, सुभाष राठी, दिनेश बगाना, गौरव जायसवाल, राधेश्याम नरवरिया सहित सभी दलों के कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में नागरिक शामिल हुए। वही सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस- प्रशासन मुस्तैद रहा। हिन्दू उत्सव समिति ने रंगपंचमी की गैर को ऐतिहासिक स्वरूप देने हेतु सभी धार्मिक महानुभावों, समस्त आनुसांगिक संगठनों, अन्य सामाजिक संगठनों एवं समितियों, राजस्व विभाग, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका, एमपीईबी तथा विगत कई दिनों से अनवरत इस कार्य में लगे समस्त कार्यकताओं का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी नागरिकों का भी हार्दिक धन्यवाद दिया।

### शुजालपुर

नगर सहित अंचलों में रंग पंचमी का पर्व रविवार को उत्साह के साथ मनाया गया। इस पर्व के चलते सुबह से दोपहर तक रंगों की बौछार होती रही। शहर में रंग पंचमी पर्व की शुरूआत शासकीय महाविद्यालय मैदान पर खिलाडियों द्वारा आयोजित होली के रंग मित्रों के संग कार्यक्रम के साथ हुआ। जिसमें कोई पूर्व खिलााड़ियों सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थित रही। यहां पर युवाओं ने जमकर होली खेली और होली के गीतों पर नृत्य भी किया।

### पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई गैर

मंडी क्षेत्र में रंग पंचमी पर्व पर निकलने वाली पारंपरिक गेर का शुभारंभ श्री राम मंदिर के समीप से हुआ। रविवार को लगभग 10 बजे भगवान श्री राम की आरती का आयोजन किया गया और उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान को रंग गुलाल लगाकर फूलों से होली खेली। उसके उपरांत ढोल नगाड़ों के साथ गेर का शुभारंभ हुआ। जोकि लोहिया मार्ग, रोकडिया हनुमान मंदिर, टेंपो चौराहा, एमजी रोड, मंडी बस स्टैंड, दिगंबर जैन मंदिर रोड होते हुए गुजरी। इस गैर में जमकर रंग गुलाल उड़े तो नगर पालिका की दमकल से पानी की बौछार की गई। गैर में शामिल होकर नागरिकों ने रंग गुलाल लगाई। कई स्थानों पर युवाओं ने फोटो और सेल्फी भी खींची। इस गैर का कई स्थानों पर स्वागत भी किया गया। नगर में इस पर्व के चलते एहतियात के तौर पर पुलिस बल भी तैनात रहा। उधर सिटी क्षेत्र में भी श्री हनुमान अखाड़ा रायकनपुरा से गेर निकाली गई, जो कि सिटी क्षेत्र के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए वापस रायकनपुरा पहुंची। जहां पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रहवासी मौजूद थे। इस पारंपरिक गैर के दौरान नागरिकों ने जमकर होली खेली। साथ ही अंचलों में भी जमकर होली खेली गई।

### खाचरौद

भवानी ग्रुप द्वारा रंगारंग गैर उज्जैन दरवाजा भवानी चौक से निकाली गई। गैर में सैकड़ों की संख्या में युवाओं की टोली रंगारंगा से सरोबर होकर चली। गैर में दो डीजे की ध्वनि पर होली गीतो पर युवा खुब थिरके। महाराष्ट्रीयन डोल के साथ भी युवाऔ द्वारा मस्त माहौल बना दिया। गैर के सभी मार्ग पर मोहल्लेवासियों द्वारा पानी के टेंकरों से रंग व गुलाल उड़ाकर स्वागत सत्कार किया गया। मोहल्लो में अपने अपने परिवार सहित महिला, पुरूष और बच्चो द्वारा रंग से सरोबर होकर होली खेली गई। रंगपचमी पर्व पर मोहल्ले में पोहे आदि नाश्ते का भी भरपुर व्यवस्था रही। पुलिस प्रशासन से एसडीओपी आकांक्षा बैछोटे, थानाप्रभारी धनसिंह नलवाया आदि पुलिस बल के साथ नगर में निरीक्षण करते रहे।

## फर्जी स्वामित्व प्रमाण पत्र बना कर ठगे 25 हजार रुपए, थमा दिया फर्जी प्रमाण-पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर



खिलचीपुर में नगर पालिका के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर 25 हजार रुपये लेने का मामला शुक्रवार को सामने आया है। पीड़ित ने इस संबंध में नगर परिषद खिलचीपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर कार्य वाही की मांग की है।आरोप लगाया है कि रामप्रसाद (चायवाला) एवं राजु वर्मा (पार्षद प्रतिनिधि) ने नगर पालिका के दस्तावेज तैयार कराने के नाम पर उससे 25,000 रुपये लिए, बाद में जब वह दस्तावेजों की पुष्टि के लिए नगर पालिका कार्यालय पहुंचा, तो जांच में वे दस्तावेज फर्जी पाए गए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि मामले की जानकारी ठगों को लगने पर ठगों द्वारा उसे डराया-धमकाया गया ओर नगर पालिका जाने को लेकर सवाल उठाए गए। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

जितेंद्र विश्वकर्मा निवासी कालाजी बल्डी वार्ड क्रमांक -04 ने बताया मकान पर लोन करवाने के लिये मुझे स्वामित्व प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी, में ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं हूं ओर न ही ज्यादा जानता हूं मुझे रामप्रसाद चाय वाला एवं राजू वर्मा पार्षद प्रतिनिधि ने प्रमाण पत्र बनवाने की बात पर रुपया 25 हजार लेकर एक-दो दिन में प्रमाण पत्र बनवाने की बात कही । मैंने रुपया दे दिया लगभग एक महीने बीत जाने पर मुझे प्रमाण पत्र इन्होंने बनवा कर दिया, जिसे लेकर में रजिस्टार ऑफिस गया तो उन्होंने इस प्रमाण पत्र को फर्जी बताया, तब में नगर पंचायत कार्यालय इसकी पुष्टि के लिए आया तो नगर परिषद कर्मचारी ने इसे फर्जी बताया। मैंने अपनी ठगी का शिकायती आवेदन सीएमओ साहब को ठगो के खिलाफ कार्यवाही करने को दिया।

इस विषय में राजस्व निरीक्षक राजेंद्र दांगी ने बताया कि एक फर्जी प्रमाण पत्र का मामला आया है हमने इसकी जांच कि तो पता चला कि प्रमाण पत्र पर वर्ष 2021 में पदस्थ सीएमओ के सिग्नेचर निकले वही नगर परिषद में इसकी जानकारी नहीं मिली।

## जिला शिक्षा अधिकारी का बोर्ड की परीक्षाओं के मूल्यांकन में औचक निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु स्थापित शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना स्थित मूल्यांकन केंद्र का रविवार जिला शिक्षा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य की बारीकियों का अवलोकन किया और संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने सभी मूल्यांकनकताओं को निर्देशित किया कि मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए जा सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूल्यांकन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। अंकों की प्रविष्टि एवं गणना पूरी सावधानी और पारदर्शिता के साथ की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने गणित, संस्कृत, अकाउंटेंसी एवं जीव विज्ञान विषयों के मूल्यांकनकर्ताओं के प्रशिक्षण की समीक्षा की तथा मूल्यांकन मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण का मूल्यांकन 10 मार्च से प्रारम्भ होगा। अब तक हाई स्कूल की लगभग 35 प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी की 45 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन संपन्न हो चुका है। आज के प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन कार्य में जो शिक्षक बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए, उनके प्रति प्रशासन ने गंभीर रुख अपनाया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने मूल्यांकन केंद्र प्रभारी से अनुपस्थित शिक्षकों की सूची तलब की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा तथा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री गोयल ने कहा कि मूल्यांकन कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें देरी या अनुशासनहीनता स्वीकार्य नहीं है। सभी शिक्षक पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभाएं।

## 50 फीसदी प्रॉपर्टी टैक्स बकाया, जमा कराने 100 फीसदी तक पैनाल्टी माफ करेगी नपा

### नेशनल लोक अदालत 14 को

**सारंगपुर।** नगर पालिका ने शहर के करदाताओं को बकाया कर चुकाने के लिए 14 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत के माध्यम से विशेष अवसर दिया है। इस दिन संपत्तिकर और जलप्रभार के बकायों पर अधिभार (पैनाल्टी) में 25 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

नगरपालिका सीएमओ दीपक रानवे के अनुसार लोक अदालत के दिन शहर के न्यायालय परिसर में विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां नागरिक मौके पर ही अपना बकाया जमा कर छूट का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग अपने कर का भुगतान करें, ताकि रुके विकास कार्य को शुरू किया जा सके। दरअसल वित्तीय वर्ष का अंतिम महीना होने के कारण नगर पालिका अधिक से अधिक संपत्तिकर वसूली पर फोकस कर रहा है। इस कारण शहर भर के वार्ड कार्यालय में अवकाश के दिन भी कार्यालय खोले जा रहे हैं। सीएमओ दीपक रानव ने बताया कि 50 हजार रुपए तक बकाया पर अधिभार पर 100 फीसदी छूट। जबकि 50 हजार रुपए से 1 लाख रु. तक बकाया पर अधिभार पर 50 फीसदी छूट मिलेगी। जबकि 1 लाख रुपए से अधिक बकाया पर अधिभार पर 25 फीसदी छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल कर में यह राहत जलकर के 10 हजार रुपए तक बकाया पर अधिभार में 100 फीसदी तक छूट मिलेगी।

## वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में रविवार रात हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। तीनों बाइक से घर लौट रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान पाड़ा मैदान किंडर स्कूल के पास निवासी 35 वर्षीय पप्पू खराड़ी पुत्र मांगीलाल के रूप में हुई है। पप्पू अपने दो दोस्तों के साथ भोपाल रोड बायपास से घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान राजोदा जेल चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में पप्पू खराड़ी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दोनों दोस्त घायल हो गए। घायलों को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

सोमवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पप्पू खराड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे और उनके पांच छोटे बच्चे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूखण्ड/भूमि सर्वे क्रमांक 69/1/6 रकबा 0.0750 है.. सर्वे कमांक 69/1/7/1 रकबा 0.0174 हे. पर भूखण्ड होकर गगाम गोयलाखुर्द, वार्ड नं 53 तहसील व जिला उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 930 वर्गमीटर है जिसकी चतुसीर्मा निम्नानुसार है पूर्व में पावापूरी के भूखण्ड, पश्चिम में उज्जैन इन्दौर रोड, उत्तर में - भूमि अन्य कि, दक्षिण में भूमि सर्वे क्रमांक 69/1/6 के शेष भाग स्थित है। उक्त संपत्ति श्रीमती मनीषा डागा पति स्व. राजेश कुमार डागा, कुमारी दिया डागा पिता स्व. राजेश कुमार डागा माधव डागा पिता स्व. राजेश कुमार डागा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP17IGR18842025A100188494 दिनांक 01/04/2025 के माध्यम से अर्पित रियल स्टेट डेवलपर्स प्रायवेट लिमिटेड को विधिवत प्राप्त हुई थी. जिसके पूर्व का लिंक दस्तावेज क्रमांक 7286 दिनांक 30/03/2007, दस्तावेज कमांक 2963 दिनांक 31/03/2010 एवं दस्तावेज क्रमांक 1547 दिनांक 05/07/2012 कही गुम हो गयी थी तथा जिसकी अन्य दस्तावेज के साथ सत्यापित प्रतिलिपि भी प्राप्त की जा रही है। यह कि दस्तावेज लिंक दस्तावेज के रूप है। यह कि अर्पित रियल स्टेट डेवलपर्स प्रायवेट लिमिटेड द्वारा आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उक्त का लोन स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 09/03/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार मुथुट होम फिंन इंडिया लिमिटेड, शाखा 201 सेकण्ड फ्लोर कल्पट्रेड सेंटर शहीद पार्क फ्रिंगज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 150/1/1/मीन-1 स्थित ग्राम पंवासा, मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 56.39 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- मकान राजेन्द्र सिंह का, पश्चिम मे- रास्ता कॉलोनी का, उत्तर में- भूखण्ड शर्मानंदजी का, दक्षिण में- मकान अब्दुल का स्थित है। उक्त सम्पत्ति देवकरण मालवीय पिता भैरूलाल जी ने बजर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP432022019A1161706 दिनांक 07/03/2019 के माध्यम से विधिवत रूप से क्रय किया है तथा उक्त संपत्ति से संबंधित पूर्व का मुल विक्रय पत्र क्रमांक 982 दिनांक 22/05/2008 कही गुम हो गया है तथा देवकरण मालवीय ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु मुथुट होम फिंन इंडिया लिमिटेड में आवेदन किया है। तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गुलाब सिंह पिता नारायणसिंह निवासी ग्राम पारसी तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 276/2 रकबा 0.58 हेक्टेयर, ग्राम गुना खेडी तहसील तराना जिला उज्जैन के राजस्व अभिलेखों में श्रीमती उर्मिला कुवर पति गुलाबसिंह द्वारा बिना किसी हित एवं अधिकार के अपने नाम की प्रविष्टि का इंद्राज करवा लिया गया है। उक्त प्रविष्टि का लाभउठाकर वर्णित भूमि को अन्यत्र अंतरण किए जाने हेतु भी प्रयासरत है। उक्त भूमि के संबंध में एक व्यवहार वाद कमांक-आरसीएसए-41-ए/2025 गुलाबसिंह विरूद्ध नारायणसिंह के नाम से श्रीमान तृतीय व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड तराना जिला उज्जैन के समक्ष प्रस्तुत किया है जो विचाराधीन है। ऐसी दशा में कोई भी व्यक्ति / बैंक / संस्था / निकाय उक्त भूमि के संबंध में कोई भी संव्यवहार/क्रय विक्रय/दान/अंतरण ना करे। यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक/निकाय द्वारा उक्त भूमि के संबंध में संव्यवहार किया जाता है तो ऐसा संव्यवहार प्रकरण के विचाराधीन रहने की दशा में अवैधानिक होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा तथा जिसके समस्त हर्जेखर्चे व परिणामों की जिम्मेदारी संव्यवहारकर्ता की रहेगी।

इति दिनांक :- 09/03/2026

**त्रिभुवनसिंह डोडिया (हाईकोर्ट एडवोकेट)**
**कार्यालय-9/1, अवंतिपुरा उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल-9669354273,**

## डिलीवरी के 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर बुक होगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की रीफिल बुकिंग के नियमों में बदलाव किया है। अब उपभोक्ता एक सिलेंडर डिलीवर होने के बाद दूसरा सिलेंडर 21 दिन के बजाय 25 दिन बाद ही बुक कर सकेंगे। मिडिल ईस्ट टेंशन के बीच सरकार ने यह कदम गैस की जमाखोरी रोकने और सभी उपभोक्ताओं को समान रूप से सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए उठाया है। पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा था कि जरूरत न होने पर भी लोग सिलेंडर बुक करके स्टॉक कर रहे थे। सरकार का मानना है कि वेटिंग पीरियड को 25 दिन करने से बेवजह की बुकिंग पर लगाम लगेगी। इससे उन लोगों को आसानी से सिलेंडर मिल सकेगा जिन्हें वाकई जरूरत है।

## ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम खरीदेगा इंडोनेशिया

**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए भारत के साथ एक एग्रीमेंट किया है। इंडोनेशिया डिफेंस मिनिस्ट्री के स्पोक्सपर्सन रिको रिकार्डो सिरैत ने सोमवार को न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को ये जानकारी दी। भारत और रूस की को-ओनरशिप वाली कंपनी ब्रह्मोस ने रॉयटर्स को बताया कि वह जकार्ता के साथ 200 मिलियन से 350 मिलियन की डील पर एडवांस्ड बातचीत कर रही है। रिको ने कहा कि यह एग्रीमेंट मिलिट्री हार्डवेयर और डिफेंस कैपेबिलिटीज़ के मॉडर्नाइजेशन का हिस्सा है। इससे पहले फिलीपींस ने भी ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम खरीदा था।

## महाराष्ट्र में गोरक्षकों ने ट्रक हेल्पर को गोबर खिलाया

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में मुंबई बेंगलुरु हाइवे पर एक ट्रक के समुदाय विशेष हेल्पर को गो रक्षकों ने गोबर खाने के लिए मजबूर किया। साथ ही गोरक्षकों ने ट्रक के ड्राइवर पर भी हमला किया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना पिछले हफ्ते 6 मार्च की है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन आरोपियों ने कथित तौर पर ट्रक ड्राइवर और उसके हेल्पर पर हमला किया, यह आरोप लगाते हुए कि वे नकली कागजों पर भैंसों को ले जा रहे थे।

## ट्रम्प बोले- ऑस्ट्रेलिया ईरान की महिला खिलाड़ियों को शरण दे

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग का आज दसवां दिन है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऑस्ट्रेलिया से अपील की है कि वह ईरान की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों को शरण दे। ट्रम्प ने कहा कि अगर उन्हें ईरान वापस भेजा गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है और यह एक बड़ी मानवीय गलती होगी। यह मामला ऑस्ट्रेलिया में चल रहे महिला एशियन कप के दौरान सामने आया। दरअसल 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद महिला टीम ने राष्ट्रगान नहीं गाया था, जिसे सरकार के खिलाफ विरोध के रूप में देखा गया। इसके बाद ईरानी मीडिया में खिलाडियों को देशद्रोही बताया गया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि अगर इन खिलाड़ियों को ईरान भेजा गया तो उन्हें गंभीर सजा का सामना करना पड़े या उनकी जान भी जा सकती है। ट्रम्प ने कहा कि अगर ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ियों को शरण देने के लिए तैयार नहीं है, तो अमेरिका उन्हें आश्रय देने के लिए तैयार है।

## विजयपुर से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का चुनाव निरस्त

**ग्वालियर ।** ग्वालियर हाईकोर्ट ने विजयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा का चुनाव रद्द कर दिया है। ग्वालियर बेंच के जस्टिस जी.एस. अहलूवालिया ने यह फैसला बीजेपी नेता और पूर्व मंत्री रामनिवास रावत की याचिका पर सुनाया। रावत अब विजयपुर विधानसभा सीट से नए होंगे। रामनिवास रावत ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि मुकेश मल्होत्रा ने 2024 के उपचुनाव नॉमिनेशन में अपने खिलाफ दर्ज क्रिमिनल केस की पूरी जानकारी नहीं दी थी। मुकेश ने 4 क्रिमिनल रिकॉर्ड बताए थे, जबकि 2 केस छिपाए थे। याचिका में रावत ने मल्होत्रा के खिलाफ दर्ज सभी 6 क्रिमिनल केस की जानकारी दी थी। कोर्ट ने फैसला सुनाया कि रामनिवास रावत उपचुनाव में दूसरे नंबर पर आए थे, इसलिए मुकेश मल्होत्रा का चुनाव रद्द किया जाता है। साथ ही रावत को विजयपुर का एमएलए घोषित किया जाता है।

## नर्स ने पति को ब्लेड से मारा, सीने पर बैठी...

**भोपाल।** भोपाल के होटल में नर्स पत्नी ने अपने अर्ध नग्न पति को जमकर पीटा। ब्लेड और डंडे से हमला किया। थप्पड़ भी बरसाए। हमले में पति के सिर, पेट और हाथ में गंभीर चोट लगी है। पीटने का वीडियो भी सामने आया है। हालांकि इनमें कुछ वीडियो पुराने हैं। मामला पिपलानी थाना क्षेत्र के आनंद नगर का है। जानकारी के मुताबिक घायल पति का नर्स पत्नी ने कांच का गिलास फेंककर पति का सिर फोड़ दिया। लहूलुहान हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मेडिकल कॉलेजों में हड़ताल 16 मार्च तक स्थगित

**भोपाल।** लंबित स्टाइपेंड संशोधन को लेकर जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सोमवार को सुबह 9 बजे से हड़ताल रही जो शाम 5 बजे तक चलती रही। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और चिकित्सा शिक्षा आयुक्त के साथ संयुक्त बैठक के बाद जेडीए ने निर्णय लिया कि अब हड़ताल को 16 मार्च तक स्थगित कर दिया जाए। जेडीए ने अपने आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि कर दी है। बयान में बताया गया है कि बैठक में जूनियर डॉक्टरों की सभी लंबित मांगों पर विस्तृत और सार्थक चर्चा की गई है। इससे पहले सोमवार सुबह 9 बजे से हडताल रही। इस कारण गांधी मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विभाग में पीपीटीसीटी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर, फर्टिलिटी क्लिनिक, एएनसी रूम सुमित अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित होती रहीं।

# पेयजल संकट वाले ग्रामों का चिन्हांकन कर पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना बनाएं- कलेक्टर

**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर सुश्री ऋ जु बाफना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर बाफना ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दियए कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए जिन ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना हो, उन ग्रामों का अभी से चिन्हांकन कर कार्ययोजना बनाएं एवं वहां पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने वैकल्पिक पेयजल स्त्रोंतों का चिन्हांकन भी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को जिला पंचायत कार्यालय में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पेयजल कन्ट्रोल रूम बनाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर बाफना ने जलनिगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को 31 मार्च 2026 तक रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को जलजीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण योजनाओं को हस्तांतरण करने व अधूरी जलजीवन मिशन की योजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर बाफना ने स्वास्थ्य विभाग के रेफरल प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा भी की। साथ ही उन्होंने सीएमएचओ को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, गर्भवती माताओं की समग्र ईकेवायसी कराने तथा सोनोग्राफी सेंटर पर सोनोग्राफी प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सहकारिता विभाग की समीक्षा कर धारा-85 के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होने बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी को गेहूं उपार्जन के तहत



किसान पंजीयन कराने एवं पंजीयन केंद्र की स्थापना की आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सीईओ को हितग्राहियों की ईकेवायसी कराने तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को अपूर्ण आंगनवाड़ी भवनों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को नियम विरूद्ध संचालित वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पशुपालन एंव डेयरी विभाग तथा उद्यानिकी के अधिकारी को केसीसी ऋ्रण के लक्ष्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर बाफना ने जिला परियोजना समन्वयक को विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं मिशन अंकुर अंतर्गत कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस मौके पर कलेक्टर ने सीएम डेशबोर्ड में दर्ज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर समयसीमा में निराकृत करने, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी में प्रगति लाने, सामाजिक न्याय विभाग की पेंशन योजनाओं में हितग्राहियो की केवायसी तथा समग्र आईडी से आधार लिंक केवायसी कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अनुपमा चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# प्रशासन कह रहा सफाई हो रही है लेकिन हकीकत तो ये शिप्रा के घाटों पर कचरा पड़ा है

**उज्जैन।** प्रतिदिन हजारों की संख्या में बाहर के श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन आते हैं तथा शिप्रा नदी में स्नान कर भगवान महाकाल सहित अन्य देवी देवताओं के दर्शन करते हैं लेकिन पिछले कई दिनों से शिप्रा नदी के घाटों की नियमित सफाई नहीं हो रही है इस कारण कई घाटों पर कचरे के ढेर पड़े हुए हैं इधर अधिकारियों का कहना है कि शिप्रा नदी व घाटों की रोज सफाई करवाई जा रही है लेकिन हकीकत तो कुछ और है।

शिप्रा नदी के घाटों पर जगह-जगह कचरे के ढेर पडे देखे जा सकते हैं। ऐसा इसलिए कि जब भी शिप्रा नदी के घाटों की सफाई के बारे में अधिकारियों से बात की जाती है तो उनका यही कहना होता है कि शिप्रा नदी के घाटों की नियमित सफाई हो रही है जबकि हकीकत कुछ और ही है। शुक्रवार को शिप्रा नदी के अंदर कचरा व निर्माल्य सामग्री तैर रही थी वही शिप्रा नदी के घाटों पर भी कचरे का ढेर पड़ा था और ऐसे में ही श्रद्धालु शिप्रा नदी में स्नान कर रहे थे।

शिप्रा के घाट पर फैली गंदगी की वजह से पूजन आदि कार्य से आने वाले पंडे-पुजारी ओर आम श्रद्धालु परेशान है। शिप्रा नदी के मुख्य घाटों पर भी जगह जगह कचरा पड़ा हुआ है। बाहर से स्नान,



पूजन आदि के लिए आ रहे श्रद्धालु में इससे नाराजगी है। लेकिन शिकायत किसको करे और घाट पर उनकी कौन सुने। प्रशासन को ध्यान देकर घाटों की नियमित सफाई करवाना चाहिए। इसके पहले कई बार शिप्रा नदी के घाटों पर फैली गंदगी को देख साधु संतों ने भी नाराजगी जताई थी और उसके बाद अधिकारियों ने घाटों का निरीक्षण कर यहां की सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे और कहा था की शिप्रा नदी के सभी घाटों की नियमित सफाई की जाएगी। परंतु शुक्रवार को घाटों



पर गंदगी व कचरा देखा गया और ऐसे में ही बाहर से आने वाले श्रद्धालु शिप्रा में स्नान कर रहे थे।

**बड़ी संख्या में शाम को श्रद्धालु शिप्रा आरती में शामिल होते हैं** -वैसे तो शिप्रा नदी के घाटों पर हमेशा लोगों की चहल-पहल रहती है लेकिन शाम को शिप्रा आरती के दौरान लोगों की संख्या बढ़ जाती है शिप्रा आरती में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से घाटों पर गंदगी, पूजा सामग्री के ढेर लगे हुए हैं तथा घाटों पर रखे गए डस्टबिन भी कचरे से लबालब भरे थे।

### // जाहिर सूचना//

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड / भूमि सर्वे क्रमांक 69/1/6 रकबा 0. 0750 है, सर्वे क्रमांक 69/1/7/1 रकबा 0.0174 है. पर भूखण्ड होकर ग्राम गोयलाखुर्द, वार्ड न 53 तहसील व जिला उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 930 वर्गमीटर है जिसकी चतुर्सीमा निम्नानुसार है पूर्व में पावापूरी के भूखण्ड, पश्चिम में उज्जैन इन्दौर रोड उत्तर में भूमि अन्य कि दक्षिण में भूमि सर्वे क्रमांक 69/1/6 के शेष भाग स्थित है। उक्त संपत्ति श्रीमती मनीषा डागा पति स्व. राजेश कुमार डागा, कुमारी दिया डागा पिता स्व राजेश कुमार डागा माधव डागा पिता स्व. राजेश कुमार डागा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 171 जीआर18842025 ए100188494 दिनांक 01/04/2025 के माध्यम से अर्पित रियल स्टेट डेवलपर्स प्रायवेट लिमिटेड को विधिवत प्राप्त हुई थी जिसके पूर्व का लिंक दस्तावेज क्रमांक 7286 दिनांक 30/03/2007 दस्तावेज क्रमांक 2963 दिनांक 31/03/2010 एवं दस्तावेज क्रमांक 1547 दिनांक 05/07/2012 कही गुम हो गयी थी तथा जिसकी अन्य दस्तावेज के साथ सत्यापित प्रत्तिलिपि भी प्राप्त की जा रही है। यह कि दस्तावेज लिंक दस्तावेज के रूप है। यह कि अर्पित रियल स्टेट डेवलपर्स प्रायवेट लिमिटेड द्वारा आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स कर प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम. कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से सात दिवस से सहप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश कर ताकी उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उक्त कालोनी स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात किसी भी प्रकार को आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जायेगी। अतः सूचित हो। इति दिनांक 09/03/2026

**नीरज सक्सेना ( एडवोकेट )**
**ए-18 भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

### // जाहिर सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने विक्रेता हेमाबाई पति राकेश उर्फ राजेश जाति माली निवासी ग्राम लोहाना तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. द्वारा भूमि सर्वे क्र. 485/2/6 रकबा 0.0348 है. का विक्रीत भाग जिसमे से निर्मित मकान आर सी सी छत का जिसकी लम्बाई पूर्व - पश्चिम 65 फीट तथा चौड़ाई उत्तर दक्षिण 30 फीट है शेष खुला भाग भूखंड जिसकी लम्बाई पूर्व पश्चिम 60 फीट तथा चौड़ाई उत्तर दक्षिण 30 फीट अर्थात इसप्रकार तल मंजिल बिक्री भाग का कुल क्षेत्रफल 3750 वर्गफीट याने 348.23 वर्गमीटर है जिसमे से निर्मित भाग का कुल क्षेत्रफल 1950 वर्गफीट है व खुले भाग का कुल क्षेत्रफल 1800 वर्गफीट स्थित ग्राम लोहाना तहसील बडनगर जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा बयाना राशि भी विक्रेता को अदा कर दी है एवं विक्रय पत्र का सम्पादन करना शेष है इस सम्बन्ध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त भूमि तथा विक्रय सौदे से सम्बंधित कोई आपत्ति हो या संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था आदि का कोई लेना देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपति के सम्बन्ध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालयीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को कोई आपत्ति हो या उक्त मूल दस्तावेज कही जमा हो बंधक हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप में मेरे कार्यालय में दर्ज करावे ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके अन्यथा बाद मियाद जाहिर सूचना के किसी भी आपत्ति पर विचार ना करते हुए मेरा पक्षकार विक्रय पत्र सम्पादित एवं निष्पादित करा लेवेगा तथा मियादित अवधि के पश्चात कोई आपति बंधनकारक एवं मान्य नहीं रहेगी।

सूचित हो । दिनांक 09/03/2026

**लोकेन्द्र पटेल ( अभिभाषक )**
**161, राधाकृष्ण कॉलोनी बडनगर**
**जिला उज्जैन मो. 7999800300**

## चोरी के आरोप में नाबालिग को खंभे से बांधा

**खिरकिया।** खिरकिया के ग्राम चारुवा स्थित गुप्तेश्वर मंदिर मेले में चोरी के आरोप में एक युवक को खंभे से बांध दिया गया। इस घटना का वीडियो सोमवार को सामने आया है। दुकानदारों ने युवक को चोरी करते हुए पकड़ा और उसे रस्सी से बांधकर पुलिस को सौंप दिया। यह घटना रविवार देर रात करीब तीन बजे हुई। बताया गया है कि युवक और उसके कुछ साथियों ने मेले में लगी दुकानों से खिलौने और अन्य सामान चुराया था।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री बालकृष्ण पिता श्री बद्रीप्रसाद जाति रैदास निवासी ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से उनके निजी स्वामित्व, स्वत्त्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 197/1 रकबा 0.20 हैक्टर व सर्वे नम्बर 198/2/1 रकबा 0.20 हैक्टर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.40 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

यह दिनांक है- 09-03-2026

**अश्विन पलोड़ ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मोबाईल 99265-32350**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार फर्म ओमकार स्टेट पता-लालबहादुर शास्त्री मार्ग, सांवेर रोड उज्जैन (म.प्र.) द्वारा आवंटित प्लाट नंबर 354 , 355 ,356 ,357, 358 ,359 , 360 स्थित ओमकार होम्स कालोनी, ग्राम सुरासा तहसील घटिया जिला उज्जैन है, जो खरीदार नारायण सिंह आयु- 47 वर्ष आधार नंबर- 3734 9304 5249 निवासी ग्राम सुरासा, आगर मार्ग, उज्जैन को बजरिये रसीद क्रमांक 161 ,162 ,163 ,164 ,165 ,166,167 दिनांक 01/07/2023 को आवंटित की गई थी, उक्त ओरिजनल रसीद नारायण सिंह से कहीं गुम हो गई है तथा काफी दुढने के बाद भी नहीं मिल रही है, यदि उक्त ओरिजनल रसीद को खरीदार नारायण सिंह द्वारा किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था आदि या अन्य किसी को गिरवी या बंधक रखी हो तो इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार खरीदार नारायण सिंह के निर्देशित व्यक्ति के नाम से उक्त वर्णित संपति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 09-03-2026 स्थान उज्जैन

**गौरव गौदावत ( जैन ) एडव्होकेट**
**दुकान नंबर -डीएफ-7 भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन मो. 99260-68606**

## 3.8 करोड़ की लागत से हो रहे गंधर्व तालाब के विकास कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

**उज्जैन।** नगर निगम द्वारा 3.8 करोड़ की लागत से वार्ड क्रमांक 05 इंद्रानगर स्थित प्राचीन गंधर्व तालाब का सौंदर्यकरण एवं विकास कार्य किया गया हैं सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल ने क्षेत्रीय पार्षद दिलीप परमार के साथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। नगर निगम द्वारा राशि रुपए लगभग 3.8 करोड़ की लागत से गंधर्व तालाब के चारों ओर विकास कार्य एवं सौंदर्यीकरण किया गया है जिसमें चारों तरफ घाट बनाए गए हैं, स्टोन पीचिंग के साथ-साथ सीड़ियों का निर्माण एवं डबल घाट का निर्माण किया गया है ताकि जब तालाब में पानी का लेवल बडेगा तब ऊपर के घाटों का उपयोग किया जा सकेगा साथ ही 450 मीटर लंबे वॉकिंग पाथवे की सुविधा, मेन गेट पर सुरक्षा की दृष्टि से ग्रिल लगाई गई है, आकर्षक विद्युत पोल, चारों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल, गडीबो, फाउंटेन, तालाब के आसपास हरियाली हेतु ग्रीनरी इत्यादि कार्य करवाए गए है। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, पार्षद पंकज चौधरी उपस्थित रहे।

## नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को, वाहन रैली को दिखाई हरी झंडी

**उज्जैन।** नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश की उपस्थिति में निगम द्वारा वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।14 मार्च 2026 शनिवार को समस्त जोन कार्यालय में बकाया संपत्ति कर,जल कर जमा करने हेतु नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है सोमवार को कोठी स्थित जिला न्यायालय परिसर से नगर निगम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित वाहन रैली को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में 25 से अधिक नगर निगम के संसाधन शामिल हुए। इस दौरान विशेष न्यायाधीश अरविंद प्रताप सिंह चौहान, जिला न्यायाधीश विकास चौहान, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विन परिहार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार भाटी, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, संपत्ति कर अधिकारी सुनील जैन,एवं समस्त जोन के संपत्तिकर अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्थापना विभाग के निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त को कर्मचारी अनुपस्थित मिले

**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित स्थापना शाखा का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा उपस्थिति रजिस्टर की जांच की गई जिसमें कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए उनका 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिया साथ ही कार्यालय अधीक्षक प्रदीप सोलंकी का भी1 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री मिश्रा द्वारा समस्त विभागों के विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया की समस्त कर्मचारी कार्यालय समय में प्रातः 10:00 बजे उपस्थित रहे विभागों के काम प्रभावित ना हो एवं जो भी नागरिक विभागों से संबंधित कामों के लिए मुख्यालय आते हैं संबंधित कर्मचारी अपनी टेबल पर उपस्थित रहे ताकि नागरिक परेशान ना हो एवं चक्कर ना लगाने पड़े। स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान लिपिक आशीष पंवार दिनांक 5 एवं 6 मार्च को अनुपस्थित होने से 2 दिन का वेतन काटने के निर्देश, हर्षिल शाह, तुषार खोडे, आकाश श्रीवास्तव अनुपस्थित पाए जाने पर 01 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए इसी के साथ कार्यालय अधीक्षक प्रदीप सोलंकी अनुपस्थित पाए गए जिनका भी एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान स्थापना शाखा के उपायुक्त श्री मनोज मौर्य, जनसंपर्क अधिकारी श्री पवन कुमार उपस्थित रहे।

## शहर के चार एनएसएस स्वयंसेवक चित्रकूट में बढ़ा रहे जिले का मान

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन. गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की एनएसएस इकाई के चार स्वयंसेवक गोविंद गोस्वामी, सूरज राय, मोना सौराष्ट्रीय और चंचल पाटीदार का चयन एनएसएस मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 2026 के लिए हुआ है। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 08 मार्च से 14 मार्च 2026 तक चित्रकूट के दीनदयाल शोध संस्थान (उद्यमिता परिसर), जिला सतना में किया जा रहा है। इन चारों स्वयंसेवकों का चयन एनएसएस की दैनिक एवं विशेष गतिविधियों में उनकी सक्रियता तथा एनएसएस परेड दल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इस विशेष उपलब्धि पर स्वयंसेवकों को मां राजराजेश्वरी माता मंदिर प्रांगण से पूरे उत्साह के साथ विदा किया गया, जहां रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रकाश बर्फा, भारतीय ज्ञान प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. बी. एल. मालवीय एवं युवा उत्सव प्रभारी डॉ. डी.आर. राठौर ने उन्हें मोती माला व एनएसएस केप पहनाकर रवाना किया। इस अवसर पर एनएसएस इकाई एम्बेसडर रवि कुमार तथा एनएसएस एसयूओ लक्ष्मी पुष्पद ने भी उपस्थित होकर साथियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस. के. तिवारी ने इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर स्वयंसेवकों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा।

## एनईपी-2020 एवं संकाय विकास कार्यक्रम में डॉ. बोड़ाने को ए ग्रेड

**शाजापुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन शासकीय अग्रणी महाविद्यालय, शाजापुर के रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष एवं जिला नोडल अधिकारी (ई-प्रवेश) डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ गुजरात द्वारा आयोजित छ दिवसीय ऑनलाइन एनईपी-2020 संवेदीकरण एवं अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु तेज बहादुर खालसा कॉलेज द्वारा ऑनलाइन आयोजित रिसर्च मेथोडोलॉजी एसेंशियल एंड प्लैगरिज्म चौलेंजेस विषय पर ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम में भी सहभागिता कर ए ग्रेड प्राप्त किया। डॉ. बोड़ाने महाविद्यालय के पहले ऐसे सहायक प्राध्यापक हैं, जो विज्ञान संकाय के अंतर्गत सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में शोध निर्देशक के रूप में पंजीकृत हुए हैं और वे निरंतर उच्च शिक्षा के शेत्र में शैक्षणिक नवाचारों के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के.तिवारी ने प्रमाण पत्र दिया।

## विधायक भीमावत ने बांटे प्रमाण पत्र

**शाजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सोमवार को नगर के सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाजापुर विधायक अरुण भीमावत मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य सविता सोनी ने की।

## बाबा करेंगे साधना

**खजुराहो।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एक महीने के लिए सार्वजनिक संपर्क से दूर रहेंगे। वे मई में बद्रीनाथ के बर्फीले पहाड़ों पर 21 दिनों की विशेष साधना करेंगे। इस अवधि में वे किसी भी नेटवर्क में नहीं रहेंगे, न ही धाम पर उपस्थित होंगे। और न ही कथा या दिव्य दरबार का आयोजन करेंगे।


**पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल**

**ई-निविदा सूचना**

**Tender Notice No. M247GLRSFRP CAB252637 Date: 07.03.2026. कार्य का नाम:** 25 KV कनवेंशनल इलेक्ट्रीक लोको में अग्निरोधी FRP केब व अन्य सुविधाओं का प्रावधान **स्थान:** मु.का.प्र./दाहोद प. रेलवे कार्यालय **कार्य की अनुमानित लागत:** Rs. 9,55,04,100/- **बयाना राशि:** Rs.6,27,600/- **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय:** ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 30-03-2026 को 14:30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी । **निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता:** www.ireps.gov.in / E-Tenders / Works / IR Electrical.

Apex/17/1/500

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## कायस्थ समाज ने कलम दवात व भगवान श्री चित्रगुप्तजी का किया पूजन

**सारंगपुर।** भाई दूज पर कायस्थ समाज द्वारा सामूहिक कलम दवात व भगवान श्री चित्रगुप्तजी का पूजन किया। प्रतिवर्ष अनुसार कायस्थ समाज के द्वारा अपने आराध्य देव कि पूजन कि व भाई दूज पर बहनो ने अपने भाईयो को तिलक लगाकर लम्बी उम्र कि कामना की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ गोवर्धन प्रसाद सक्सेना, रमेश कुमार सक्सेना, मूलचंद श्रीवास्तव, गिरीश सक्सेना, रमेश सक्सेना, आनंद सक्सेना, कायस्थ समाज सारंगपुर के अध्यक्ष राजेश सक्सेना, पटवारी ओम सक्सेना, अक्षय सक्सेना, अमित सक्सेना, गौरव सक्सेना, मनीष सक्सेना, नितीन सक्सेना, जुगनू श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, रविन्द्र श्रीवास्तव, विपुल सक्सेना एंव समाज जन उपस्थित रहे।

## ब्लाक कालोनी में महिला मंडल ने मनाया फाग महोत्सव



**सारंगपुर।** सारंगपुर में होली के उल्लास के बीच ब्लाक कालोनी महिला मंडल ने फाग महोत्सव का आयोजन किया। आयोजित इस कार्यक्रम में बडी संख्या में कालोनी की महिलाओं ने शिरकत की और पारंपरिक तरीके से होली का पर्व मनाया। महिला मंडल की सदस्यों ने अबीर, गुलाल और पुष्प अर्पित कर फाग उत्सव का शुभारंभ किया। इसके बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। महोत्सव के दौरान ढोलक की थाप पर पारंपरिक फाग गीत और भजनों की प्रस्तुति दी गई। 'फूलों में छुप गया नंदलाला, गोपाला, राधा ने पकडा रंग डाला' जैसे भक्तिपूर्ण गीतों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। इन गीतों पर महिलाएं जमकर थिरकीं। महिला मंडल की उमा देवी, ममता बाई, दुर्गा बाई, अनिता नारोलिया, रविना हाड़ा, संगीता राठौर, कैशर बाई, लाडकुंवर, माला हाड़ा, विक्कु हाड़ा तथा मिलन हाड़ा और उनकी टीम के नेतृत्व में यह सफल आयोजन संपन्ना हुआ। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए माला हाड़ा ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य आपसी सौहार्द बढाना और अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखना है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण और शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## गुरु और सद गुरु में बहुत बड़ा अंतर रंग पंचमी महोत्सव में बोले – जैन मुनि

**महिदपुर रोड।** जैन समाज के रंग पंचमी महोत्सव में विभिन्न शहरों तथा गांवों नगरों से उपस्थित श्री संघ प्रमुखों जैन श्रावकों



को संबोधित करते हुए आचार्य श्री मद विजय ऋषभ चंद्र सूरिश्वर जी म सा के आज्ञानुवर्ती सप्तम वर्ष तपस्वी पीयूष चंद्र जी मसा ने गुरु और सद गुरु में अंतर बताते हुए कहा गुरु अनेक मिलेंगे लेकिन सदगुरु हजारों में एक मिलते हैं सदगुरु वह होता है जो अपने शिष्य को आर्थिक प्रगति उन्नति की और अग्रसर करने में मदद करता है जबकि गुरु आर्थिक रूप से संपन्न शिष्यों को पसंद करता है। धानासुता में आयोजित इस कार्यक्रम के लाभार्थी वीरेंद्र कुमार सोमचंद मेहता खाचरौद रहे रंग पंचमी महो त्सव कार्यक्रम में महिदपुर रोड खारूआं कलां नगर से जैन श्री संघ के सदस्य, युवा शामिल होने प हुंचे जहां श्री संघ के सदस्यों ने म सा से खारूआ कलां में पधारने की भावभरी विनंती की जिसे स्वीकार करते हुए म सा ने 12 मार्च गुरुवार को खारूआ कलां में पधारने की स्वीकृति दी

## कायस्थ मंडल का होली मिलन समारोह संपन्न, खेली फूल गुलाल से होली




**राजगढ़-ब्यावरा।** कायस्थ मंडल नगरीय क्षेत्र वेलफेयर सोसायटी का होली मिलन समारोह निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या मे कायस्थ समाज लोग उपस्थित रहे। मंडल के अध्यक्ष आर बी सक्सेना, एम के भटनागर ने बताया कि होली मिलन कार्यक्रम एकता सदभावना को लेकर हर साल किया जाता है। होली मिलन कार्यक्रम में सपरिवार सहित होली मिलन, गीत संगीत, नृत्य, काव्य पाठ आदि के साथ सहभोज भी किया गया है। कार्यक्रम मे श्रीमती शशि श्रीवास्तव, सुहास प्रधान, कुसुम सक्सेना, लता श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, अन्नू श्रीवास्तव, नीना सक्सेना, अमृता भटनागर के अलावा मंडल, संरक्षक के सी श्रीवास्तव, पूर्व विधायक शैलेन्द्र प्रधान मीडिया प्रभारी अभय प्रधान, दिनेशचंद श्रीवास्तव, दिवाकर श्रीवास्तव, नवनीत सिन्हा, हरि ओम भटनागर, मनीष भटनागर, योगेन्द्र श्रीवास्तव, मुकेश भटनागर कायस्थ बंधु गिरीश श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली उत्सव की बधाई दी

# जम कर चढ़ा रंग पंचमी का रंग, खूब उड़ाया रंग गुलाल





दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

नगर में रंग पंचमी का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर परिषद जीरापुर द्वारा डीजे व आकर्षक झांकियों के साथ गैर निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

गैर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। डीजे पर बजते होली के गीतों पर युवक नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी की खुशियां साझा की। इस दौरान युवाओं में उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला। गैर में शामिल हुलियारों ने होली के रंग में सराबोर होकर उत्सव का आनंद लिया। युवाओं द्वारा उत्साह में एक-दूसरे के कपड़े फाड़ने की नई परंपरा भी देखने को मिली, जिससे माहौल और अधिक जोशीला बन गया।

नगर के मुख्य मार्गों से गुजरती हुई यह गैर अंत में बस स्टैंड पहुंचकर संपन्न हुई, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान नगर में रंग





पंचमी का उत्साह और उमंग देखने को मिला।

**तराना**

नगर में रंग पंजमी का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। साथ ही नगर में रंगा रंग गेर निकाली गई।गेर नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली।गेर में डीजे ढोल,ताशा पार्टी शामिल थी।बच्चों में भी रगों उत्सव का उत्साह देखा गया।वही गेर का स्वागत भी किया गया।नगर वासियो ने रंग पंचमी का त्योहार बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया और एक दूसरे को रंग लगाए।

**कानड़**

रंग पंचमी पर्व नगर में उत्साह और उमंग के साथ मनाया। सुबह से ही रंगपंचमी पर रंग और गुलाल उड़ाने का दौर शुरू हो गया ।रंग पंचमी पर पूरा नगर रंग और गुलाल से रंगा दिखा। नगर में अलग अलग टोली बनाकर युवक युवतियां सड़को पर निकले जो दिखा उसे पकड़ कर रंग लगाया ।जगह जगह चौराहों पर डीजे लगाकर युवाओं ने जमकर ठुमके लगाएं तो वही महिला एवं युवतीयाँ एवं छोटे-छोटे बच्चे भी अपनी टोलियो में रंग लगाने में और नाचने गाने में पीछे नहीं रहे। रंगपंचमी पर नगर में युवाओं के साथ ही नगर के जनप्रतिनिधि, महिलाओ युवतियो और बच्चो द्वारा पुरे नगर में घुम कर एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर होली उत्सव की बधाई दी ।पुरा नगर रंग गुलाल में रंग गया हर एक चहरा रंगों से रंगा हुआ नजर आया।

**मस्ती में मस्त होकर मनाया पर्व**

नगर में रंगपंचमी पर्व लोगों द्वारा अपनी अपनी मस्ती में मस्त होकर मनाया ।किसी ने अपने चेहरे पर मास्क पहना,तो कोई कपड़े फाड़कर ठीठोलिया कर रहा था ।वही नगर के जनप्रतिनिधि और युवक युवतियों की टोलियां भी प्रमुख मार्गो से होते हुए अपने अपने साथीयो को रंगने के लिए निकल पड़े ।रंग पंचमी पर बुजुर्ग युवा महिलाएं एवं बच्चे सब अपनी मस्ती में मस्त नजर आ रहे थे।

**पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद**

रंग पंचमी को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। सुरक्षा की द्रष्टि से नगर के प्रमुख चौराहों पर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह देवड़ा सहित पुलिस जवान मुस्तैद रहे।

**बड़नगर**

शहर सहित ग्रामीण अंचलो में 08 मार्च रविवार को रंग पंचमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर में पारंपरिक फाग यात्राएं, रंग-गुलाल और डीजे/ढोल के साथ फाग यात्राएं निकाली गईं, जिसमें युवा थिरकते नजर आए।

शहर के विभिन्न चौराहे पर पानी की बौछारों के बीच युवाओं ने जमकर नृत्य किया। फाग उत्सव में लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम और स्नेह का संदेश दिया, जिससे पूरा शहर रंगों से सराबोर दिखा। सुबह से ही लोग एक-दूसरे पर रंग डालते और गुलाल उड़ाते दिखे। पानी के टैंकरों और फव्वारों से पानी की बौछारों के बीच उत्सव मनाया गया।

**जगोटी**

रंगपंचमी का पर्व रविवार को जगोटी सहित क्षेत्र के गांवों में परंपरागत उल्लास के साथ मनाया गया, युवाओं व बच्चों में पर्व को लेकर अधिक उत्साह दिखाई दिया। अधिकांश जगहों पर सूखे रंगों व गुलाल से रंगपंचमी खेली गई। युवाओं के समूह अलग-अलग स्थानों पर एकत्र होकर रंग गुलाल लगा रहे थे। माहेश्वरी समाज के सदस्यों ने भगवान चारभुजा नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए रंगपंचमी पर्व मनाया।

# नारी शक्ति से ही परिवार, समाज और राष्ट्र सशक्त- नम्रता दीदी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिवाशीष भवन, जीरापुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में ह्लवंदे मातरम स्वर्णिम भारतह्व विषय पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल अर्चना राय, समता गुप्ता, पार्षद कुसुम टांक, शिक्षिका प्रिया पुष्पद तथा ज्योत्सना दांगी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर जीरापुर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी प्रकृति की एक अनमोल रचना है। वह एक ओर कोमल है तो दूसरी ओर शक्ति स्वरूपा भी है। शारीरिक दृष्टि से पुरुष अधिक बलशाली माना जाता है, इसलिए नारी को अबला कहा जाता है, परंतु शक्ति का संबोधन सदैव नारी के साथ ही जुड़ा हुआ है। देवी स्वरूप में शक्तियों की पूजा भी नारी रूप में ही की जाती है।

उन्होंने कहा कि व्यक्तित्व निर्माण से लेकर विश्व निर्माण तक महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिला शांति और समरसता की अग्रदूत है। ईश्वर ने उन्हें अनेक गुण और क्षमताएं वरदान स्वरूप प्रदान की हैं, जिन्हें जीवन में आगे लाना आवश्यक है। जब नारी सशक्त होती है तो परिवार, समाज और राष्ट्र भी सशक्त बनता है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी अतिथियों को ब्रह्माकुमारी नम्रता दीदी द्वारा ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कुमारी मुस्कान एवं कुमारी मीरा ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं फूलों की होली खेलकर फाग उत्सव धूमधाम से मनाया।

## श्रीचित्रगुप्त वंश उत्थान एवं समाज कल्याण समिति ब्यावरा की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में श्री चित्रगुप्त वंश उत्थान एवं समाज कल्याण समिति ब्यावरा के तत्वाधान में कायस्थ समाज बंधुओ ने भाई दूज के पावन पर्व पर धूमधाम से यम द्वितीया की पूजा अर्चना की इस अवसर पर श्री चित्रगुप्त वंश उत्थान एवं कल्याण कल्याण समिति ब्यावरा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें समाज के निर्विरोध नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक सक्सेना को चुना गया। समिति में सतीश सक्सेना और अतुल सक्सेना पटवारी को उपाध्यक्ष, प्रमोद खरे को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्याम निगम को कोषाध्यक्ष, संजय सक्सेना को सचिव, दिलीप भटनागर को सहसचिव, ललित श्रीवास्तव, नरेंद्र सक्सेना, नवीन सक्सेना और अविनाश सक्सेना, नितिन सक्सेना को भी सह-सचिव बनाया गया मार्गदर्शन में अशोक सक्सेना, देवेंद्र सक्सेना, कुलदीप सक्सेना, हरिप्रसाद निगम को बनाया गया। मुख्य मार्गदर्शन के लिए शिवचरण सक्सेना, केएन चित्रांशी, मुरली प्रसाद निगम, कैलाश नारायण सक्सेना, गोविंद प्रसाद सक्सेना को बनाया गया इसी प्रकार चित्रांश महिला समिति में श्रीमती संध्या सक्सेना को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया श्रीमती अनामिका सक्सेना उपाध्यक्ष, श्रीमती संगीता सक्सेना कोषाध्यक्ष, श्रीमती नेहा सक्सेना सचिव, श्रीमती अभिलाषा सक्सेना सचिव, श्रीमती प्रमिला भटनागर सह सचिव, श्रीमती निधि सक्सेना श्रीमती यशोवर्धनी सक्सेना, श्रीमती पिंकी सक्सेना को भी सह-सचिव बनाया गया। मार्गदर्शन में श्रीमती प्रमिला सक्सेना, श्रीमती निवेदिता श्रीवास्तव, श्रीमती कृष्णा निगम, श्रीमती कुसुम श्रीवास्तव, को बनाया गया है।

## रामजी के नाम से जाने वाले होटल व्यवसायी मदनलाल माली का निधन

**महिदपुर रोड।** बीस से अधिक वर्षों से नगर में नागदा मार्ग



पर कृषि उप मंडी के गेट पर कचोरी समोसे चाय पोहा मावा बाटी की दुकान लगाने वाले मदन लाल माली (पाड़ोलिया) का निधन हो गया निज निवास से निकली अंतिम यात्रा में उनकी रिश्तेदारों परिजनों तथा होटल व्यवसायियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की मुखाग्नि पुत्र बंटी तथा जगदीश ने संयुक्त रूप से दी।

## माहे रमजान की अहमियत

**उन्हेल।** रमजान महीने की सबसे ज्यादा अहमियत होती



है अल्लाह अपने बंदों को इस मुबारक महीने में बेपनाह बरकत और रहमत अदा करता है यह बात मुख्य शहर जमा मस्जिद सचिव सैयद राशिद अली,(लकी) ने माहे रमजान रोजे की अहमियत बताते हुए कहा का आज हम ऐसे दौर में है जहां इंसानियत दम तोड़ती नजर आ रही है ऐसे में मुकद्दस महीना रमजान इंसान को खुद की खामियां दूर कर नेक राह पर चलने का मौका देता है

## पुरानी रंजिश को लेकर एक ही परिवार के बीच खूनी संघर्ष



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा देहात थाना अंतर्गत ग्राम मोया में पुरानी रंजिश को लेकर एक ही परिवार के दो लोगों के बीच विवाद हो गया, उक्त विवाद में फरियादी रोड सिंह पिता रामलाल सेन 35 वर्ष की पीठ पर आरोपी श्याम सुंदर पिता सुरेश सेन 22 वर्ष ने धारदार हथियार चाकू से हमला कर दिया। देहात थाना पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंची और घायल व्यक्ति रोडसिंह को प्राथमिक उपचार हेतु तत्काल सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचाया जहां से गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय राजगढ़ रेफर किया जहां घायल व्यक्ति रोडसिंह जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा पुलिस ने उक्त प्रकरण में तीन लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में ले लिया पुलिस ने उक्त प्रकरण में आरोपी धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया जबकि मुख्य आरोपी श्याम सुंदर और उसकी मां मीना बाई फरार है जिनकी सरगर्मी से तलाश जारी है।

### ग्रामीण में बना मेला परिसर कोतूहल का माहौल

# शीतला सप्तमी के चार दिन पहले से मेला परिसर में तैयारी झूले चकरी के अलावा आधुनिक आयटम की दुकानें लगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां



शीतला सप्तमी पर आयोजित मेले के चार दिन पहले से मेला परिसर में मनोरंजन के साधन तन चुके हैं। मेला शुरूआत के साथ ग्रामीणों में कोतूहल का माहौल बना हुआ है।

ग्राम पंचायत के तत्वाधान में खरसौद कलां में 4 दिनी मेला आयोजित होता है। वर्तमान में व्यापारी अपने संसाधनों के साथ में चार दिन पहले से पहुंच चुके हैं । यहां तक की आकाश झूले चकरी ब्रेक डांस बच्चों की छूक छूक करती रेल भी तन चुकी हैं। तो कई मंदसौर , उज्जैन,धार, इंदौर,देवास यहां तक राजस्थान से पहुंचे मिक्की माउस एवं चक्करी, आधूनिक आयटम के खिलोने की दुकाने सजने से पहले ही बच्चों में आकर्षक केंद्र के साथ कोतुहल का माहोल बने हुए हैं। साथ में प्यारेलाल नाम का गधा भी मेला परिसर में पहुंच चुका है। खेल परिसर में ग्रामीणों की हरकत और रंगत के मामले में मालिक किशनसिंह पंवार पर की पढाई पर भूत भविष्य एवं वर्तमान के मामले में पोल खोलता है।

**ग्राम पंचायत ने मेला परिसर में लगाए कैमरे**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत ने मेला संचालन के लिए मेला समिति का गठन किया है । समिति ने इस मर्तबा समय से पहले दुकानदारो के पहुंचने से दुकाने आवंटित की है। मेला समिति ने व्यापारी की सुविधा के साथ सुरक्षा में मेला परिसर को केमरे की निगरानी में रखा है। जिसके लिए एक दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं।

अनहेल्दी लाइफस्टाइल और स्वास्थ्य की देखभाल ठीक से न करने के कारण अक्सर महिलाओं को शरीर में हार्मोन्स के असंतुलित होने की समस्या होती है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। इसके कारण महिलाओं को थकान होने, कमजोरी होने, चक्कर आने, मुड स्विंग्स, स्ट्रेस, गुस्सा, काम पर फोकस न कर पाने, हॉट फ्लैस, चिंता, नींद न आने, सिर में दर्द होने और वजन बढ़ने या कम होने जैसी स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं होती हैं, लेकिन क्या इसके कारण महिलाओं में माइग्रेन का दर्द भी बढ़ सकता है?



# क्या महिलाओं में हार्मोनल बदलाव माइग्रेन का दर्द बढ़ा सकते हैं?

## लाइफस्टाइल से बढ़ते हैं ट्रिगर्स

महिलाओं में हार्मोनल बदलाव माइग्रेन को बढ़ा सकते हैं। इसके कारण महिलाओं को स्वास्थ्य संबंध परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। दोनों ही समस्याएं लाइफस्टाइल से जुड़ी परेशानी के कारण होती हैं।

महिलाओं में माइग्रेन का हार्मोनल बदलाव और मॉडर्न लाइफस्टाइल के ट्रिगर्स के बीच के तालमेल से गहरा संबंध है। पीरियड्स, प्रेग्नेंसी या पेरिमेनोपॉज के दौरान एस्ट्रोजन लेवल में उतार-चढ़ाव से माइग्रेन होने का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही, लंबे समय तक स्क्रीन पर रहना, अनियमित नींद, खाना छोड़ना, डिहाइड्रेशन और वर्कप्लेस का तनाव जैसे फैक्टर्स भी इसके मजबूत ट्रिगर्स के तौर पर काम कर सकते हैं। ज्यादा महिलाओं के मुश्किल प्रोफेशनल रोल्स में शामिल होने और डिजिटल डिवाइस पर ज्यादा घंटे बिताने से, ये ट्रिगर्स आम होते जा रहे हैं।

₹माइग्रेन अक्सर हार्मोन और लाइफस्टाइल फैक्टर्स के बीच के इंटरेक्शन को दिखाता है, यही वजह है कि रोजाना की आदतों को मैनेज करना मेडिकल ट्रीटमेंट जितना ही जरूरी है। शुरूआती चेतावनी के संकेतों को पहचानना, रेगुलर नींद और खाने का पैटर्न बनाए रखना, स्क्रीन टाइम कम करना और तनाव को मैनेज करना माइग्रेन के एपिसोड्स की फ्रीक्वेंसी और गंभीरता को कम करने में काफी मदद कर सकता है।

### माइग्रेन के लक्षण

माइग्रेन की समस्या में महिलाओं को कई तरह की परेशानियां होती हैं, जो इसके शुरूआती लक्षण हो सकते हैं, जिनको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसके कारण महिलाओं को सिर के एक हिस्से में तेज दर्द होने, रोशनी या आवाज के प्रति सेंसिटिव होने, मतली, चक्कर या बहुत ज्यादा थकान जैसे लक्षण माइग्रेन की ओर इशारा कर सकते हैं। इन लक्षणों को समय से पहचानने से सही कदम उठाना आसान हो जाता है।



# कान में इंफेक्शन से बच्चे को सुनने की समस्या हो सकती

कई बार कान की साफ-सफाई का ध्यान न रखने या कई अन्य कारणों से बड़ों और बच्चों में कान में इंफेक्शन हो जाता है, जो बार-बार होता है। जिसके कारण बच्चों को कान में तेज दर्द होने, कान में मवाद आने, भारीपन होने, बुखार आने, कान में तेज खुजली होने, कान खींचना, कान में पानी आने और कान में भरा हुआ महसूस होने जैसी समस्याएं होती है। ऐसे में कई बार लोगों के मन में सवाल उठता है कि क्या बच्चे के कान में बार-बार इंफेक्शन होने से उनके सुनने की क्षमता पर भी असर पड़ता है?

माता-पिता अक्सर यह मान लेते हैं कि अगर बच्चा तेज आवाजों पर प्रतिक्रिया दे रहा है, तो उसकी सुनने की क्षमता सामान्य है, लेकिन बार-बार होने वाले संक्रमण से बच्चा कुछ खास 'फ्रीक्वेंसी' को नहीं सुन पाता, जो बोलने और भाषा के विकास के लिए भी जरूरी हैं।

कान में बार-बार इंफेक्शन होने पर बच्चे को कई तरह की परेशानियां होती हैं, जिसके कारण बच्चे के चिड़चिड़ापन होने, गुस्सा आने, नींद न आने की परेशानी होती है और कई बार दर्द के कारण रोने लगते हैं। ऐसे में बच्चे को कान के इंफेक्शन के कारण होने वाली इन परेशानियों को नजरअंदाज बिल्कुल न करें।

## कान में लक्विड जमा होना

कान में संक्रमण के दौरान बच्चे के मध्य कान में चिपचिपा तरल पदार्थ जमा हो जाता है। यह ध्वनि तरंगों को कान के अंदरूनी हिस्से तक पहुंचने से रोकता है। इसे कंडक्टिव हियरिंग लॉस कहा जाता है, जिसके कारण बच्चे को सुनने में परेशानी होती है। बच्चे के कान में बार-बार इंफेक्शन होने पर कान में खुजली होने, सूजन आने और दर्द होने जैसी समस्याएं हो सकती हैं, जिसके कारण बच्चे को सोने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# बार- बार वजन घटता- बढ़ता है? लाइफस्टाइल में करें ये 5 बदलाव



बार-बार वजन घटता-बढ़ता रहना, जिसे अक्सर वेट फ्लक्चुएशन कहा जाता है, आज की व्यस्त जीवनशैली की आम समस्या बन चुका है। कई लोग डाइटिंग से तेजी से वजन घटा लेते हैं, लेकिन कुछ ही महीनों में वजन फिर बढ़ जाता है। यह उतार-चढ़ाव सिर्फ दिखने भर की बात नहीं है, बल्कि मेटाबॉलिज्म, हार्मोनल संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकता है। लंबे समय तक ऐसा चलने पर शरीर की एनर्जी पर बुरा असर पड़ सकता है। अक्सर इसकी वजह बहुत सख्त डाइट, अनियमित खान-पान, नींद की कमी, स्ट्रेस और एक्सरसाइज का गलत तरीका हो सकता है। अच्छी बात यह है कि कुछ लाइफस्टाइल बदलावों को अपनाकर वजन को स्थिर रखा जा सकता है। इस लेख में हम आपको पांच ऐसे लाइफस्टाइल बदलावों के बारे में बताएंगे जिनकी मदद से वजन घटने-बढ़ने की समस्या को कम करने में मदद मलिती है।

## कैलोरी कंट्रोल करें-

कैलोरी कंट्रोल करने से उतार-चढ़ाव को कंट्रोल करने में मदद मलिती है। थाली में 60 प्रतिशत में सलाद और दही को शामलि करें और 40 प्रतिशत में होल ग्रेन्स और दाल को शामलि करें। प्रोटीन, फाइबर और हेल्दी फैट्स को डाइट में शामलि करें। क्रैश डाइट से बचें, इससे वेट लॉस में मदद मलिती है। वजन बार-बार घटता-बढ़ता है, तो उसका कारण खराब स्लीप हाइजीन हो सकती है। नींद की कमी से हंगर हार्मोन घ्रेलिन बढ़ सकता है, इससे भूख ज्यादा लगती है और वजन बढ़ सकता है।




# लक्ष्य फाइनल में फिर हारे

**बर्मिंघम।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन एक बार फिर ऑल इंग्लैंड खिताब हासिल करने से चूक गए। वह पुरुष एकल के फाइनल में लिन चुन यी से हार गए। लगातार गेम में हारे : लक्ष्य को रविवार को फाइनल में ताइवान के खिलाड़ी से 15-21, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। लिन के हाथों यह उनकी लगातार पांचवीं हार है और दूसरी बार वह इस टूनामेंट में उपविजेता रहे। वह 2022 में भी फाइनल में पहुंचे थे पर जीत नहीं सके। भारत के प्रकाश पादुकोण (1980) और पुलेला गोपीचंद (2001) ही ऑल इंग्लैंड ओपन पुरुष एकल खिताब जीत सके हैं। प्रकाश नाथ (1947) और साइना नेहवाल (2015) भी करीब पहुंचे थे पर उपविजेता रहे। रविवार को कोर्ट पर उतरने से पहले तक वह टूनामेंट में पांच घंटे और 16 मिनट कोर्ट पर बिता चुके थे जो लिन से डेढ़ घंटा अधिक था। इस थकान का असर भी उनके प्रदर्शन पर पड़ा।

## सचिन ने कहा- इनक्रेडिबल वर्क टीम इंडिया;

# धोनी बोले- कोच साहब, आप पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है, कोहली ने जीत को अद्भुत बताया

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारत की टी-20 वर्ल्ड कप जीत ने एमएस धोनी को भी सोशल मीडिया पोस्ट करने पर मजबूर कर दिया। पूर्व कप्तान धोनी ने चैंपियन टीम की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की और लिखा, अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। कोच साहब (गौतम गंभीर), आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है।

वहीं सचिन तेंदुलकर पूरे मैच के दौरान एक्स पर एक्टिव नजर आए। जीत के बाद उन्होंने कहा, टीम इंडिया ने इनक्रेडिबल वर्क किया। विराट कोहली बोले, अहमदाबाद में भारत ने अद्भुत जीत हासिल की।



भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल जीता। टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया और 3 साल में तीसरा क्ळउ टाइटल अपने नाम किया। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप भी तीसरी बार ही जीता है।

धोनी एमएस धोनी ने 21 महीने बाद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कोई फोटो शेयर की। उन्होंने लिखा, ₹अहमदाबाद में इतिहास रचा गया। टीम इंडिया, सपोर्ट स्टाफ और सभी फैंस को बधाइयां। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई।

कोच साहब (गौतम गंभीर) आपके चेहरे पर मुस्कुराहट अच्छी लगती है। मैच इंटेंसिटी के साथ आपकी स्माइल एक किलर कॉम्बिनेशन है। बेहतरीन प्रदर्शन, मजे कीजिए। बुमराह के बारे में कुछ न लिखूं तो ही अच्छा है। चैंपियन बॉलर।

धोनी ने इससे पहले 2024 में टीम इंडिया को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर ही सोशल मीडिया पर बधाई दी थी। इस बार तो वे सेमीफाइनल और फाइनल के दौरान स्टेडियम में भी मौजूद रहे।

**संजू ने स्मार्ट बैटिंग की-** सचिन तेंदुलकर फाइनल के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक्टिव नजर आए। उन्होंने संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और जसप्रीत की तारीफ की। संजू पर उन्होंने कहा, 'सैमसन बड़ी स्मार्ट बैटिंग कर रहे हैं, वे जानते हैं कि कहां अटैक करना है और कहां डिफेंड करना है। ईशान किशन ने भी बेहतरीन शॉट्स खेले।'

मैच के बाद तेंदुलकर बोले, ₹भारत और न्यूजीलैंड के बॉलर्स में यही अंतर रहा कि इंडिया ने स्लोअर गेंदें बहुत ज्यादा इस्तेमाल कीं। अहमदाबाद में शॉर्ट पिच गेंदें और वैरिएशन ही कारगर रहे। टी-20 वर्ल्ड कप लगातार 2 बार जीतना खास अहसास है। भारत इस ट्रॉफी को जीतना डिजर्व करता है।

भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, टीम ने स्पेशल ब्रांड का क्रिकेट खेला। बेहतरीन टीम इंडिया, जय हिंद। जीत के बाद सेलिब्रेशन के लिए मुंबई में नहीं हूं, लेकिन मेरे घर के बाहर लोगों के जश्न के वीडियो देख रहा हूं। बेहतरीन रात। बेहतरीन काम, टीम इंडिया।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की बड़ी जीत

एजेंसी ▸▸ पर्थ

ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने टेस्ट में फिर भारत पर अपनी बादशाहत साबित कर दी। उसने एकमात्र दिन-रात्रि मुकाबले के तीसरे दिन ही मेहमान टीम पर 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। शानदार विदाई : रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन का मामूली लक्ष्य बिना परेशानी बिना विकेट 28 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस तरह टीम ने कप्तान एलिसा हीली को शानदार विदाई दी भारतीय टीम सुबह अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एश्ले गार्डनर (दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।

# गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच बने, दो साल का कॉन्ट्रैक्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व साउथ अफ्रीकी ओपनर गैरी कर्स्टन श्रीलंका के नए हेड कोच होंगे। सोमवार को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इसका ऐलान किया। वे 15 अप्रैल 2026 से टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। कर्स्टन को दो साल के कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया है। वे सनथ जयसूर्या की जगह लेंगे, जिन्होंने हाल ही में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम के सुपर-8 से बाहर होने के बाद पद छोड़ दिया था।

श्रीलंका के साथ उनके दो साल के कार्यकाल में सबसे बड़ा टूर्नामेंट 2027 का वनडे वर्ल्ड कप होगा, जो दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा। टीम की कोशिश उस टूनामेंट के लिए सीधे क्वालिफाई करने की होगी।

गैरी कर्स्टन इससे पहले टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान नामीबिया टीम के कंसल्टेंट कोच भी रहे थे। खिलाड़ी के तौर पर उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए 101 टेस्ट और 185 वनडे खेले हैं। कोचिंग में भी कर्स्टन का अच्छा रिकॉर्ड रहा है। उनके मार्गदर्शन में भारत ने 2011 का वनडे वर्ल्ड कप जीता था। इसके बाद टीम ने टेस्ट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और रैंकिंग में नंबर-1 बना था। इसके बाद उन्होंने दो साल तक साउथ अफ्रीका की टीम को भी कोचिंग दी।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### घर के बाहर खड़े बच्चे के सिर पर टैंकर का पहिया चढ़ने से मौत

इंदौर के लसूड़िया इलाके में हुए एक हादसे में 8 साल के बच्चे की जान चली गई। घर के बाहर खड़े बच्चे को एक निजी टैंकर ने कुचल दिया। टैंकर का पहिया बच्चे के सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिवार का आरोप है कि हादसे के बाद उन्होंने टैंकर को रोकने की कोशिश की, लेकिन ड्राइवर वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस भी टैंकर और चालक को पकड़ नहीं पाई है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, हादसा सोमवार सुबह करीब 7 बजे निरंजनपुर बस्ती में हुआ। 8 साल का कार्तिक पिता बनवारी भांड घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान ये हादसा हुआ। सूचना मिलने पर एफआरवी मौके पर पहुंची और बच्चे के शव को एमवाय अस्पताल भेजा गया। परिजन का कहना है कि इलाके में कई निजी टैंकर चलते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। उन्होंने सुबह से ही पुलिस से टैंकर को पकड़ने की मांग की, लेकिन आरोप है कि मौके पर मौजूद एसआई मनोज हिरवे ने उन्हें ही डांट दिया। कार्तिक के पिता मजदूरी करने के साथ-साथ ढोलक बजाने का काम भी करते हैं। कार्तिक तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। परिवार मूल रूप से राजस्थान के झालावाड़ जिले के ग्राम जगपुरा (थाना बकानी) का रहने वाला है। करीब एक साल पहले काम की तलाश में इंदौर आया था और निरंजनपुर बस्ती में झोपड़ी बनाकर रह रहा था।

### पानी गर्म करते समय महिला की करंट लगने से मौत

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर क्षेत्र में रंगपंचमी के दिन एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। घटना रामानंद नगर की है, जहां रविवार दोपहर करीब 3 बजे छाया भावसार (35) पत्नी चींटू भावसार को बाथरूम में पानी गर्म करते समय इलेक्ट्रिक हीटर लगाते हुए करंट लग गया। परिजन उन्हें तुरंत निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार छाया भावसार रंगपंचमी पर परिवार और आसपास के लोगों के साथ रंग-गुलाल खेल रही थीं। इसके बाद वह नहाने के लिए बाथरूम में पानी गर्म करने के लिए इलेक्ट्रिक हीटर लगा रही थीं। इसी दौरान उन्हें तेज करंट लगा और वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। छाया की आवाज सुनकर बच्चे बाथरूम की ओर पहुंचे। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। छाया भावसार के परिवार में उनके दो बच्चे हैं। उनके पति चींटू भावसार इलेक्ट्रॉनिक की दुकान संचालित करते हैं। चंदन नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में शनिवार रात पैदल घर जा रहे ओकार (36) पुत्र मदनलाल अचानक सड़क पर गिर पड़े। उन्हें उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ओकार ज्वेलरी के बॉक्स बनाने का काम करता था। परिवार में उसका एक भाई कन्हैयालाल है। उसकी पत्नी से काफी समय पहले तलाक हो चुका था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### रंग लगाने की बात पर दो पक्ष आपस में भिड़े, दो युवकों पर चाकू-पत्थरों से हमला

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम थाना क्षेत्र में रंग लगाने की बात को लेकर रविवार को दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष के लोग घर से चाकू ले आए और दो युवकों पर चाकू और पत्थरों से हमला कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार नगीन नगर निवासी सोहन तरेटिया और सोनू की शिकायत पर शुभम पुत्र अमरसिंह, उसकी पत्नी रितिका, दोस्त देवेंद्र विश्वकर्मा और अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। बताया गया है कि रंगपंचमी के दौरान रंग लगाने की बात पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई थी। कुछ ही देर में विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद आरोपी पक्ष के लोग घर से हथियार लेकर आए और सड़क पर ही दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### नाबालिग ने दौड़ाई कार, खंभे को टक्कर मार बस से टकराई, मौके पर मौत

**इंदौर।** खुड़ैल क्षेत्र में एक नाबालिग ने तेज रफ्तार में कार दौड़ाई। ब्रेक लगाया तो कार अनियंत्रित होकर 4 पलटी खाते हुए दो सिग्नलों को टक्कर मारते हुए पार्किंग में खड़ी बस से टकरा गई। हादसे में कार चालक नाबालिग चलती कार से बाहर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार हादसा शनिवार सुबह करीब 11 बजे खुड़ैल थाना क्षेत्र में इंडेक्स कॉलेज के सामने हुआ। मृतक की पहचान सुशांत (17) पिता अजय चौहान निवासी विनायक टाउनशिप, देवगुराड़िया के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि सुशांत का दोस्त अपने जीजा की कार मांगकर लाया था। परिजन ने बताया कि वे घटनास्थल पहुंचे। वहां पास के ढाबे वालों ने बताया कि कार की स्पीड बहुत ज्यादा थी। जैसे ही बच्चों ने ब्रेक लगाया, कार अनियंत्रित होकर मिट्टी के ढेर से उछलकर 3-4 पलटियां खाते हुए दो खंभों से टकराई, इसके बाद भी वह नहीं रुकी और फिर बस से टकरा गई। सुशांत के परिजन ने बताया कि शनिवार को उसका 15 साल का दोस्त अपने जीजा की कार मांगकर लाया था। उसने बाहर से सुशांत को फोन लगाया और फिर वे इंडेक्स कॉलेज की तरफ निकले। दोपहर 1.30 बजे घटना के वीडियो वायरल होने पर हादसे के बारे में पता चला।

**पति के सामने पत्नी की मौत :** इधर, खुड़ैल थाना इलाके में स्थित दूधिया के पास भी एक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। पति रामसिंह ने बताया कि वह पत्नी सीमा (40) को बाइक से लेकर जा रहे थे। तभी बाइक किसी वाहन से टकराकर असंतुलित हुई और गिर गई। इस दौरान पत्नी के ऊपर से ट्रक का पहिया निकल गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### महिला कर्मचारी ने गोल्ड कंपनी मालिक पर लगाए गंभीर आरोप

**इंदौर।** इंदौर के तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक गोल्ड कंपनी में काम करने वाली महिला सेल्समैन ने कंपनी के मालिक और उसके भाई पर मानसिक प्रताड़ना, हेरासमेंट और झूठे केस में फंसाने के आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि उसने करीब 20 दिन पहले ही इस संबंध में छत्रीपुरा थाने में शिकायत की थी, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। दरअसल तुकोगंज पुलिस ने रजत माहेश्वरी की शिकायत पर उनकी कंपनी में सेल्समैन महिला के खिलाफ करीब 60 लाख रुपए के सोने की हेराफेरी का मामला दर्ज किया है। अब इस मामले में महिला सामने आई है और उसने रजत माहेश्वरी व उसके भाई सौरभ माहेश्वरी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्वेलर ने एक दिन पहले ही महिला के खिलाफ 60 लाख के आभूषण गायब करने की एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि उसने 17 फरवरी को ही छत्रीपुरा थाने में दोनों के खिलाफ लिखित शिकायत दी थी, जिसमें मानसिक प्रताड़ना और हेरासमेंट की बात कही थी, लेकिन उसके अनुसार कुछ भाजपा नेताओं के दबाव में उसकी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। पीड़िता के मुताबिक वह वर्ष 2018 में रजत ज्वेलर्स के सिटी सेंटर स्थित शोरूम में मार्केटिंग सेल्स के पद पर काम करने लगी थी। यहां ज्वेलरी बेचने पर कमीशन दिया जाता था, लेकिन पिछले दो वर्षों से उसे करीब साढ़े सात लाख रुपए का कमीशन नहीं दिया गया। कई बार तकादा करने पर रजत के भाई सौरभ ने बाजार में मंदी और नुकसान का हवाला दिया। महिला ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि सौरभ ने उसे फार्म हाउस चलने का प्रस्ताव दिया और अक्टूबर 2025 से लगातार उस पर दबाव बना रहा था। महिला के अनुसार उसने इन बातों को नजरअंदाज किया, लेकिन मौका मिलने पर सौरभ ने ऑफिस में उसके साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। विरोध करने के बावजूद उसकी हरकतें जारी रहीं। पीड़िता ने बताया कि 16 फरवरी की रात रजत और सौरभ नशे की हालत में उसके भक्त प्रहलाद नगर स्थित घर पहुंचे और उसे साथ चलने के लिए कहा। महिला के अनुसार दोनों ने धमकी दी कि अगर वह साथ नहीं चली तो उसे जान से मार देंगे और झूठे चोरी के मामले में फंसा देंगे। उस समय उसके पति बाहर आ गए और उन्होंने सुबह ऑफिस में बात करने को कहा।

ग्वालियर के हनी ट्रैप रैकेट के तार इंदौर से भी जुड़े, राजस्थान के कारोबारी से लूटे थे 12 लाख के गहने

# फेसबुक पर हेलो से कहानी शुरू, ब्लैकमेलिंग पर खत्म

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

ग्वालियर में राजस्थान के ऑटो पार्ट्स कारोबारी से कट्टे की नोक पर 12 लाख रुपए के गहने लूटने की घटना की जब पुलिस ने गंभीरता से जांच की और सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो मामला हनी ट्रैप का निकला।

गैंग के तार अब इंदौर से भी जुड़ गए हैं। कारोबारी की दोस्ती फेसबुक पर इंदौर की एक महिला से हुई थी। महिला ने उसे ग्वालियर की हनी ट्रैप गैंग की मास्टरमाइंड रीता का मोबाइल नंबर दिया। इसके बाद रीता ने कारोबारी को मिलने के लिए बुला लिया। गैंग में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। ये लोग फेसबुक पर सबसे पहले कारोबारियों को हैलो का मैसेज भेजती हैं। इसके बाद धीरे-धीरे



बातचीत बढ़ाकर उनसे एडल्ट चैट करने लगती हैं। जब कारोबारी पूरी तरह इनके जाल में फंस जाता है तो उसे फ्लैट पर मिलने के लिए बुलाया जाता है। हैलो से शुरू हुई बातचीत गांधी नगर के एक फ्लैट के कमरे तक पहुंचती है। इसके बाद हनी ट्रैप गैंग की ब्लैकमेलिंग का खेल शुरू होता है। आरोपी व्यापारी के पास मौजूद नकदी और गहने लूट लेते हैं। 5 मार्च को गैंग ने राजस्थान के एक कारोबारी को हनी ट्रैप कर लूट लिया था। उसकी शिकायत पर अगले दिन शुक्रवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, उनसे पूछताछ जारी है।

#### फेसबुक पर दोस्ती कर बनाते थे शिकार

- हनी ट्रैप गैंग की मास्टरमाइंड रीता के मोबाइल से कई व्यापारियों के नंबर मिले हैं। इनमें से एक व्यापारी ने अपने साथ वारदात होना स्वीकार किया, लेकिन उसने शिकायत करने से इनकार कर दिया।
- पकड़ी गई महिला रीता और निधि अधेड़ उम्र के कारोबारी, व्यापारियों और युवकों को फेसबुक पर हेलो-हाय भेजकर दोस्ती करती थीं। इसके बाद मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान कर वॉट्सऐप पर बातचीत शुरू करतीं और उनकी आर्थिक स्थिति का अंदाजा लगाती थीं। सामने वाला मालदार होने पर ही वे आगे संपर्क बढ़ाती थीं। फेसबुक पर हैलो से शुरू हुई कहानी गांधी नगर के फ्लैट के बेडरूम तक पहुंचती थी। इसके बाद दुष्कर्म का आरोप लगाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया जाता था। बदनामी और शर्म के डर से ज्यादातर लोग इनकी शिकायत तक नहीं करते थे।

## युवकों ने खुलेआम किया हथियारों का प्रदर्शन, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के बाणगंगा में रहने वाले तीन युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में युवक तलवार और चाकू के साथ नाचते नजर आ रहे हैं। क्राइम ब्रांच और बाणगंगा थाने की पुलिस अब हथियार लहराकर नाचने वालों की जानकारी जुटा रही है। बाणगंगा इलाके के गोविंद नगर खारचा के युवकों का यह वीडियो बताया जा रहा है। वीडियो में अतुल ठाकुर और उसके दो साथी गाने पर नाच रहे हैं। इसमें अतुल और उसके दोनों साथियों के हाथ में तलवार और चाकू हैं। उन्होंने इसे इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड किया है। आरोपी खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। क्राइम ब्रांच को वीडियो की जानकारी मिल गई है। इस मामले में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया हथियार लहराने वाले युवकों की जानकारी निकलवा रहे हैं।

## उप्र का इन्फ्लुएंसर जतिन मिश्रा इंदौर क्राइम ब्रांच में पेश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के सांसद शंकर लालवानी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में उत्तर प्रदेश के इन्फ्लुएंसर जतिन मिश्रा सोमवार को क्राइम ब्रांच कार्यालय पहुंचे। पुलिस द्वारा जारी नोटिस के बाद वे इंदौर आए और एडिशनल डीसीपी सहित अन्य अधिकारियों के सामने पेश होकर अपना पक्ष रखा। इस दौरान पुलिस ने उनसे पूरे मामले को लेकर पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। जतिन ने भागीरथपुरा में गंदे पानी के मामले को लेकर एक वीडियो बनाया था।

जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पहले जतिन मिश्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें इंदौर के सांसद को लेकर टिप्पणी की गई थी। वीडियो सामने आने के बाद इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया था। मामले में सांसद के प्रतिनिधि ने पुलिस से शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि वीडियो में की गई टिप्पणी आपत्तिजनक है और इससे जनभावनाएं आहत हुई हैं।

**क्राइम ब्रांच ने जारी किया था नोटिस-** शिकायत मिलने के बाद इंदौर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी थी। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस ने यूट्यूबर जतिन मिश्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया और क्राइम ब्रांच की ओर से उन्हें नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था।

## डिजिटल मार्केटिंग की सेल्स मैनेजर से रेप

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में एक निजी कंपनी में डिजिटल मार्केटिंग में सेल्स मैनेजर के पद पर काम करने वाली युवती से रेप का मामला सामने आया है। युवती ने शनिवार को हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों के साथ महिला थाने पहुंचकर बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के नेता के बेटे पर रेप और धर्म परिवर्तन को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। हिंदू जागरण मंच के कन्नू मिश्रा अपने संगठन के लोगों के साथ 22 वर्षीय युवती को लेकर शनिवार को महिला थाने पहुंचे थे। युवती की शिकायत पर पुलिस ने फरहान पुत्र शफुद्दीन शेख, निवासी बुढ़ानिया के खिलाफ रेप और धर्म परिवर्तन के मामले में एफआईआर दर्ज की है। फरहान के पिता हातोद में अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी हैं। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी से उसकी पहचान 28 अक्टूबर 2025 को विजय नगर के एक कैफे में हुई थी। यहां दोनों ने एक-दूसरे से परिचय के बाद मोबाइल नंबर एक्सचेंज किए। इसके बाद दोनों के बीच व्हाट्सऐप चैटिंग के जरिए बातचीत होती रही।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समयः सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रैन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com